e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 15

रविवार

15.01.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

खुशी और प्रेम निष्ठा के सह उत्पाद है, कोई काम करे तो पूरी निष्ठा के साथ करे, अन्यथा उसे छोड़ दे।

असर्फी चिल्ड्रन हॉस्पीटल
A unit of Asarfi Hospital
आधुनिक उपकरणों से लेस 50 बेड Neonatal ICU के साथ अनुभवी शिशु रोग विशेषज्ञ की 24 घंटे उपलब्धता
www.asarfihospital.com
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे
07808368888

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

## क्विक न्यूज

### गार्ड ऑफ ऑनर के साथ शरद यादव का हुआ अंतिम संस्कार

**नई दिल्ली :** पूर्व केंद्रीय मंत्री और जेडीयू के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। नर्मदापुरम जिले के माखननगर में स्थित उनके पैतृक गांव आंखमऊ में शनिवार को उनका अंतिम संस्कार में किया गया। शरद यादव को उनकी बेटी शुभांगिनी और बेटे शांतनु ने मुखाग्नि दी। इससे पहले उन्हें पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।दिल्ली से चार्टर्ड विमान के जरिए शरद यादव के पार्थिव देह को भोपाल लाया गया, जहां मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने श्रद्धांजलि दी।

# तीन मार्च को पेश होगा बजट : रामेश्वर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य की हेमंत सरकार 3 मार्च को वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट पेश करेगी। बताया जाता है कि इस बार का बजट आमलोगों से जुड़ा होगा। हालांकि, बजट बनाने के लिए सरकार ने आम नागरिकों से भी सुझाव मांगा है। नए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बजट बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। जानकारी के मुताबिक बजट पर 2024 में होने वाले चुनाव की झलक देखने को मिलेगी। गरीबी हटाने और बेरोजगारी को कम करने के लिए सरकार बजट में कई प्रावधान करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने बजट पोर्टल और मोबाइल ऐप का पिछले दिनों उद्घाटन कर झारखंड के आम नागरिकों से बजट 2023-24 से संबंधित सुझाव मांगा है। वित्त विभाग के द्वारा ऑनलाइन मांगे गए सुझाव के बाद 25 जनवरी को समाज के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ सीधा संवाद आयोजित कर सरकार बजट से संबंधित सुझाव लेने का काम करेगी। इसके अलावे बजट को लेकर



सभी विभागों से प्रस्ताव मांगा गया है।इस संबंध में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि इस बार का बजट आम लोगों से जुड़ा हुआ बजट रहेगा, जिसमें गरीबी दूर करने और बेरोजगारी को कम करने पर विशेष रूप से फोकस होगा। इसको लेकर आम लोगों से मिले सुझाव पर सरकार विचार करेगी। नए बजट के केंद्र में आम आदमी होगा। झारखंड में गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ापन अधिक है। इसे दूर करने के लिए बजट में यथासंभव प्रावधान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में बड़े पैमाने पर लोग खेती-बाड़ी पर निर्भर हैं। यही वजह है कि सरकार का फोकस इस बार कृषि और पैदावार को बढ़ाने को लेकर है। कृषि से सिर्फ लोगों का पेट नहीं भरता, बल्कि बड़ी संख्या में रोजगार का भी सृजन होता है। इन्हीं कारणों से सरकार इस साल अपने बजट में कृषि क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की तैयारी में है। इस वर्ष बजट आकार 10 से 12 प्रतिशत ज्यादा होने की संभावना है।

> **इस संबंध में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि इस बार का बजट आम लोगों से जुड़ा हुआ बजट रहेगा, जिसमें गरीबी दूर करने और बेरोजगारी को कम करने पर विशेष रूप से फोकस होगा। इसको लेकर आम लोगों से मिले सुझाव पर सरकार विचार करेगी। नए बजट के केंद्र में आम आदमी होगा। झारखंड में गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ापन अधिक है। इसे दूर करने के लिए बजट में यथासंभव प्रावधान किए जाएंगे।**

# मुख्यमंत्री ने प्रकृति परब टुसू और मकर संक्रांति की दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शनिवार को प्रकृति परब टुसू की सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि प्रकृति की उपासना और नारी शक्ति के स्वाभिमान का त्योहार टुसू परब आप सभी को सुख, समृद्धि और स्वस्थ जीवन प्रदान करे।



### सीएम ने मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शनिवार को राज्यवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख- समृद्धि, खुशहाली, शांति, उन्नति और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है।

# स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव से लेकर निदेशक तक करेंगे शिक्षा कार्यालयों का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के सरकारी स्कूलों के बाद अब विभाग ने शिक्षा कार्यालयों में हो रही गतिविधियों पर रिपोर्ट तैयार करेगा। इसको लेकर कार्यवाही शुरू कर दी गयी है। चार लोगों की टीम बनायी गयी है। टीम में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के अलावा प्राथमिक, माध्यमिक शिक्षा व राज्य परियोजना निदेशक को शामिल किया गया है। टीम सभी प्रमंडलीय और क्षेत्रीय कार्यालयों के अलावा सभी जिला व प्रखंड कार्यालयों की निरीक्षण करेंगे। सभी पदाधिकारियों को निरीक्षण करने वाले कार्यालय आवंटित कर दिए गये हैं। कई तरह के दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं।

आदेश में कहा गया है कि विभाग के अंतर्गत सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालयों एवं शिक्षा विभाग के तहत संलग्न अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन कार्यालयों द्वारा संपादित किये जाते हैं। इसका निरीक्षण लोकहित एवं कार्यहित में नितांत आवश्यक है। संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों के निरीक्षण व पर्यवेक्षण के लिये निरीक्षण प्रपत्र भी जारी किया गया है।

आदेश में कहा गया है कि निरीक्षण की तिथि से 10 दिन पूर्व कार्यालय प्रभारी को प्रपत्र उपलब्ध करा दिया जायेगा।




## केतार के भगवान घाटी में 30 शहीद बनिहारो को दिया गया श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड क्षेत्र के भगवान घाटी में शनिवार को 13 वीं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नौजवान संघर्ष मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही के पिता के निधन पर संक्षिप्त कार्यक्रम कर शहीद बनिहार को श्रद्धांजलि दी गई। उक्त कार्यकर्ताओं ने बनिहार बेदी पर पुष्प अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया। उसके बाद शहीद बनिहारों के परिजनों को अंग वस्त्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर भाजपा के एससी जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, मण्डल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, जिला पार्षद सदस्य ज्वाला प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि विक्रमा सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा राज्यपाल के नाम 17 सूत्रीय मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ को सौंपा। इस अवसर पर भाजपा नेता सह जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने कहा कि इस बार पूर्व मंत्री सह विधायक के पिता के निधन के चलते इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक शामिल नहीं हो सके जिससे संक्षिप्त कार्यक्रम रखा गया है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए इस दुख की घड़ी में भी प्रखंड क्षेत्र के गरीब असहाय वृद्ध लोगो के साथ सामाजिक पार्टी नौजवान संघर्ष मोर्चा एवं भाजपा शहीद बनीहारो के साथ श्रद्धांजलि सभा मना रही है। बता दें कि 14 जनवरी 2010 को बिहार से धान काट कर लौट रहे ट्रक मे सवार बनिहार की गाड़ी भगवान घाटी में पलट गया था। जिसमें 30 बनिहारो की घटनास्थल पर ही मौत हो गया था। जिसके कारण प्रत्येक वर्ष सामाजिक संगठन नौजवान संघर्ष मोर्चा के द्वारा शहीद बनिहार के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर जिला कार्यसमिति सदस्य मनोज पहाड़िया, मंडल अध्यक्ष खरौंधी संध्याकर विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि खरौंधी उपेंद्र दास, मुखिया प्रतिनिधि कलेंडर पासवान, मनोज फौजी, उपेंद्र बैठा, रविंद्र सोनी, सीताराम जायसवाल, अनिल चौबे, विक्रमा सिंह, नंदकिशोर प्रसाद, शिव भरोस सिंह, राम कुमार राम, धीरेंद्र शुक्ला, बीरबल मेहता, कुंडल सिंह, उमेश सिंह, राजकुमार कुमार राम,सोनू कुमार सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## गोली चलाने वाला अभियुक्त गया जेल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** बीती रात चैनपुर शराब दुकान के सामने पर गोली चालन में दो अभियुक्त को भेजा गया जेल। हसन अली और विनय अग्रवाल नामक दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि शराब का दाम मूल्य से अधिक मांगने के एवज में गोली चला दी गई। रिमांड के दौरान पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त खाली खोखा और मिस फायर कारतूस प्रतीत होता बरामद किया आज दोनो को अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इसी मामले में तीन अन्य आरोपी फरार है। कुल पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। चैनपुर के थाना के प्राथमिकी का न 15/2023 से दर्ज की गई है।

## दगवार सूर्यमंदिर मेला का भजपा नेता बिनोद कुमार सिंह ने किया उद्घाटन



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह ने श्री श्री सूर्य मंदिर मेला दंगवार का ऊद्धघाटन फ़ीता काट कर और दीपप्रज्वलित कर के किया।श्री सिंह ने लोगों से कहा की ऐसा मेला मकर संक्रांति को पूरे पलामू कमिश्नरी में नहीं लगता है यह दंगवार एवम आस पास के क्षेत्रों के लोगो के लिये गर्व की बात है। श्री सिंह ने सूर्य मंदिर मेला कमिटी को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोग लगातार 45 वर्षों से आयोजन करते आ रहे है यह एक बहुत बडी बात है। मौक़े पे हुसैनाबाद थाना प्रभारी सौरव कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा, मुखिया अमरेन्द्र ठाकुर, लखन यादव, श्रवण राम, उपेन्द्र मेहता, प्रशान्त सिंह, कमिटी के अध्यक्ष वकील सिंह सचिव संतोष राम, उपाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता, संतोष सिंह, मनोज गुप्ता, विवेक कुमार, कमलेश कुमार, गोविंद कुमार सिंह, दिलीप चौधरी इत्यादि शामिल थे।

## चार दिन बाद गांव पहुंचा प्रवासी मजदूर का शव, गांव में शोक



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के अररूआ खुर्द पंचायत के बिशुनपुर गांव निवासी नथुनी सिंह के 45 वर्षीय गणेश सिंह का शव शनिवार को देर शाम गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही स्वजनों के चित्कार से पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। वहीं प्रवासी मजदूर के मौत से उसके वयोवृद्ध माता- पिता तथा पत्नी सरीता देवी नाबालिग पुत्र प्रिंस कुमार व प्रभात कुमार का सहारा छिन गया। वह अपने घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। मालूम हो कि मृतक मुंबई के कोपरखैरने स्थित एक कंपनी में मजदूरी का कार्य करता था। इस बीच चार दिन पूर्व कार्य के दौरान उसे पेट दर्द की शिकायत पर साथी कामगारों ने उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद समाजसेवी सह मुखिया पति अरविंद पासवान ने पहुंचकर मृतक के परिवारजनों को सांत्वना दी और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। मौके पर अरविंद पाण्डेय अशोक सिंह बबलू सिंह प्रसिद्ध सिंह सरोज ठाकुर चन्द्रशेखर सिंह कृष्णा ठाकुर अखिलेश सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। घटना के बाद पूरे गांव में शोक व्याप्त है।

## मंकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मेला एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**➲डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा मंदिर निर्माण हेतु विधायक मद से दिया जाएगा एक लाख रुपए तक की राशि**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत नेवरी- पोखरि में शनिवार के दिन मेला एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्याअतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी एंव विशिष्ट अतिथि बिश्रामपुर विधान सभा प्रत्यासी अभिमन्यु सिंह ने सामुहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर एंव फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुवात की। कार्यक्रम का संचालन रमेश ठाकुर के द्वारा किया गया.ईस कार्यक्रम में बिहार से चलकर आए व्यास सिकेन्द्र लहरी एंव झारखण्ड से सुप्रसिद्ध व्यास सुरेंद्र साहनी ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों को मन मुग्ध कर दिया. वहीं नवयुवक कमिटी नेउरी-पोखरि के सदस्यों द्वारा मंदिर निर्माण की मांग पर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने बिधायक मद से एक लाख रुपय बहुत जल्द दिलवाने की बात कही। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह, सिलदिली मुखिया प्रतिनिधि बालमुकुंद पासवान, रत्नाग मुखिया शशि भूषण पाल, उप मुखिया धनंजय गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य प्रवेश साव उर्फ ठेघु भाई, करमडीह निवासी उपेंद्र सिंह, महेंद्र प्रसाद साहू, कमिटी के अध्यक्ष बिपिन चौधरी, कोषाअध्यक्ष बलराम प्रजापती, सचिव शिव पासवान, संचालक हरीश चंद्र चौधरी, चंदन, पप्पू, राजद प्रखंड अध्यक्ष भीम बाबू, रबिन्द्र पासवान, शिक्षक सत्यनरायन सिंह के साथ अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी के चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय पर शरद यादव के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा का शुभारंभ स्व0 शरद यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया.श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुये पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केसरी ने कहा कि विगत 12 जनवरी 2023 को 75 वर्ष की उम्र में शरद यादव का स्वर्गवास हो गया. समाजवादी राजनीति के बड़े खेमे के रूप में शरद यादव का इस दुनिया से चला जाना पूरे भारतवर्ष के लिए बहुत बड़ा क्षति है.वे सात बार लोकसभा व तीन बार राज्यसभा का प्रतिनिधित्व कर देश की सेवा किये हैं. ये तीन राज्यो से चुनाव लड़े व जीते जो इनके मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यवहार का परिचय दर्शाता है। श्री केसरी ने कहा कि समाजवादी विचारधारा के होते हुये भी सभी दलों के लोगो से मिल जुलकर कार्य करते थे। वे विपक्ष की बड़ी धुरी होते हुये भी उन्हें बड़बोलापन या किसी की आलोचना करना कभी नही आता था। शरद यादव अच्छे वक्ता होते हुये भी कटु बोलना, अधिक शोर शराबा करना इन्हें नही आता था। वे अपने चुनाव क्षेत्र में सरकारी संस्थानों का उपयोग कभी नही करते थे। वे 45 वर्ष तक केंद्रीय राजनीति से जुड़े रहे तथा कैबिनेट मंत्री रहते हुये भी ज्यादा समय संगठन में भी देते थे.1974 में वे जबलपुर लोकसभा क्षेत्र से उपचुनाव जीते। इतनी लंबी राजनीतिक जीवन में इनके दामन में एक भी धब्बा नही लगा। आज वे इस दुनिया में नही है, किंतु विपक्ष के बड़े नेताओं के मंच पर हाथ उठाना होगा तब शरद यादव की कमी अधिक सतायेगा. देश ने एक बड़े नेता को खो दिया.अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार जनतांत्रिक गठबंधन में वे मंत्री रहे,जिनके रगों में समाजवादी सियासत बहती थी। श्रद्धांजलि सभा मे सीताराम जायसवाल, मथुरा पासवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, नंदकिशोर प्रसाद, रामेश्वर राम, हीरा प्रसाद, सलीम अंसारी, सोबराती खां, बबलू जायसवाल, रमेश प्रसाद, अरुण कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर चैनपुर बाजार बंद



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर मेन बाजार में बीती रात अज्ञात अपराधियों द्वारा दो चचेरे भाइयों को गोली मार दी थी। जिसके विरोध में आक्रोशित लोगों ने चैनपुर बाजार को शनिवार को बंद करा दिया है। चैनपुर बाजार बंद होने के साथ-साथ लोग नारेबाजी करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।हालांकि चैनपुर पुलिस स्थानीय लोगों को भरोसा दिला रही है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार बंद करवा रहे लोगों का कहना है कि पुलिस प्रशासन आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें. आज 10 रुपया के चलते गोली चली है, कल कुछ भी हो सकता है. स्थिति को देखते हुए चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पुलिस बल की तैनाती कर दी है और लोगों को समझाने बुझाने की कोशिश कर रही है।जिला मुख्यालय से सटे चैनपुर बाजार क्षेत्र में शुक्रवार की शाम शराब की बोतल पर प्रिंट रेट से 10 रुपये अधिक मांगने को लेकर हुए विवाद में ताबड़तोड़ 7 राउंड गोलियां चली थी, जिसमें दो चचेरे भाइयों को गोली लगी है, जिन्हें घायल अवस्था में इलाज के लिए मेदिनीनगर स्थित एमआरएमसीएच लाया गया था, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक की स्थिति को गंभीर देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है, जबकि दूसरे का इलाज शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है. निजी अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि जख्मी के सिर से गोली निकाल दी गई है. फिलहाल वह खतरे से बाहर है, लेकिन 48 घंटे बाद इस संबंध में ठोस जानकारी दी जाएगी।बता दें कि इस घटना में घायलों की पहचान रंजीत आर्य और राजू आर्य के रूप में हुई है, इसमें रंजीत के पेट के हिस्से में 2 गोली लगी है जबकि राजू के सिर में एक गोली लगी है यह घटना चैनपुर बाजार क्षेत्र के महावीर मंदिर के पास स्थित शराब दुकान की है।

## पांडू थाना प्रभारी ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू थाना के समीप शनिवार के दिन सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान का नेतृत्व कर रहे थाना प्रभारी पवन कुमार ने मोटरसाइकिल चालकों का हेलमेट, ड्राइवरी लाइसेंस, इंश्योरेंस, आरसी बुक, आदि की जांच की। जांच के क्रम में लगभग 60 गाड़ियों की जांच की गई जिसमें बिना हेलमेट एवं बिना सही कागजात के पाए गए 25 गाड़ियों का चालान कर दिया गया, शेष बचे सही कागजात एवं हेलमेट लगाकर चलाने वाले मोटरसाइकिल चालकों को शाबाशी देते हुए छोड़ दी गई. थाना प्रभारी ने कहा नित्य दिन पांडू प्रखंड क्षेत्र में कहीं ना कहीं वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। घर से निकलते वक्त मोटरसाइकिल चालक हेलमेट एवं सभी कागजात को अपने साथ रख ले अन्यथा पकड़े जाने पर तत्काल चालान कर दिया जाएगा।

## पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा बांसगुरु : डॉ. शशिभूषण मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मकर संक्रांति के अवसर पर पलामू जिले के तरहसी प्रखंड के सोनपुरा स्थित बांसगुरु शिव मंदिर कमेटी के द्वारा मेला का आयोजन किया गया। मेले में मशहूर कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ मेहता ने कहा कि मेला भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। मकर संक्रांति के अवसर पर पांकी विधानसभा क्षेत्र में कई जगह पर मेला का आयोजन हुआ है। मेले में सगे संबंधित को मिलने का अवसर प्रदान होता है। आज के दिन स्नान करने का बड़ा महत्व है। विधायक डॉ मेहता ने मेला आयोजन समिति को बधाई दी। विधायक डॉ मेहता ने मौके पर कहा कि बांसगुरु का झरना प्रकृति की गोद में बसा हुआ है। यहां का विशेषता है कि झरने में स्नान करने वाले लोगों का चर्म रोग ठीक हो जाता है। उन्होंने कहा कि इसे शुद्धीकरण के साथ-साथ बांसगुरु झरना को पर्यटक के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। यहां शिव मंदिर है। मकर सक्रांति का अवसर पर झरने में स्नान करते हैं और शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर अपने मन्नत मांगते हैं। जो सच्चे दिल से मन्नत मांगते हैं, उन्हें बाबा भोलेनाथ उनके मन्नत को पूरा करते हैं। विधायक डॉ मेहता ने पूजा कमेटी के लोगों से आग्रह किया है कि मंदिर प्रांगण का जो भी जमीन हैं, उसे नापी कर निकालने का प्रयास करें। ताकि इसे सुंदरीकरण करते हुए पर्यटक के रूप में विकसित किया जा सके। मौके पर बांसगुरु शिव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष संजय कुमार, सचिव गिरेंद्र प्रभाकर, उप सचिव शशिभूषण पासवान, कोषाध्यक्ष विपिन बिहारी प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष डॉ रंजीत महतो, संस्थापक परमेश्वर साव, संयोजक अजय कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी प्रवेश कुमार, जिला परिषद रूपवंती देवी, सोनपुरा पंचायत के मुखिया पति मृत्युंजय सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

**संस्थान अपने सामाजिक दायित्व का करते रही है निर्वहन : एचआर**

## बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट की ओर से किया गया कंबल का वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** रेहला बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति शनिवार को मकर संक्रांति के अवसर पर गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच बेलचंपा व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र के प्रांगण में 500 कंबल का वितरण किया गया। आयोजित कंबल वितरण समारोह की अध्यक्षता रेहला बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष सह रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज के एचआर अजीत तिवारी व संचालन जन सेवा ट्रस्ट के अनिल गिरी ने किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थान के एचआर अजीत तिवारी ने कहा कि संस्थान हमेशा ही अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करता रहा है। अपने आसपास के क्षेत्र में सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। संस्थान आसपास से आए जरूरतमंद लाभुकों को विशेषकर बुजुर्गो को कंबल वितरण से कड़कड़ाती ठंड में राहत मिलेगी। श्री तिवारी ने कहा कि जनसेवा ट्रस्ट लोगों को स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए संस्थान की ओर प्रशिक्षण दिया जाता है। इतना हीं नहीं रोजगार के लिए सैकड़ों स्वयं सहायता समूह का गठन करा कर सभी को प्रशिक्षित कर रही है। जिसके तहत गांव के लोग स्व रोजगार से जुड़ रहे हैं। विशिष्ट अतिथि टेक्निकल हेड हरदीप कोहली ने भी सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के द्वारा किए जाने वाले कार्यो की जानकारी दी। एचआर अजीत तिवारी टेक्निकल हेड हरदीप कोहली आदि ने लाभुकों के बीच कंबल वितरित किया। मौके पर जन सेवा ट्रस्ट के राकेश तिवारी, अनिल गिरी, डॉ आर एन सिंह, ब्रजराज चौबे सहित सैकड़ों लोगों उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मना मकर संक्रांति का पर्व



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** मकर संक्रांति का पर्व हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में मंगलवार को हर्षोल्लास से मना। इस अवसर पर अहले सुबह से ही लोग अपने आसपास के जलाशयों में स्नान कर तिल व गुड़ से बनी मिठाइयों को दान करने के बाद उसे ग्रहण किया। हालांकि मंगलवार की शाम 10 बजे के बाद मकर संक्रांति का पुण्य काल प्रारंभ हो रहा है। इस कारण अधिकांश लोग बुधवार को भी नदी में स्नान व दान पुण्य कर मकर संक्रांति मनाएंगे। इधर दंगवार में एक सप्ताह तक मकर संक्रांति पर्व की धूम रहेगी। मकर संक्रांति को लेकर कई स्थानों पर मेल का आयोजन किया गया। मेला में पहुंचे बच्चों को काफी उत्साह के साथ खिलौने व मिठाई खरीदते देखा गया। दंगवार के सोन नदी तट स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण, देवरी सोन नदी तट, पंसा में कोयल नदी तट व मोहम्मदगंज भीम बराज स्थित शिव मंदिर में भव्य मेला लगा। दंगवार व देवरी में सोन नदी के तट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान कर मंदिरों में जलाभिषेक भी किया। देवरी स्थित सोन नदी में स्नान के बाद लोग मेले में भ्रमण कर उत्साहित दिखे। देवरी स्थित मेला में स्थानीय कमिटी के माध्यम से शांति बहाली के लिए तत्पर दिखे। मेला की मुख्य जिम्मेवारी स्व. हरिगोविद तिवारी के पुत्र राजेंद्र तिवारी के जिम्मे है। जिसे मेला कमिटी इनके सहयोग में मेला में वसूली कर इन्हीं को सौप देती है। देवरी के पूर्वजों ने सभी मंदिरों में पूरे वर्ष पूजा करने की जिम्मेवारी इन्हीं को दी है। दंगवार सोन नदी तट पर लगने वाला मेला एक सप्ताह तक चलता है। इस मेले में झारखंड के अलावा बिहार के कई जिला के लोग मेला में पहुंचकर मंदिरों में पूजा अर्चना करते देखे गए। मेला की सुरक्षा व्यवस्था स्थानीय कमेटी की देखरेख में किया जाता है। मकर संक्रांति मेला का एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने निरीक्षण किया। दंगवार मेला समेत अनुमंडल के सभी मेला का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया है। निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने मेला कमिटी के लोगों को कई निर्देश दिए। उन्होंने मेला आयोजन समिति के व्यवस्था को भी सराहा। एसडीपीओ ने सोन नदी घाटों पर नाविक को गहरे पानी में श्रद्धालुओं को स्नान नहीं करने देने के साथ नदी घाटों पर तैराकों की भी व्यवस्था का निर्देश दिया। मेला में पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, भाजपा नेता ललन कुमार सिंह, डीलर संघ के अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह के अलावा मेला समिति अध्यक्ष रतिदेव चौधरी, उपाध्यक्ष मोहम्मद लतीफ अंसारी, सचिव दिनदयाल चौधरी, संजय ठाकुर, दशरथ चौधरी, दिनेश चौधरी, राहुल, भरत, राकेश, गोविद, रामप्रसाद विश्वकर्मा, लालकेश्वर राम, हसन खलीफा, मिथलेश सिंह के अलावा सूर्य मंदिर के पुजारी रामप्रवेश पाठक, श्रवण पाठक सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कक्षा एक से सात तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 18 से

**रांची :** कक्षा एक से सात तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा अब 18 जनवरी से होगी। पहले 16 फरवरी से होनी थी। जेसीईआरटी की डायरेक्टर किरण कुमारी पासी ने सभी डीएसई को भेजे अपने पत्र में कहा है कि परीक्षा की तिथि में संशोधन किया गया है। यह परीक्षा अब 18 से 20 जनवरी तक निर्धारित की गई है। परीक्षा दो पाली में होगी। पहली पाली 9ः30 बजे से 11ः30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 12 से 2 बजे तक होगी। परीक्षा का मूल्यांकन 20 से 25 जनवरी तक चलेगा। 31 जनवरी को रिजल्ट जारी होगा।

### भजनों का संग्रह का हुआ लोकार्पण

**रांची :** शनिवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर, के दरबार में श्याम भक्त श्री सुरेश चन्द्र पोद्दार द्वारा रचित 300 भजनों की भजन पुस्तिका श्री श्याम अर्चना का भव्य लोकार्पण कोलकाता के प्रसिद्ध श्याम श्री विनोद कुमार जी सुल्तानिया के कर कमलों से किया गया । इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु का भव्य एवम विराट श्रृंगार किया गया साथ ही पावन ज्योत प्रज्वलित की गई । इस अवसर पर नगर के प्रमुख धार्मिक एवम सामाजिक 35 संस्थाओं द्वारा श्री सुरेश चन्द्र पोद्दार का श्री श्याम भक्ति के समर्पण के लिए उनका सम्मान किया गया साथ ही बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे । कोलकाता से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक श्री आशीष सुल्तानिया द्वारा इस अवसर पर भजनों की अमृत वर्षा की गई ।



# एकता के सूत्र में बंधने से ही देश बनेगा परम वैभवशाली : दीपक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के कांके स्थित नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय में शनिवार को मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रांची महानगर सहकार्यवाह दीपक पांडेय उपस्थित थे।
दीपक पांडेय ने कहा कि एकता के सूत्र में बंधने से ही देश परम वैभवशाली बनेगा। भारतवर्ष उत्सवों का देश है।
भारतीय संस्कृति में देश के प्रत्येक कोने में प्रतिदिन कोई न कोई व्रत-उत्सव होता है, जो हमें अपने प्राचीन गौरवशाली इतिहास एवं वैज्ञानिकता को बताती है।उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति समाज को समृद्ध बनाने का संदेश देने वाला पर्व है।
आज के दिन से ही सूर्य का उत्तरायण होने से ऊर्जा में वृद्धि होती है।
उन्होंने कहा पतंग उड़ाना हमें संकेत करती है कि सूर्य की ऊर्जा में खड़े रहकर आकाश की ओर हम दृष्टि करें और सूर्य के अक्षय ऊर्जा को प्राप्त कर स्वयं के साथ समाज एवं देश के कल्याणार्थ कार्य करें।
कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ वीरेंद्र साहू, शिव प्रसाद साहू, उर्मिला केरकेट्टा, राकेश कुमार झा, बबलू कुमार साहू, राम किशोर साहू, अनु देवी, बालचंद उरांव, विजय उरांव, कुसुम टोप्पो, मीणा कुमारी, सुनीता मुंडा सहित विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।



# चाईबासा में नक्सली हमले में घायल एक जवान दिल्ली एयरलिफ्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) में हुए ब्लास्ट में घायल जवान सौरभ कुमार को भी शनिवार को एयरलिफ्ट कर दिल्ली के एम्स भेजा गया है। इससे पूर्व ग्रीन कॉरिडोर बना कर मेडिका अस्पताल से एयरपोर्ट पहुंचाया गया। घायल सौरभ की स्थिति बिगड़ती जा रही थी। इस कारण उसे बेहतर इलाज के लिए दिल्ली भेजा गया है। सौरभ के चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में गहरे जख्म के निशान थे। इससे पूर्व शुक्रवार को तीन जवानों शाहरुख़ खान, भरत सिंह राय और अजय लिंडा को दिल्ली के एम्स भेजा गया था। वहां से उन्हें विशेष विमान से दिल्ली के एम्स ले जाया गया। उल्लेखनीय है कि पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा )के टोन्टो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका जंगल के समीप सर्च अभियान के दौरान 11 और 12 जनवरी को नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में कोबरा 209 बटालियन के नौ जवान घायल हो गये थे। घायल जवानों में सौरभ कुमार , संतोष कुमार सिंह , अमरेश सिंह, अजय लिंडा, शाहरुख खान, भरत सिंह राय , मुकेश कुमार सिंह, अलोक दास और बीर पाल सिंह तोमर शामिल थे।





## अग्रवाल सभा ने लोगों के बीच तिलकुट एवं खिचड़ी का किया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अग्रवाल सभा रांची के द्वारा मकर सक्रांति के अवसर पर सेवा प्रकल्प कार्य के तहत आंचल शिशु आश्रम, गुरुनानक स्वास्थ्य केंद्र, बरियातू एवं जगन्नाथपुर मंदिर के समीप बिरसा शिक्षा निकेतन मे लगभग 500 लोगों के बीच तिलकुट, गुड़ चूड़ा एवं खिचड़ी का वितरण किया गया।
इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने कहा कि मकर संक्रांति हमारे समाज को अनाज से जोड़ता है अन्न से मन का अटूट संबंध होता है और मन को अन्न से जोड़ने में यह उत्सव उत्प्रेरक का काम करता है तिल के स्नेह और गुड़ के मिठास के साथ चूड़ा का मिलन समग्र समाज को जोड़ने और रिश्तो में मिठास भरने का कार्य करता है मकर संक्रांति तन मन धन के मिलन का पर्व है। उपस्थित लोगो ने इस पर्व का खूब आनंद लिया।
कार्यक्रम का संचालन अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज चौधरी ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन सेवा समिति के संयोजक रामाशंकर बगड़िया ने किया।
उक्त जानकारी देते हुए? अग्रवाल सभा के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस अवसर पर सुरेश चौधरी, नंदकिशोर पाटोदिया, मनोज चौधरी, रामाशंकर बगड़िया, आकाश अग्रवाल, उमा बगड़िया, मीनू हरनाटका, किरण अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, पांडे जी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने चलाया सफाई अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय रांची द्वारा रांची शहर के मौसी बाड़ी स्थित बड़ झोपड़ी में सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान एक जनवरी से 15 जनवरी 2023 तक 15 दिनों के लिए आयोजित स्वछता पखवाड़ा के अंतर्गत चलाया गया। इसका आयोजन इस प्रण के साथ किया गया कि ना हम गंदगी करेंगे और न किसी को करने देंगे। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने विशेषकर स्थानीय बच्चों ने स्वच्छ्ता शपथ ग्रहण की। मौके पर मनिता क. क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने कार्यालय के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ मिलकर गंदे इलाके की सफाई की और स्थानीय लोगों को अपने आस-पास साफ-सफाई रखने के लिए प्रेरित किया। खासकर बच्चों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। पर्यावरण को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से इस इलाके में स्थानीय बच्चों और कार्यालय के कार्मिकों ने फलों एवं फूलों के वृक्ष लगाए।
सभी कार्मिकों ने अन्य 100 व्यक्तियों को सफाई के लिए प्रेरित करने की शपथ ली।



## बच्चे अपनी संस्कृति को जानें इसलिए पतंग उत्सव मनाना जरूरी: सांसद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के मोरहाबादी मैदान में मकर संक्रांति के अवसर पर नमो पतंग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया और पतंग उड़ाई। सांसद संजय सेठ ने बच्चों के बीच पतंग और लटाई का भी वितरण किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि अपनी संस्कृति को बचाये रखने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करना जरूरी है, ताकि आज के बच्चे अपनी संस्कृति को जानें। आज के इस आधुनिक युग में बच्चे अपने पर्व त्योहार एवं संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। इसलिए इस तरह के कार्यक्रम होना जरूरी है। इस कार्यक्रम में कई लोग मौजूद थे।

# भारत-न्यूजीलैंड सीरीज मैच का टिकट 23 से मिलेगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के क्रिकेट प्रेमियों के लिए नया साल सौगात लेकर आया है। 27 जनवरी को रांची के जेएससीए स्टेडियम में भारत-न्यूजीलैंड सिरीज का पहला मैच खेला जाएगा। इस मैच को लेकर तैयारियां शुरु हो गई है। दोनों टीमें 25 जनवरी को रांची पहुंचने वाली है। इस मैच के लिए उत्साहित दर्शकों को बता दें कि कुछ दिनों बाद टिकट मिलने लगेंगे।

**23 जनवरी से मिलेंगे टिकट**

इंडिया-न्यूजीलैंड के मैच के लिए 23 जनवरी से टिकट मिलने शुरु हो जाएंगे। आपको बता दें कि टिकट जेएससीए स्टेडियम के वेस्ट गेट के बाहर बने काउंटरों में उपलब्ध होंगे। जेएससीए 4 दिनों तक टिकट की बिक्री करेगा। स्टेडियम की साफ-सफाई का काम भी जल्द ही शुरू होने की संभावना है।20 जनवरी से काउंटर के बाहर बेरिकेडिंग बनाने का काम शुरू होगा।

**होटल रेडिसन ब्लू में ठहरेंगे खिलाड़ी**

मैच के लिए इंडिया-न्यूजीलैंड की टीम 25 जनवरी को दोपहर 1 बजे तक रांची पहुंच जाएगी। एयरपोर्ट से दोनों टीमें सीधे होटल रेडिशन ब्लू पहुंचेंगी और संभावना जताई जा रही है कि रांची पहुंचने के बाद 26 जनवरी को दोनों ही टीमें स्टेडियम में प्रैक्टिस कर सकती है। रांची के बाद इस सीरिज का दूसरा मैच 29 जनवरी को लखनऊ और 1 फरवरी को अहमदाबाद में होना है।
इस स्टेडियम में इंडिया की जीत का रिकॉर्ड 100त्न है। अब तक खेले गए तीनों टी-20 मैच में भारत ने जीत हासिल की है। अब देखना ये होगा कि इस बार भी टीम इंडिया अपनी जीत के लय को बरकरार रख पाती है या नहीं।



# शराब ब्रांडों की कीमतें 20 रुपये तक घटाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार ने गिरते राजस्व वसूली को लेकर एक बार फिर इंडियन मेड फोरेन लिकर (आइएमएफएल) की कीमतें घटाने का निर्णय लिया है। इसमें राज्य में प्रचलित ब्रांडों की कीमतें 20 रुपये तक घटा दी गयी है। राज्य सरकार की ओर से एक अक्तूबर 2022 को सभी ब्रांडों की कीमतें बढ़ा दी गयी थी।
अब झारखंड स्टेट बीभरेज कारपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) की तरफ से एक्स डीपो प्राइस (इडीएफ) में 20 रुपये कटौती करने का निर्देश दिया गया है.श। इसका असर बीयर, ह्वीस्की, रम और अन्य ब्रांडों की कीमतों पर पड़ रहा है. राज्य सरकार की ओर से पूर्व में लागू दर को प्रभावकारी किया गया है।
अब झारखंड के 1580 से अधिक रीटेल शराब की दुकानों में रायल स्टैग (आरएस), किंगफिशर, कार्ल्सबर्ग, गोड फादर, ट्यूबोर्ग, ओल्ड हैबिट, रॉक फोर्ड, ब्लेंडर्स प्राइड, ऑफिसर्स च्वाइस, पी-7 तथा अन्य ब्रांडों की कीमतें तत्काल प्रभार से कम करते हुए बेचने का निर्देश दिया है। राज्य के उत्पाद आयुक्त करण सत्यार्थी ने सभी ब्रांडों से जुड़ी निर्माता कंपनियों को आवश्यक निर्देश देते हुए शराब की कीमतें कम करने का निर्देश दिया है।
इससे क्वार्टर (180 एमएल), हाफ (350 एमएल) और फूल 750 एमएल के बॉटलों में बक्री किये जा रहे ब्रांडों की कीमतें घटायी गयी है। सरकार का मानना है कि झारखंड में शराब की कीमतें अधिक होने की वजह से पड़ोसी राज्यों से अवैध शराब लाकर बेचने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इससे राजस्व वसूली पर भी व्यापक असर पड़ा था। अब सरकार ने दूसरे राज्यों के समतुल्य कीमतों को फिर से कम करते हुए सभी कंपनियों को समान प्लैटफार्म उपलब्ध कराया है।

# धूमधाम के साथ डोरंडा बालिका उच्च विद्यालय का 74वां स्थापना दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शनिवार को हर्षोल्लास के साथ डोरण्डा कन्या पाठशाला डोरण्डा एवं श्री डोरण्डा बालिका उच्च विद्यालय डोरण्डा, राँची का 74वाँ स्थापना दिवस मनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती श्रावणी विश्वास जी थी। उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती पूर्णिमा कुमारी एवं मध्य विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती पारमिता सामल के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। उसके बाद बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। फिर विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव श्री घेवर चन्द नाहटा के द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन रखा गया।
उपाध्यक्ष श्री सुनील तिवारी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर प्रबंधकारिणी समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, छात्राएँ, शिक्षक/शिक्षिकाएँ, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## झारखंड संयुक्त शिक्षक मोर्चा 21 को देगा धरना

**रांची :** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के आह्वान 21 जनवरी को राजभवन के सामने धरना- प्रदर्शन दिया जाएगा।
इसकी तैयारी जोर शोर चल रही है। मोर्चा के विजय बहादुर सिंह ने बताया कि शिक्षकों की समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए यह निर्णय लिया गया है।
धरना कार्यक्रम में सभी जिलों से शिक्षक-शिक्षिकाएं भाग लेंगे।
उन्होंने बताया कि प्रमुख मांगों में छठे वेतन की अनुशंसा के अनुरूप राज्य के शिक्षकों को उत्क्रमित वेतनमान, योजना मद में नियुक्त उर्दू शिक्षकों को गैर योजना मद में स्थानांतरित करने आदि की मांग शामिल हैं।

# नेतरहाट घूमने जा रहे रांची के छात्रों की कार खाई में गिरी, दो की मौत, चार गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची से नेतरहाट घूमने गए छात्रों की कार 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में दो छात्रों की मौत मौके पर हो गई जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा शुक्रवार देर रात गुमला जिले के बिशुनपुर थाना क्षेत्र के नेतरहाट घाटी स्थित मिलिट्री मोड़ के पास हुआ। सभी घायलों को रात में ही 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया, जहां धनबाद निवासी आरजू बॉस (20) और शिवराम सत्यम (20 ) को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घायल मंडल, प्रीतम कुमार, राहुल शर्मा और एक अन्य युवक को प्राथमिक उपचार करने के बाद सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया। बताया जाता है कि धनबाद निवासी आरजू बॉस, शिवराम सत्यम, करण मंडल, प्रीतम कुमार, राहुल शर्मा और कुडू निवासी एक अन्य युवक रांची में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। शुक्रवार की शाम सभी दोस्तों ने मिलकर नेतरहाट घूमने जाने का निर्णय लिया। सभी युवक रात को ही एक गाड़ी में सवार होकर नेतरहाट के लिए निकल गए। रात के लगभग 11 बजे जैसे ही छात्रों की कार नेतरहाट घाटी के मिलिट्री मोड़ से आगे बढ़ी, तो तीखा मोड़ होने के कारण कार अनियंत्रित हो गई और सीधे लगभग 150 फीट नीचे खाई में जा गिरी। कार को दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना के बाद पुलिस देर रात ही घटनास्थल पर पहुंच गई थी। उसके बाद रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी युवकों को बाहर निकाला गया। इन सभी युवकों को बिशुनपुर अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।




# रातू थाने के दारोगा के साथ मारपीट, घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रातू :** रांची थाना कांड संख्या 19/23 में हिरासत में लिये गये झखराटांड़ निवासी शिवचरण साहू और उसके पुत्र कृष्णा साहू को शुक्रवार की रात करीब साढ़े 11 बजे फिल्मी अंदाज में छुड़ाने आये शराब की नशे में ध्रुत भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश महतो, संजय महतो, रबीन्द्र सिंह, सिकंदर साहू, संगीता देवी समेत 15 अन्य ने दारोगा अंजन कुमार, अभिषेक सिंह व शेखर सिंह के साथ मारपीट की। इससे वह घायल हो गये। उनके शरीर के कई हिस्से में चोटें आयी है।पुलिस पदाधिकारियों के साथ मारपीट की घटना थाना गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने को लेकर श्री अभिषेक सिंह के ब्यान पर भादवि की धारा 147,148,149,341, 353, 332, 504 व 506 के तहत कांड संख्या 20/23 दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। शनिवार की सुबह जेल भेजने के दौरान कार्यकर्त्ता व ग्रामीणों ने पुलिस का रास्ता रोक नारेबाजी करने लगे और छह घंटे तक थाने का घेराव किया। हालांकि, विधायक नवीन जायसवाल की पहल पर डीएसपी प्रवीण सिंह ने रूपेश महतो, संगीता देवी व रबीन्द्र सिंह को छोड़ दिया। जबकि, रूपेश के भाई संजय महतो और सिकंदर साहू जेल भेज दिये गये।

**क्या है मामला :** संडे मार्केट से बंधन बैंक की महिला कर्मी से 13 जनवरी को दिन के ढाई बजे बाइक सवार दो बदमांशों ने बैग में रखे कलेक्शन के 38 हजार नकद समेत टैब और मोबाइल लूट लिये थे। रात में कृष्णा साहू ने पीड़िता को कॉल कर कहा कि टैब उसके पास है।जब उससे पूछा गया कि टैब कहां से आया। उसने बताया कि मेरे पिता शिवचरण साहू को रास्ते में गिरा मिला। रुपये देकर टैब ले जाइये। पुलिस पिता-पुत्र को पूछताछ के लिये थाने लायी। टैब को बरामद कर लिया गया है।



# मकर संक्रांति के दिन भी निस्वार्थ भाव से सेवा किए ट्रस्ट के सदस्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिज़) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान मे ठण्ड के प्रकोप को देखते हुए मकर संक्रांति के दिन शनिवार 14 जनवरी 2023 को लगभग 200 अभावग्रस्त महिलाओ, पुरुषो एव वृद्ध बुजुर्ग महिलाओ और पुरूषो के बीच इस वर्ष पड रही कड़ाके की ठण्ड मे भी निस्वार्थ भाव से सेवा कर अपने जीवन को सार्थक कर रहे है श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के सदस्य।ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने संस्था के कर्मठ कार्यकर्ताओं से बजरा मैदान मे आये हुए 200 वृद्ध बुजुर्ग महिलाओ और पुरुषो एवं बच्चो के बीच कम्बल, मफलर एवं उनी मोजा का वितरण ओम प्रकाश सरावगी, बिष्णु सोनी, रमेन्द्र कुमार पांडेय, आलोक सिंह, धीरज कुमार गुप्ता एव वहा उपस्थित समाज सेविका किरण बंडो, शकुन्तला देवी राजेश लोहरा,ने सयुंक्त रूप से बजरा बस्ती के एवं विभिन्न बस्तीयों से आये हुए लगभग 200 अभावग्रस्त वृद्ध महिला- पुरुषों के बीच संस्था के सदस्यों ने प्रत्येक अभावग्रस्त ग्रामीणों को कम्बल,मफलर एव ऊनी मोजा का निशुल्क वितरण किया।संस्था के सदस्यों के द्वारा लगभग 200 कम्बल मफलर एव ऊनी मोजा का निशुल्क वितरण किया गया।

# भूतनगर में स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस मनायी गयी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**खलारी :** डकरा स्थित भूतनगर में स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस मनायी गयी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इस्माइल अंसारी ,संचालन इस्लाम अंसारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, पूर्व जिला परिषद सदस्य अब्दुल्लाह अंसारी, रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष विगन सिंह भोक्ता, विस्थापित नेता इकबाल हुसैन,कांग्रेस झारखण्ड प्रदेश लेबर सेल महासचिव राजन सिंह राजा, कांग्रेस नेत्री गुजंन कुमारी सिंह,पिंकी सिंह, पश्चिमी चुरी मुखिया शांति देवी,इस्माइल अंसारी,समसुल होदा, कांग्रेस नेत्री इंदिरा तुरी,तौहीद अंसारी, इकबाल खान,फारुक रजा ,साबिर अंसारी,तनवीर आलम मौजूद थे। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह का शहादत को हम नहीं भूल सकते लोग आज अपने स्वार्थ में बह कर समाज उसमें रहने वाले व्यक्ति को दरकिनार कर सिर्फ अपने लिए सोचते हैं लेकिन इन दोनों वीर शहीदों ने अपने देश के लिए अपने जान की कुर्बानी हस्ते हस्ते दे दी हम हम सभी लोगों को इन शहीदों से एक सीख लेना चाहिए कि आपस की दूरियों एवं आपसी स्वार्थ से दुनिया नहीं चलती एक दूसरे के लिए निस्वार्थ सेवा करने की भावना के साथ देश समाज के लिए अग्रिम होकर सोचना होगा साथ ही समाज के लिए एक साथ बढ़कर आगे आना पड़ेगा।

# अनगड़ा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया टुसू मेला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**अनगड़ा :** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में डेगा डेगी बूढ़ा महादेव स्थान सोसो पंचायत नवागढ़ में भव्य टुसू मेला का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रकाश लकड़ा रामधन बेदिया ने उद्घाटन करते हुए कहा कि टुसू मेला का आयोजन अपने संस्कृति, आस्था की धरोहर को को बचाने के किया जाता है। इसको हर हाल में बचाना है।डेगा डेगी मेला समिति के अध्यक्ष अजय सिंह, सचिव रोहित शाही मुंडा, कोषाध्यक्ष रामकृष्ण महतो, उप सचिव अरुण बड़ाइक, संरक्षक जयपाल महतो एवं मेला के सभी सक्रिय सदस्यों के सहयोग से इस मेला का आयोजन अपने सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के उद्देश्य से विगत 5 वर्षो से किया जा रहा है।टुसू का प्रथम पुरस्कार गंवा देवती महिला स्वय सहायता समूह 5000 एंव द्वितीय पुरस्कार सरस्वती महिला समूह को दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से आजसू ,जलनाथ चौधरी, पहलू बेदिया, जगदीश भोगता राजकिशोर महतो राजेश नायक राजेश लोहरा एंव अन्य उपस्थित थे।

## बाबा रंगरोड़ी धाम में टुसू मेला का आयोजन, खूंटी जिला ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष सोनू इमरान ने लिया तैयारियों का जायजा

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले का प्रसिद्ध बाबा रंगरोड़ी धाम में 15 जनवरी को टुसू मेला का आयोजन किया गया है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है। लोग रंगरोड़ी धाम में पूजा अर्चना कर मेले का आनंद उठाते हैं जिसकी तैयारियों को लेकर आज 14 जनवरी दिन शनिवार को खूंटी जिला ओबीसी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सोनू इमरान अपने कार्यकर्ताओं संग पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर उपाध्यक्ष मुकेश महतो पड़हा संयोजक महादेव मुंडा समाजसेवी सोनू सिंह साई पाहन आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रायड़ीह मोड़ में दो मोटरसाइकिल में एक्सीडेंट एक व्यक्ति घायल

**तमाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची टाटा मार्ग पर रायडीह मोड़ के समीप निर्माणाधीन फ्लाई ओवर के पास सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार रतिलाल सेठ गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शाम 5ः00 बजे की है। तमाड़ पुलिस द्वारा घटनास्थल पहुंचकर घायल रतिलाल को प्राथमिक इलाज तमाड़ अस्पताल में कराए जाने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची भेजा गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रतिलाल अपने पैशन मोटरसाइकिल से डोडिया मोड़ से रायडीह की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक दूसरे मोटरसाइकिल के पीछे जोरदार टक्कर मारकर दी।और सड़क पर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।



## 16 एकड़ में लहलहाती अफीम और दो एकड़ में लगी गांजा की फसल को पुलिस प्रशासन ने नष्ट किया

**तमाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के तामराना और मधुकमडीह में करीब 16 एकड़ पर लहलहा रही अफीम की फसल और दो एकड़ पर लगी गांजा की फसल को पुलिस व्दारा नष्ट किया गया । पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि तामराना और आस पास के क्षेत्रों में बृहद पैमाने पर मादक पदार्थों की खेती की जा रही है। सूचना के आधार पर उप कमांडेट बिजेंद्र कुमार की अगुवाई में सशस्त्र सीमा बल 26 वीं वाहिनी ई समवाय डुगरडीह और तमाड़ पुलिस ने संयुक्त अभियान चला कर मादक पदार्थ की खेती को नष्ट किया । ज्ञात हो कि एस एस बी 26 वीं वाहिनी ई समवाय डुगरडीह द्वारा एक महीने में करीब 70 एकड़ पर लगी अफीम और गांजा की फसल को नष्ट किया है। फिर भी क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर अफीम ओर गांजा की खेती की गई है।



# मैक्लुस्कीगंज के डेगाडेगी नदी तट पर मकर संक्रान्ति मेला का आयोजन किया गया


प्रभात मंत्र संवाददाता



**खलारी :** मैक्लुस्कीगंज स्थित डेगाडेगी नदी तट पर मकर संक्रान्ति मेला का आयोजन किया गया. मकर संक्रान्ति मेला का आयोजन डेगाडेगी मेला समिति ने किया. जिसमे मुख्यतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य खलारी सरस्वती देवी व विशिष्ट अतिथि खलारी प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा मुख्य रूप से उपस्थित थे. मेला की शुरूआत लपरा ग्राम से हरी पहान, व डुमारो गांव से कुलदीप पहान के द्वारा पारंपरिक रूप से सरना झंडा गाड़ कर विधिवत पूजा पाठ कर किया गया. इस दौरान मुख्यतिथियों ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि मकर संक्रान्ति मेला नदी तट पर आयोजन करना ये भाग्य की बात है,और मकर संक्रान्ति के दिन मेला लगाने से बीच का भेद भाव दूर हो जाता है,जो कि यह पर्व में सिखाता है,और हमारे आदिवासी समाज के बीच प्रेम का प्रतीक का मेला है. मेला कार्यक्रम में छोटे बच्चों के द्वारा नाच गान का कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था. कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील तिवारी व मंच संचालन रामविलास गोप व रामभजन सिंह ने किया. धन्यवाद ज्ञापन जितेंद्र नाथ पांडेय ने किया. इस दौरान लपरा मुखिया पुतुल देवी,डुमारो मुखिया सुनीता खलखो,पंसस संगीता देवी,राजेन्द्र रजक,करण लोहरा,शशि प्रसाद साहू,आर0 के0 प्रसाद,महादेव राणा,प्रभु मुण्डा,जितेंद्र भारतीय सहित अन्य मंच पर उपस्थित थे।मकर संक्रान्ति मेला में दूरदराज से खलारी, राय, मुरपा, बालूमाथ, सीरम, भगिया, चंदवा सहित अन्य जगहों से मेला देखने पहुँचे।

# दो बाइक आमने सामने टक्कर एक व्यक्ति की मौत दो घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिल्ली :** मुरी गोला सड़क पर बनुआडीह के समीप दो बाइक में जोरदार टक्कर में डिमरा निवासी 61 वर्षीय गोबरधन महतो की मौत ही गयी। घटना में दो अन्य युवक घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक गोला थाना क्षेत्र डिमरा निवासी गोवर्धन महतो रामपुर बाजार से शाम 5 बजे वापस अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में बनवाडीह विजय साहू होटल के समीप गोवर्धन महतो को विपरीत दिशा से गोला थाना क्षेत्र मोटरसाइकिल से उलाड़ीह निवासी चैता मुंडा अपने दोस्त सारगडीह निवासी शशि बेदिया के साथ मुरी की ओर से जा रहा था। जिससे सीधे टक्कर मार देने से गोवर्धन महतो गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे मुरी नर्सिंग होम पहुंचाया गया। इलाज के क्रम में शाम 8 बजे मौत हो गई। इधर घायल दोनों युवक की हालत ठीक है। सिल्ली अस्पताल में इलाज कर वह वापस घर चले गए। इधर सिल्ली पुलिस ने शव को जब्त कर थाना परिसर में रखा है। शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जाएगा !मृतक गोवर्धन महतो के गांव से आए लोगों ने बताया कि वह क्षेत्र ही नहीं दूर-दूर के लोग उन्हें कुशल कारीगर के नाम से जाने जाते थे। उनके आगे कोई ऐसा काम नहीं था जिससे वह नहीं करते थे। चाहे वह मशीन संबंधित हो। या फिर अन्य।

## जेसीए बी ने सीएफसी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया

**खुंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित ए डिवीजन लीग क्रिकेट में जेसीए बी ने सीएफसी खूंटी को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएफसी खूंटी 46 रनों पर सिमट गई। सीएफसी के तरफ से अंकित कुमार ही दहाई आंकड़ा छू सके। जेसीए बी के तरफ से सत्यम सिंह प्रतीक कुमार इफ्तिखार आदिल ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। जवाबी पारी खेलने उतरी जेसीए की टीम ने 1 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। जेसीए बी के तरफ से आकिब जावेद ने नाबाद 24 रनों की पारी खेली वही बलराम नायक ने 14 रन का योगदान दिया। मैच के मैन ऑफ द मैच प्रतीक कुमार को चुना गया। उन्होंने 3.4 ओवरों में बिना कोई रन दिए 3 विकेट हासिल किया।




## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा मकर संक्रान्ति के पर्व में समाजिक समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा राय पंचायत के दहरा टांड़ ग्राम में मकर संक्रान्ति के पावन पर्व में समाजिक समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक समरसता प्रमुख उदय सिंह ने किया. इस कार्यक्रम में खलारी प्रखंड के स्वयंसेवक की एक टोली बनाकर सभी स्वयं सेवकों ने अपने घरों से चूड़ा, दही, गुड, तिल,तिलकुट लाया गया. प्रति घर से लाया गया खाद्यान्न को एक जगह मिश्रण कर सभी उपस्थित कार्यकर्ताओ के बीच वितरण कर सामाजिक समरसता का पहचान बताया गया. मकर संक्रान्ति त्योहार की तरह हम सभी हिन्दू एक है.और हमारे बीच रह कर हिन्दू हिन्दू में ही भेद भाव का खेल खेल रहे है. मौके पर खंड कार्यवाह अवधेश राय, बिनोद विश्वकर्मा, तरुण कुमार,दीपक तूरी, अमित लोहरा,दीपक कुमार, सागर राम सहित अन्य उपस्थित थे।

## मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर विधायक ने सूदूरवर्ती बड़ानी गांव में हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा की धरती अड़की प्रखंड क्षेत्र के दक्षिण में मकर संक्रांति के अवसर पर शनिवार को तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा प्रखंड के सीमांत क्षेत्र तोडांग पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती बड़ानी में तीन दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। विधायक के पहुंचने पर ग्रामीण एवं नृत्य दल द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज के साथ उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन में रहकर अपना बेहतर खेल दिखाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में अन्य प्रखंडों की ग्रामीण युवा टीम भी हिस्सा ले रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी खूंटी जिला हॉकी के लिए विख्यात रहा है। जिसने कई नामी-गिरामी खिलाड़ी देश एवं राज्य को दिए हैं। आप भी अपने प्रतिभा मेहनत और लगन से बेहतर कर सकते हैं।इस कार्यक्रम के उपरांत विधायक के द्वारा तोडांग पंचायत में जन समस्या को लेकर ग्रामीणों से रूबरू हुए। उन्होंने विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल को निर्देश दिया कि एक महीना के अंदर इस पंचायत के अंतर्गत सभी गांव टोली के ग्राम प्रधान एवं गांव के मुख्य लोगों से मिलकर जन समस्या को सूचीबद्ध करें।

## शेख भिखारी चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिकिदिरी :** राजा अमरू बाबू फुटबाल क्लब कुटे की ओर से आयोजित शेख भिखारी चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट का उदघाटन मैच पेरतोल की टीम ने जीत लिया।शनिवार को कुटे फुटबाल मैदान में खेले गए उदघाटन मैच में केपीएल पेरतोल की टीम ने बेहद रोमांचक मुकाबले में यूनाइटेड एफसी कांके की टीम को 1-0 से पराजित किया।पुरे मैच के दौरान दोनों ही टीमें एक-दूसरे पर हावी रही।पहले हाफ में दोनों ही टीमें गोल रहित रहीं।मैच के दूसरे हाफ में पेरतोल की ओर से लालू तिर्की ने 42 वें मिनट में शानदार गोल दाग कर अपनी टीम को जीत दिलाई।टूर्नामेंट के तहत खेल गए दूसरे मैच में सीएफसी चकला की टीम ने निर्मल ब्रदर्स को 2-0 से हराया।मैच देखने बड़ी संख्या में दर्शक मैदान पहुंचे थे।खेल के दौरान दर्शक खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे थे।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महिलोंग पंचायत सचि वालय में झारखंड राज्य विधिक प्राधिकार के सौजन्य से जिला विधिक प्राधिकार के तात्वाधान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सिविल जज राजेश रंजन सिंह ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर,गरीब ग्रामीणों के लिए इस तरह के जागरूकता शिविर लगाना तथा जमीन विवाद,घरेलू हिंसा, डायन विसाइन इत्यादि किसी तरह कि समस्या के समाधन के लिए सलाह, वकील, केस कि फीस इत्यादि के खर्च संस्था करती है।उप प्रमुख विना कुमारी ने कहा कि इस तरह के मामले है तो आगे आकर बिना डर के रखे, समाधान निश्चित होगा। इस अवशर पर सीनियर डिविजन के जज राजेश रंजन सिंह, विना कुमारी उप प्रमुख, सिंग गाड़ी ग्राम प्रधान , संदीप तिर्की मुखिया महिलोंग,रिझु मुंडा ग्राम प्रधान होराहप,सुनीता देवी, लता कुमारी,सोहराइ मुंडा, जैसिन्ता टोप्पो , मोहरनाथ महतो इत्यादि गण मान्य लोग के साथ सैकडो ग्रामीण उपस्थित थे।

## मुरी पुलिस ने हेलमेट चेकिंग अभियान चलाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मुरी :** मुरी ओपी प्रभारी बब्लू सिंह के नेतृत्व मे शनिवार को मुरी सिल्ली मुख्य पथ पर हेलमेट चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान 18 वर्ष के कम युवाओं को रोका गया एवं उनकी गाड़ीयों की कागजात को जांच किया गया तथा 18 वर्ष के उम्र से ज्यादा लोगों को हेलमेट चेकिंग किया गया। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट पहने हुए लोगों को ओपी प्रभारी बबलू कुमार के द्वारा सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। पुलिस के द्वारा लोगों को समझाया गया कि बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें ताकि आप पूरी तरह से सुरक्षा में रहे।

# अंजुमन इस्लामिआ लीगल सेल के बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** अंजुमन इस्लामिआ लीगल सेल की बी बैठक आज अंजुमन इस्लामिआ के कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक सिविल कोर्ट रांची और झारखण्ड हाई कोर्ट के अधिवक्तागण सम्मिलित हुए। बैठक को सम्बोदित करते हुए अंजुमन इस्लामिआ के चेयरमैन हाजी मुख्तार अहमद ने कहा के अंजुमन इस्लामिआ ने पूर्व में भी लीगल सेल का गठन किया था, परन्तु इतने बड़े पैमाने में नहीं था। इस बार अंजुमन इस्लामिआ का लीगल सेल को और बड़े पैमाने पर गठन करने का उद्देश्य है । इसके लिए अंजुमन हर पंचायत तक इस बात का सन्देश पहुंचाएगी के अंजुमन इस्लामिआ के लीगल सेल के दवारा कानूनी रूप से जागरूक समाज का निर्माण हो सके तथा इस लीगल सेल के दवारा समाज के समस्यों का समाधान हो सके इस के लिए अंजुमन इस्लामिआ ने महानगर के विभिन्न अधिवक्तओं से संपर्क कर बैठक के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा के मै हार्दिक आभारी हूँ के अंजुमन इस्लामिआ के निमंत्रण पर लगभग 40 अधिवक्तागण सम्मिलित हुए बैठक को सम्बोदित करते हुए हाई कोर्ट के वरीय अधिक्ता ए आल्लम ने कहा के ये हर्ष का विषय है के अंजुमन इस्लामिआ ने एक लीगल सेल का गठन किया है। इसके दवारा हम समाज के वंचित वर्ग को कानूनी रूप से जागरूक कर सकते है इसके लिए अंजुमन इस्लामिआ के बैनर तले लीगल अवेर्नेस कैंप का आयोजन यदि किया जाता है तो इस से समाज को लाभ प्राप्त होगा । इसके अलावा उन्होंने कहा के अंजुमन इस्लामिआ लीगल सेल को एक कार्यालय प्रदान करे जिससे अधिवक्ता यहाँ पर आ कर समय दे और लोगों की समयस्यों का समाधान हो सके। बैठक को झारखण्ड स्टेट बार कौंसिल के सदस्य ए के रशीदी ने भी सम्बोदित करते हुए कहा के उपस्तिथ अधिवक्तागण अपनी व्यस्तता में से थोड़ा समय निकल कर लीगल सेल में आएं इस से समाज को और विशेष कर मुस्लिम समाज को वयपक लाभ प्राप्त होगा बैठक को अधिवक्ता मुमताज़ खान ने भी सम्बोदित किया तथा बैठक में अंजुमन के सेक्रेटरी तथा एग्जीक्यूटिव मेंबर के अलावा अधिवक्ता वैजुर रहमान,अधिवक्ता अज़हर खान ,अधिवक्ता सुल्तान ,अधिवक्ता परवेज़ अख्तर अधिवक्ता जुनैद ,अधिवक्ता तनवीर अब्बास अधिवक्ता अशरफ,अधिवक्ता सादिक अधिवक्ता सरफ़राज़ इत्यादि उपस्तिथ थे। अंजुमन के जनरल सेक्रेटरी ने अधिवक्तागण का धन्यवाद व्यक्त किया आस्वस्त किया के अंजुमन लीगल सेल को सम्पूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर जल्द ही उपलब्ध कराएगी ।

## रैयत विस्थापित मोर्चा चुरी शाखा के द्वारा मकर संक्रान्ति में मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रैयत विस्थापित मोर्चा चुरी शाखा के द्वारा मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर चुरी के धावैया टांड़ के ग्रमीणों को प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में छुड़ा गुड़ तिलकुट का वितरण किया गया. मकर संक्रान्ति कार्यक्रम में धावैया टांड़ के ग्रमीणों के साथ मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस मिलान समारोह में रैयतों से हक अधिकार व मूलभूत सुविधा के विषय मे चर्चा किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे. मौके पर राजेश महतो,अशोक महतो फुलेश्वर महतो ,भुनेश्वर महतो ,बालेश्वर महतो ,मंगरु मुंडा ,राकेश महतो ,रुपेश महतो ,संजय महतो .बॉबी महतो ,सुलेंदर महतो ,धनेश्वर महतो ,लोकनाथ महतो ,सुरेंदर महतो ,वीरू महतो , चरका महतो ,सुरेश महतो ,तरुण महतो ,मिटकु महतो ,किरण देवी ,रमणी देवी ,सरिता देवी अन्य लोग शामिल थे।

# बाजार हाट का शुल्क वसूली ग्राम सभा के माध्यम से कराई जाए : बंधु तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बेड़ो :** बाजार समिति पंड़रा राँची द्वारा संचालित बेड़ो बाजार समेत मांडर विधानसभा क्षेत्र के अधिसूचित क्षेत्र में लगने वाले सभी हाट बाजार का शुल्क वसूली करने वाली टेंडर व्यवस्था को रद्द कर ग्राम सभा के माध्यम से शुल्क वसूली कराने के लिए मुख्यमंत्री से विचार करने की बात रविवार को अपने प्रेस वार्ता के दौरान समन्वय समिति के सदस्य सह कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कही। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार ग्रामसभा को सशक्तिकरण पर जोर दे रही है। वही दूरी तरफ सिड्यूल इलाके में टेंडर कराया जा रहा है। इस पर राज्य सरकार किए जाने की जरूरत है। वहीं स्थानीयता पर बोलते हुए कहा कि अखबार के माध्यम से यह पता चला कि सभी अनुबंध कर्मी नियमित किए जाएंगे। इस उन्होंने कहा कि इसमें भी आरक्षण व स्थानीयता को प्राथमिकता दी जाए। क्योंकि झारखण्ड बनने से लेकर अब तक यहां के लोगों को लाभ नही मिल पाया है। जिस उदेश्य से झारखंड का निर्माण किया गया था। यहां के स्थानीय अपने को ठगा महसूस कर रहें हैं कितनों की उम्र समाप्त हो गई। इसके पूर्व बेड़ो के ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को एक आवेदन पत्र सौपी। मौके पर विधायक ने कहा कि तत्काल टेंडर प्रक्रिया रद्द किया जाए और ग्राम सभा के माध्यम से शुल्क वसूली कार्यकर्ता का चयन किया जाए। जिससे कि स्थानीय लोगों में असंतोष की भावना ना फैले। ज्ञात हो कि जिला परिषद राँची कार्यालय द्वारा बेड़ो बाजार डाक बन्दोबस्ती हेतु विज्ञप्ति निकाला गया है।

# डालसा खूंटी द्वारा विधिक साक्षरता सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता




**खूंटी :** नालसा एवं झालसा के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के अध्यक्ष सत्य प्रकाश के निर्देशन में उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुड़ा पूर्ति, मुरहू में विधिक साक्षरता सह विधिक जागरूकता दिशा योजना के तहत आयोजन किया गया।कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम लगातार दो दिन 14 एवं 15 जनवरी को ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा रहा है। इस योजना के तहत ऐसे गांवों को चिन्हित किया गया है जो सामाजिक एवं आर्थिक रूप से काफी कमजोर रह गए हैं। ऐसे गांवों में रहनेवाले लोगों को कानूनी साक्षर बनाना है और उनको उनका कानूनी हक दिलाना भी है। आगे बताया गया कि विधिक जागरूकता एवं साक्षरता के बिना कोई भी गॉव, व्यक्ति एवं समाज विकसित नहीं हो सकता। हमें समाज में सभी कुरीतियों को दूर करना होगा। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मुरहू ने लोगों को सरकार द्वारा चालायी जा रही सभी प्रकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। डालसा अधिवक्ता मदन मोहन राम ने कहा कि हम सबको डायन जोगिन की प्रथा को खत्म करना होगा और यह एक अपराध भी है इसमें महिलाओं को आगे आकर विरोध करना होगा। डालसा अधिवक्ता आशिष कुमार ने भी बताया कि हड़िया प्रथा एवं अफीम की खेती बंद हो।यह कार्यक्रम खूँटी जिले के सभी विधिक सहायता केंद्रों के द्वारा आस पास के सभी सुदूर गाँवों में सभी पीएलवी के माध्यम से किया जा रहा है।उक्त जागरूकता शिविर में जॉब कार्ड, किशोरियों को उसके पढ़ने के लिए किशोरी समृद्धि योजना, गोद भराई योजना, लक्ष्मी बाई योजनाका लाभ लाभूकों को दिया गया।

# समाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नामकुम :** नामकुम प्रखण्ड के सीआरसी हॉस्पिटल नामकुम में सामाजिक अधिकारीता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राँची के सांसद संजय सेठ थे। आजादी के अमृत महोत्सव अवसर पर विशेषकर दिव्यांग भाई बहनो को हार्दिक अभिनंदन,ढेर सारी शुभ कामनाएं। आज भारत अग्रणी देशो कि श्रेणि में खड़ा है। डिजिटल कि दुनिया में सबसे बेहतर प्रदर्शन कर रहे है। इस शिविर में दिव्यांग जनो को निः शुल्क स्मार्ट हैयरिंग फोन,ट्राई साईकल,बैसाखी इत्यादि का वितरण किया गया।

## रूंगटा माइन्स का भुवनेश्वर में डीलर्स मीट आयोजित, बेहतर कल के निर्माण पर चर्चा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के अग्रणी टीएमटी बार निर्माता रूंगटा माइन्स लिमिटेड ने उड़ीसा के भुवनेश्वर में पार्टनर्स मीट का आयोजन किया। इस सम्मेलन में उन डीलरों को सम्मानित भी किया गया, जिन्होंने वित्तीय वर्ष के दौरान अच्छा परफोर्मेन्स दिया है। इस मौके पर अरविंद कुमार, हैड ऑफ सेल्स एण्ड मार्केटिंग टीएमटी, रूंगटा माइन्स लिमिटेड ने डीलरों को सम्बोधित करते हुए टीम रूंगटा की सशक्त मौजूदगी तथा कंपनी की मौजूदा उत्पादन क्षमता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने वायर रॉड सेगमेन्ट, आगामी प्रोडक्ट्स के बारे में बताया, जो कंपनी के प्रोडक्ट्स पोर्टफोलियो तथा भावी विस्तार में मददगार होंगे। उन्होंने डीलरों से आग्रह किया कि आईएचबी सेगमेन्ट एवं बुनियादी कार्यों में रूंगटा स्टील टीएमटी बार के उपयोग को बढ़ावा दें। श्री कुमार ने साझेदारों से सहयोग के लिए अनुरोध किया, जो उन्हें समय पर परियोजनाओं की डिलीवरी में सक्षम बनाते हैं। उन्होंने एक बेहतर कल के निर्माण के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। अपनी बातचीत के दौरान श्री कुमार ने कंपनी के उद्देश्यों पर चर्चा की तथा कारोबार से जुड़े हर पहलु में सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने साझेदारों से आग्रह किया कि रूंगटा स्टील के ब्राण्ड की साख का लाभ उठाएं। इस सम्मेलन में प्रमुख रूप से स्टील फोर्स से सुनील पटनायक, विजय पुहान तथा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी क्रमशः अरविंद कुमार, सुभाष दलाई, शशांक शेखर आचार्य, प्रदीप सेनापति, चांदी दास पांडा शामिल थे। साथ ही कटक, जयपुर, नयागढ़, केन्द्रपारा, जगतसिंहपुर, अंगुल और धनकानेल से 140 से अधिक डीलरों ने हिस्सा लिया।

## नदी किनारे जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए शनिवार को मकर संक्रांति के अवसर पर शाखा द्वारा मानगो स्वर्णरेखा नदी औा सोनारी दोमुहानी नदी के किनारे जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री मूडी लड्डू, हलवा, इडली एवं बिस्किट का वितरण किया गया। आज के कार्यक्रम में सुनीता रिंगसिया, रश्मि झांझरिया कविता अग्रवाल एवं ममता अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष उषा चैधरी, शाखा सचिव निधि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीलम देबूका आदि का योगदान रहा।

## मकर पर्व से पूर्व आदिवासियों ने मनाया बावड़ा पर्व, मुर्गा लड़ाई में खेला लगा हजारों की बाजी



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मकर पर्व से पूर्व आदिवासियों ने आज शनिवार को मुसाबनी प्रखंड क्षेत्र के बागजाता यूरेनियम प्रोजेक्ट से सटे बाकड़ा गांव के ग्रामीणों न बावड़ा पर्व धूमधाम से मनाया। इस मौके पर बाकड़ा गांव में भव्य मुर्गा पाड़ा का आयोजन किया है। जहा लोगो ने आईपीएल की तर्ज पर मुर्गा पाड़ा में 2 से 3 हजार का सट्टा का खेल चला। इस दौरान दो हजार लोगो ने इस मुर्गा पाड़ा में सट्टेबाजी खेल आनंद उठाया। इस सट्टे बाजी में किसी को हार को मुंह देखना पड़ा तो कोई जीत की सेहरा बाद खुशी में जश्न मनाया।

## मकर पर्व में कांग्रेसी नेता आनंद दास ने गरीबों के बीच बांटे अंग वस्त्र



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दूसरो की खुशी में अपनी खुशी ढूढने वाले काफी कम लोग होते है। इधर झारखंड का सबसे महत्वपूर्ण पर्व मकर सक्रांति पर गरीब परिवार भी इस पर्व में खुशी खुशी हिस्सा ले व भूखा न रहे।जिसको लेकर पूर्वी सिंहभूम कांग्रेस किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष आनंद दास ने पोटका के सर्मदा, बनकाटी, रोलाडीह समेत विभिन्न गांव में गरीबों की ली सुध। और इस मौके पर अंग वस्त्र व गुड मीठ हेतु नगद राशि की सहायता दी। वहीं अंग वस्त्र पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे।

## समाजसेवी चंद्रनाथ महतो ने जरूरतमंद लोगों को दिए खाद्य सामग्री



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड का प्रमुख टुसु पर्व और मकर संक्रांति के अवसर पर समाजसेवी चंद्रनाथ महतो के नेतृत्व में प्रखंड के कांकडा गांव में गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच चूड़ा, गुड़, तिलकुट, रेवड़ी आदि का वितरण किया गया। इस दौरान एक सौ से अधिक जरूरतमंदों को उपरोक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया गया। इस दौरान रोहन महतो, सचिन महतो, विश्वजीत महतो, गुड्डू महतो समेत कई संमाजसेवी मौजूद थे।

## झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने की श्राद्धकर्म में मदद

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को लावा पंचायत के बेलटांड़ बाजार निवासी रहे अशोक दास के श्राद्धकर्म हेतु झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने परिजनों को आर्थिक मदद की। मुर्मू ने बताया कि विगत दिनों उनका निधन हो गई था और आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण श्राद्धकर्म करने में कठिनाई हो रही थी। इसकी सूचना समाजसेवी विश्वामित्र दास के द्वारा उन्हें दिए जाने पर तत्काल श्राद्धकर्म हेतु सुखा राशन उपलब्ध कराया गया। इसमें मुख्य रूप से सुभाष कर्मकार, विश्वामित्र दास, मनोज तांती, करण कालिंदी, आदित्य हादार आदि उपस्थित थे।

## महानगर इंटक ने धूमधाम से मनाया अपने प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय का जन्मदिन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश इंटक के अध्यक्ष सह राष्ट्रीय इंटक के सचिव राकेश्वर पाण्डेय का जन्मदिन जमशेदपुर महानगर इंटक अध्यक्ष राजेश सिंह 'राजू' के नेतृत्व मे महानगर टीम के द्वारा ढोल नगाड़े पटाका एवं फूल माला के साथ जोरदार तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप जिला पदाधिकारी पिंटू श्रीवास्तव, रवि राज, सरदार रंजीत सिंह, संतोष सिंह, अरुण त्रिपाठी, डी.एन.पाण्डेय, रौशन सिंह, रजनीकांत मिश्रा, उपेन्द्र सिंह, आनंद कुमार, विनोद पाण्डेय, सुसिल कुमार, अभिषेक कुमार, कृष्णा राजू, मनीष सिंहा, अजय उपाध्याय, गुलाब खान, अभिषेक तिवारी, अर्णव तिवारी, राकेश सिंह आदि सैकड़ों जिला इंटक कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें बधाई दिया गया।

# टाटा ने जोहार हाट का शुभारंभ किया

**- देश भर की जनजातियों की सर्वश्रेष्ठ कला, शिल्प, भोजन और प्रतिभा के लिए समर्पित स्थान**

**➲ हाट कदमा के प्रकृति विहार में हर महीने एक सप्ताह के लिए आयोजित होगा**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील फाउंडेशन ने आज जोहार हाट का शुभारंभ किया, जो भारत भर की जनजातियों की सर्वश्रेष्ठ कला, शिल्प, भोजन और प्रतिभा के लिए समर्पित स्थान है। यह जमशेदपुर के नागरिकों के लिए एक उपहार है, साथ ही यह जनजातियों की कला और संस्कृति को बढ़ावा देने का एक मंच भी है। हाट कदमा के प्रकृति विहार में हर महीने एक सप्ताह के लिए आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न जनजातियों के कारीगर और रसोइये एक विशाल सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करेंगे जो समुदायों के लिए आर्थिक लाभ और उद्यमशीलता के अवसर भी लाता है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि चाणक्य चौधरी, निदेशक, टाटा स्टील फाउंडेशन और वाईस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने कहा कि टाटा स्टील फाउंडेशन पिछले कुछ वर्षों से इस हाट को लाने की कोशिश कर रहा है। हम आदिवासी संस्कृति और पहचान को बढ़ावा देने के लिए हर साल संवाद जैसे बड़े कार्यक्रम और अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करते रहे हैं। हम निवासियों की अधिक भागीदारी देखना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य हर महीने इसी अवधि के दौरान जोहार हाट लगाना है। इस बार का प्रमुख आकर्षण ट्राइबल फैशन ज्वेलरी (वांचो ट्राइब, अरुणाचल प्रदेश), डोकरा क्राफ्ट (मुरिया ट्राइब, छत्तीसगढ़), नवजीवन को-ऑपरेटिव (हो ट्राइब, ओडिशा) सहित अन्य स्टॉल थे। प्रत्येक हाट में लाइव डेमोंस्ट्रेशन, मास्टरक्लास, कहानी सत्र, सिनेमा और शानदार भोजन के साथ ही घर की साज-सज्जा, हथकरघा और वस्त्र, आभूषण, पेंटिंग और जैविक उत्पादों की बिक्री की जाएगी। यह जमशेदपुर में जनजातीय शिल्प और व्यंजनों के लिए पहले विविधता पूर्ण बाज़ार के रूप में काम करेगा।

**समारोह के दौरान उपस्थित अन्य गणमान्य:** अतिथियों में अत्रेई सान्याल, वाईस प्रेसिडेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, टाटा स्टील, उत्तम सिंह, वाईस प्रेसिडेंट, आयरन मेकिंग, टाटा स्टील, सौरव रॉय, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, टाटा स्टील फाउंडेशन, देबदूत मोहंती, चीफ कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील कलिंगागर, मुकुल विनायक चौधरी- चीफ, स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेन्टर, डॉ. सुधीर राय, जीएम, मेडिकल सर्विसेज, टाटा स्टील, प्रणय सिन्हा, चीफ कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील जमशेदपुर और अरविंद कुमार सिन्हा, चीफ, सेफ्टी एंड ब्रांड प्रोटेक्शन, सीआर मांझी, मैनेजिंग कमिटी, ट्राइबल कल्चर सोसाइटी, बिनापानी महतो, मैनेजिंग कमिटी, ट्राइबल कल्चर सोसाइटी, सहित अन्य शामिल थे।

## भाजपा सोनारी ने सांसद के सहयोग से मकर संक्रांति व टूसू पर्व पर बांटे 100 कम्बल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शनिवार को भाजपा सोनारी मण्डल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में मकर संक्रान्ति एवं टूसू पर्व के अवसर पर सांसद विद्युत वरन महतो के सौजन्य से रूपनगर एवं निर्मल नगर में जरूरत मंद लोगों के बीच जाकर कम्बल वितरण किया। इस अवसर पर पश्चिम विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि चित्तरंजन वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रसाद, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मिडिया प्रभारी सोनू ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष विरेंद्र प्रताप सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य सुनील सिंह, रीता सिंह, महामंत्री नारायण प्रसाद, किशोर साहू,वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय रजक, एस सी मोर्चा के जिला महामंत्री शंभु कुमार राम,उपाध्यक्ष कृष्णा यादव,मंत्री रासबिहारी प्रसाद, मंत्री सुजीत आदित्य,कोषाध्यक्ष विकास साहू,आई टी सेल प्रभारी रमेश प्रसाद साहू, मिडिया प्रभारी निरज प्रसाद,महिला मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष सुजाता सरकार, डाक्टर दिपक घोष, संजीव कुमार, राजकुमार प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## झुंड से बीछड़े हाथी ने एक घर को तोड़ा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में हाथीयों का उत्पात थमने का नाम नही ले रहा है। हाथीयों द्वारा किसानों के रबि फसलों को रौद कर नष्ट कर रहा है, वहीं हाथीयों ने ग्रामीणों के घरों को भी क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा एक झुंड को क्षेत्र से भगाने के बाद दुसरा झुंड क्षेत्र में आ धमक रहा है। वहीं शुक्रवार की देर रात को रघुनाथपुर गांव में झुंड से बीछड़े एक हाथी ने शशिभूषण महतो का घर को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथीयों का भय इस कदर ब्याप्त है कि लोग अहले सुबह भी घर से निकलने के लिए डरते हैं। घटना कि सुचना मिलते ही शनिवार को वनरक्षी कैलाश महतो क्षतिग्रस्त मकान का जायजा लेने पहुंचे ।वही ग्रामीण दिलीप कुमार महतो ने बताया कि एक हाथी द्वारा शशिभूषण महतो का घर को तोड़ दिया है ।

**दोमुहानी में हजारों श्रद्धालुओं ने अयोध्या से आए पुरोहितों के साथ आरती पूजन की**

## स्वर्णरेखा नदी को मिले राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा : बन्ना गुप्ता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** हिन्दू उत्सव समिति समेत अन्य सांस्कृतिक और धार्मिक संगठनों के सहयोग से सांकेतिक स्वर्णरेखा आरती महोत्सव का समापण पुरे धार्मिक विधि विधान और वैदिक मन्त्रोंच्चारण के साथ हजारों श्रद्धालुओं के सामूहिक उपस्थिति के साथ अयोध्या से स्वामी विषम्भर महाराज समेत 11 पुरोहितों ने पुरे आरती पूजन को संपन्न कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सूबे के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने आरती और नदी पूजन कर वंदन किया, उनके साथ शिव शंकर सिंह, कविता परमार, पूर्व आईपीएस राजीव रंजन सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि स्वर्णरेखा को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने का मांग करते है, इस सिलसिले में वें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को पत्र लिखेंगे। उन्होंने बताया कि हमलोग का दायित्व है कि माँ गंगा की रक्षा करें, इसके लिए उन्होंने बेहतर प्लानिंग की रुपरेखा तैयार किया है, डीसी पूर्वी सिंहभूम और जुस्को के सहयोग से भव्य स्वर्णरेखा आरती मंडप का निर्माण किया जायेगा, इसके साथ ही आम नागरिकों के लिए भी बेहतर नागरिक सुविधाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने प्रण लिया कि स्वर्णरेखा मंडप को अतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रवि प्रकाश सिंह, अमरनाथ सिंह, सुखदेव सिंह, आरजे मनोज, संजय ठाकुर समेत विभिन्न सामाजिक संगठन के लोगों विशेष भूमिका निभाई।

## 20 जनवरी से रघुनाथपुर में तीन दिवसीय विशाल आदीवासी लोक सांस्कृतिक मेला होगा आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड मुख्यालय रघुनाथपुर में 20 जनवरी से तीन दिवसीय आदिवासी लोकसंस्कृतिक मेला का आयोजन किया जायेगा। मेला का आयोजक अमुल्य महतो ने रघुनाथपुर में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर कहा कि यह ऐतिहासिक मेला में इस साल 20 जनवरी को दोपहर 12 बजे से पश्चिम बंगाल के मशहुर राईला रास्का महल गावंता के दल द्वारा 50 महिला पुरुष द्वारा पांता नाच की प्रस्तुति की जायेगी। 21 जनवरी को दोपहर 12 बजे से पश्चिम बंगाल, झारखंड व ओड़िशा के मशहुर कल्पना हांसदा के एमेन कोयल आर्केस्ट्रा द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। 22 जनवरी को दोपहर 12 बजे से विशाल टुसू मेला का आयोजन किया जायेगा। मेला के तीनों दिन सुबह 10 बजे से सनदुडीह राईला रास्का महल गावता, बलरामपुर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम से महफिल सजेगी। मेला के संचालक अमुल्य महतो ने बताया कि इस मेला मे मुख्य अतिथि हरेलाल महतो समाजसेवी ईचागढ़ विधानसभा के हरेलाल महतो, विशिष्ठ अतिथि मेन्टर जिला परिषद पुरुलिया अधर हेम्ब्रम आमंत्रित अतिथि जिला परिषद नीमडीह असित सिंह पात्र व पूर्व जिला परिषद, काण्ड्रा सुधीर महतो उपस्थित होंगे। इस अवसर पर मेला के आयोजक अमुल्य महतो, रमापति महतो, दिवाकर दास आदि थे।

## एक्सआईटीई कॉलेज की छात्रा सिमरन ने प्रदेश स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में मारी बाजी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** विगत दिनों कोल्हान विश्वविद्यालय द्वारा विवेकानंद जयंती युवा दिवस समारोह के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में एक्सआईटीई कॉलेज गम्हरिया की छात्रा सिमरन कुमारी ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। उसे राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु चयनित किया गया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर वापस लौटने पर कॉलेज प्रबंधन द्वारा उसका स्वागत किया गया। इस मौके पर प्राचार्य फादर फ्रांसिस ने बताया कि प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाकर सिमरन ने पूरे कॉलेज का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखाया है। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी नवल नारायण चौधरी कोल्हन विश्वविद्यालय की टीम लेकर रांची गए थे। इस मौके पर उप प्राचार्य फादर मुक्ति समेत कई छात्राएं उपस्थित थी।

## पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में युवा महोत्सव का आयोजन 17 से



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में आगामी 17 जनवरी से 23 जनवरी तक युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में शनिवार को कॉलेज में आयोजित बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि युवा महोत्सव के मौके पर क्रिकेट प्रतियोगिता, फुटबॉल, कबड्डी, क्विज, निबंध, भाषण व डांस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 22 को झारखंड की महान संस्कृति टुसू पर्व का आयोजन होगा एवं 23 को समापन समारोह के दौरान पुरस्कार वितरण किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से कॉलेज के सचिव चंद्रशेखर टुडू, प्रोफेसर इंचार्ज कृष्णपद महतो, विश्वनाथ महतो, भुवनेश्वर महतो, साश्वती महतो आदि थे।

## मकर पर्व के बांउढ़ी में ग्रामीण क्षेत्रों में फैल रहा ढेंकी से बनने वाला चावल का पीठा का खुशबू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकड्रु प्रखंड क्षेत्र में मकर पर्व यानी टुसु पर्व के एक दिन पहले से यानी बांउढ़ी को क्षेत्र के वातावरण में गुड़ पीठा की खुशबू घुलने लगी है। मकर पर्व के आगाज के साथ ही गांवों में पीठा बनया जा रहा है। वहीं शनिवार को बांउढ़ी में सितू बाजार,मिलन चौक आदि जगहों में टुसु , कपड़े आदि खरीदने के लिए लोगों का काफी भीड़भाड़ रहा । इस टुसु पर्व में आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में लकड़ी से बने ढेंकी का स्तेमाल मकर पर्व पर चावल का गुंडी बनाने में किया जाता है। चावल का गुंडी से गुड़ पीठा एवं तरह तरह के पीठा बनाया जाता? है। वहीं क्षेत्र में महिलाएं आज दिनभर ढेकी में चावल कुटकर पीठा बनाया जा रहा है। गुड़ पीठा यहां का सांस्कृतिक विरासत है। ढेंकी से बने चावल की आटा को गुड़ की चासनी बनाकर फेंट दिया जाता है और उस चावल का आटा और गुड़ से बने इस मिश्रण को लोई बनाकर एक छोटा कटोरी के आकार का पीठा को गरम तेल में छानकर पीठा बनाया जाता है । हांलांकि पश्चिम सभ्यता में ढेंकी का प्रचलन काफी कम हो गया है ,मगर पुस पर्व या टुसु पर्व के मौके पर ढेंकी से पीसे चावल का आटा को ही तहरीज दिया जाता है। बताया जा रहा है कि आज बांउड़ी के दिन पीठा बनाया जाता है। हमारे ग्रामीण क्षेत्र में इस पर्व को पीठा पर्व के रूप में भी जाना जाता है। बताया जा रहा है कि पारम्परिक रिती रिवाज से पीठा बनाया जाता है। अभी गांवों में कुछ घरों में ही ढेंकी है और उसी में महिलाएं जाकर चावल कुटकर आटा बनाती है। घर में ढेंकी रखने का रिवाज कम जरूर हुआ है,मगर आज भी मकर पर्व को ढेंकी का उपयोग किया जाता है।पीठा पर्व यहां पारम्परिक रूप से मनाया जा रहा है।

## मकर संक्रांति' पर श्री हनुमान चालीसा म्यूज़िक वीडियो लांच



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** 'मकर संक्रांति' के अवसर पर पद्मश्री सोनू निगम के आई बिलीव म्यूज़िक ने जेटसिंथेसिस के डिजिटल मनोरंजन अंग, ग्लोबल म्यूज़िक जंक्शन के साथ श्री हनुमान चालीसा का म्यूज़िक वीडियो लॉन्च किया। यह लॉन्च मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में 'गोरखपुर महोत्सव 2023' में किया गया। इस कार्यक्रम में शहर और आसपास के इलाकों से 50,000 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। सोनू निगम के साथ इस म्यूज़िक वीडियो में दर्शकों को हनुमान जी की स्तुति में अद्वितीय वीडियो इफेक्ट्स के साथ भक्ति स्तोत्र का नया अनुभव मिलेगा। हर प्रमुख ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विस्तृत मौजूदगी के साथ यह वीडियो देश में युवाओं और बुजुर्गों, दोनों को आकर्षित करेगा। म्यूज़िक एस्सेट लॉन्च के इतिहास में पहली बार यह म्यूज़िक वीडियो एक साथ 50 से ज्यादा यूट्यूब चैनल्स पर रिलीज़ हो रहा है। योगी जी ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा, ' आज यहां पे सुप्रसिद्ध संगीतकार श्री सोनू निगम जी ने अपने स्वर से इसे एक नई ऊँचाई दी है। मैं इसके लिए उन्हें हृदय से धन्यवाद देता हूं। गायक सोनू निगम ने कहा, ' जब मैं यह कंपोज़ करने बैठा तो मुझे लगा कि मेरी माँ आध्यात्मिक रूप से इसकी कंपोज़िशंस और अरेंजमैंट्स को स्ट्रीम करती जा रही हैं। यह बिल्कुल जादुई था। म्यूज़िक वीडियो के लॉन्च के बारे में राजन नवानी, चेयरमैन एवं एमडी, जेटसिंथेसिस ने कहा, ' हम सोनू निगम के आई बिलीव म्यूज़िक के साथ गठबंधन में श्री हनुमान चालीसा का एक नया रूपांतर लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं, जिसके साथ हम भारत में जेटसिंथेसिस डिजिटल एंटरटेनमेंट का और ज्यादा विस्तार कर रहे हैं।

## मंत्री का पचास लाख खर्च कर दोमुहानी में आरती घाट बनाना अनुचित : सुधीर कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एवं जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचित विधायक बन्ना गुप्ता ने शिक्षा, स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देकर सुनारी दोमुहानी में आरती घाट और पर्यटन केंद्र बनाने के नाम पर 50 लाख का आवंटन किया है जो अनुचित है। जमशेदपुर कोर्ट के वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने उक्त बातें कही है । उन्होंने कहा कि सोनारी, कदमा और मानगो क्षेत्र में दर्जनों स्कूल जर्जर स्थिति में है वैसे सरकारी स्कूल में बच्चों को बुनियादी सुविधा का अभाव है शौचालय नहीं है एवं कोविड-19 के दौरान मध्यम परिवार के द्वारा अपने बच्चों का स्कूल फीस नहीं जमा करने पर परीक्षा से वंचित करना एवं नामांकन रद्द करने पर जनप्रतिनिधि के द्वारा चुप्पी साधना ,कई क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा का अभाव है परंतु मंत्री ने वहां ध्यान नहीं देकर पाखंड के नाम पर रु50लाख आवंटित कर दिया यह समझ से परे हैं।

## संपादकीय

# 'नाटू-नाटू' को अवार्ड

**प्रख्यात** निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' ने न सिर्फ वैश्विक इतिहास रचा है, बल्कि भारत के बारे में स्थापित पश्चिमी और विदेशी सोच, मान्यता और बेचारगी के बोध को भी खंडित किया है। यह भारत की सर्वप्रथम फिल्म है, जो हमारी मिट्टी और आदिवासी स्वाभिमान की कहानी पर आधारित है, जिसके गीत-संगीत को 'गोल्डन ग्लोब अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान गैर-अंग्रेजी फिल्म वर्ग के मूल गीत 'नाटू-नाटू' (नाचो-नाचो) को हासिल हुआ है, जिसने कई अंतरराष्ट्रीय हस्तियों की रचनाओं को पछाड़ा है। संगीतकार एम.एम. कीरावानी और गीतकार चंद्रबोस की रचनात्मकता को सलाम....इतिहास रचने की बधाइयां और भारत देश को गर्वोन्नत करने को साधुवाद...! ऐसी प्रतिभाएं भारत में बहुत होंगी। यह सम्मान उन्हें प्रेरणा देगा, एक वैश्विक मंच पर प्रस्तुति करने का उत्साह देगा। अभी स्वर्णिम सफर थमा नहीं है। भावुकता और अभिनंदन के पल अभी प्रतीक्षारत हैं, उन्हें भी जीना है, क्योंकि 14 अन्य गीतों के साथ 'नाटू-नाटू' गीत भी 'ऑस्कर अवार्ड' की सूची में नामांकित है। फैसला 24 जनवरी को सार्वजनिक होगा। हालांकि वर्ष 2000 की फिल्म 'स्लमडॉग मिलेनियर' के लिए संगीतकार ए.आर.रहमान को 'जय हो' गाने के लिए 'ऑस्कर' से नवाजा गया था, लेकिन वह फिल्म भारतीय नहीं, ब्रिटिश थी, बेशक उसमें कई भारतीय कलाकारों ने अभिनय किया था, तकनीकी भूमिका निभाई थी और गीतकार गुलज़ार थे। उस फिल्म को कई 'ऑस्कर अवार्ड' मिले थे। इसी तरह 'गांधी' फिल्म पूरी तरह विदेशी थी। फिल्म भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर जरूर बनाई गई थी। उसे भी कई 'ऑस्कर' से सम्मानित किया गया था।

> 'आरआरआर' ने भारत संबंधी पुराने मिथकों और पूर्वाग्रही धारणाओं को तोड़ने की एक सार्थक कोशिश की है। अभी तक विदेशी फिल्मों में भारत की गरीबी, मजबूरी, शोषण, दमन, भुखमरी, सूदखोर महाजन आदि की विभिन्न छवियों को चित्रांकित किया जाता रहा है। भारत को 'सांप और सपेरों का देश' करार दिया जाता रहा है। भारत को अविकसित, पिछड़ा, दयनीय देश माना जाता रहा था। ऐसे ही कथानकों और पात्रों पर बनी फिल्मों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खूब प्रशंसा मिलती थी। 'ऑस्कर' के लिए भी नामांकित किया जाता था। कुछ सम्मान भी दिए गए हैं। भारत की ओर से भी ऐसी ही फिल्में 'ऑस्कर' के नामांकन के लिए अधिकृत तौर पर भेजी जाती थीं, जो दबे, कुचले, दलित, वंचित, उपेक्षित समाज और पात्रों की कहानियां बयां करती थीं, लेकिन अब राजामौली ने 'आरआरआर' के जरिए ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ प्रतिशोध की कहानी कहने की पहल की है।

उन मायनों में 'आरआरआर' विशुद्ध रूप से भारतीय फिल्म है, जिसे दुनिया का दूसरा सर्वोच्च प्रतिष्ठित सम्मान मिला है। यह फिल्म बुनियादी रूप से तेलुगू में बनाई गई, लेकिन जब हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व और सम्मान की बात करते हैं, तो निश्चित रूप से भारतीय सिनेमा सम्मानित हुआ है और हमारा राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' बुलंदियों पर लहरा रहा है। यकीनन आंध्रप्रदेश के लिए भी ये गौरव और गर्व के पल हैं। 'आरआरआर' ने भारत संबंधी पुराने मिथकों और पूर्वाग्रही धारणाओं को तोड़ने की एक सार्थक कोशिश की है। अभी तक विदेशी फिल्मों में भारत की गरीबी, मजबूरी, शोषण, दमन, भुखमरी, सूदखोर महाजन आदि की विभिन्न छवियों को चित्रांकित किया जाता रहा है। भारत को 'सांप और सपेरों का देश' करार दिया जाता रहा है। भारत को अविकसित, पिछड़ा, दयनीय देश माना जाता रहा था। ऐसे ही कथानकों और पात्रों पर बनी फिल्मों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खूब प्रशंसा मिलती थी। 'ऑस्कर' के लिए भी नामांकित किया जाता था। कुछ सम्मान भी दिए गए हैं। भारत की ओर से भी ऐसी ही फिल्में 'ऑस्कर' के नामांकन के लिए अधिकृत तौर पर भेजी जाती थीं, जो दबे, कुचले, दलित, वंचित, उपेक्षित समाज और पात्रों की कहानियां बयां करती थीं, लेकिन अब राजामौली ने 'आरआरआर' के जरिए ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ प्रतिशोध की कहानी कहने की पहल की है। यह दो आदिवासियों की कहानी है, जो भारत के अलग-अलग क्षेत्रों से आते हैं। एक आदिवासियों के साथ मिलकर ब्रिटिश दमन के खिलाफ लड़ता है, तो दूसरा हैदराबाद के निज़ाम के शोषण से लड़ता है। यह प्रतीकात्मक तौर पर आज़ादी के लिए संघर्ष करते, क्रांतिकारी और सच्चे भारत की कहानी है, जिसके नेपथ्य में प्रभु राम और माता सीता का रूपक भी पेश किया गया है। यह धुर भारतीय फिल्म की अभूतपूर्व सफलता है, जिसने 1200 करोड़ रुपए से ज्यादा का बिजनेस किया है।

## बोध कथा

# ईश्वर के अस्तित्व से जुड़ने का यह है सबसे सरल तरीका

**देवत्व** को प्रकट करने और उसके अस्तित्व के साथ स्वयं को जोड़ने का एकदम सरल उपाय है कि हम प्रकृति के अनुरूप दिनचर्या को अपना लें। ईश्वर कोई व्यक्ति, कोई वस्तु या हमारी परिभाषा में गढ़ा कोई विचार नहीं है। वह अस्तित्व का अनंत विस्तार और उसकी पावनता है, जो हरेक पल और हर जगह मौजूद है। ऐसे में जब हम धरती के अवयवों- मिट्टी, जल, वनस्पति और वायु से खुद को जोड़ते हैं तो हम स्वयं को देवत्व से जोड़ते हैं। धरती महज मिट्टी की संरचना नहीं, प्राणवान ऊर्जा है जो सृजन करती है और सहारा देती है। धरती की पोषण शक्ति अनंत है, वह विश्वंभरा है। धरती की मिट्टी में वृक्ष और वनस्पतियां उत्पन्न होती हैं। इनसे प्राणीजगत को अन्न मिलता है, जो हमारे शरीर को बनाता है। प्रकृति के साथ जो गंध और ध्वनि है, वह सदैव हमें करुणा और सेवा भाव से जोड़ता है। पर्वत और उसकी जलधाराओं के कारण प्रकृति समृद्ध बनती है, पृथ्वी की एकता प्रगाढ़ होती हैं। ऋतुओं और मेघों से जुड़े मौसम का परिवर्तन सामाजिक जीवन को आनंद से भर देता है। भूमि के जल और अन्न, ऋतुओं के राग और रंग में घनिष्ठ संबंध है। वनस्पति और मनुष्य इस धरती की संतान हैं। दोनों अडिग भाव से मातृसेवा में लगे हैं और माता भी अपने पुत्रों का सदैव भरण-पोषण करती है। धरती के कारण ही मनुष्य और वनस्पति दोनों दीर्घजीवी हैं। परस्पर आश्रित होने के कारण दोनों विकसित होते हैं। पर्वतों की गोद, नदियों के संगम, अरण्य के गहवरों में मनुष्य के मन चिंतनशील होते हैं। वह प्रकृति की रहस्यमयी शक्ति का चिंतन करता हैं। चिंतन के पश्चात देवदार, बरगद, पीपल, आम, शाल और केला जैसे विशाल और पवित्र वृक्षों के साथ व्यक्ति अपना संबंध जोड़ता है, उनसे ज्ञान प्राप्त करता है और उन्हें सम्मान देता है। इससे वृक्ष देवता की परिकल्पना होती है। हमारे मन में लताओं, पुष्पों और जल तथा वायु का भी बड़ा स्थान है। ये प्राणी का प्रकृति के प्रति एक आदर भाव बनाते हैं। ऐसे ही उदात्त भावों के कारण यह भावना बनी कि पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं। यदि जन का यह भाव और आगे बढ़ता जाए तो उसकी चेतना की प्राणवायु में देवत्व का संचार हाता जाएगा और व्यक्ति पृथ्वी से आकाश तक छा जाएगा। जहां भी दिव्यता दिखी, वहां देवत्व को प्रतिस्थापित कर दिया। जहां सृजन, शक्ति और साधना का केंद्र मिला, उसे देवस्थान बना दिया। हिमालय देवभूमि है, वहां कैलाश पर शिव अखंड समाधि में अवस्थित हैं, तो बदरी विशाल में श्रीकृष्ण तपरत रहे। गंधमाधन पर्वत की चोटी पर नर-नारायण साधनरत है। धरती के हरेक स्थान को देवत्व से जोड़ने के लिए शिव, विष्णु, शक्ति से स्थलों को जोड़ दिया गया। जो हमारे जीवन को भरती है, पुष्ट करती है और स्वस्थ रखती है, वह प्रकृति है। प्रकृति क्या है? नदियों में निरंतर बहने वाला जल, आकाश में सदा बहने वाली वायु, सूर्य का नित्य प्रति मिलनेवाला तेज, हर ऋतु के अनुसार अन्न, फल और मधु देनेवाली पृथ्वी, निर्बाध विचरण का अवसर प्रदान करनेवाला आकाश ही प्रकृति है। य

> पर्वत और उसकी जलधाराओं के कारण प्रकृति समृद्ध बनती है, पृथ्वी की एकता प्रगाढ़ होती हैं। ऋतुओं और मेघों से जुड़े मौसम का परिवर्तन सामाजिक जीवन को आनंद से भर देता है। भूमि के जल और अन्न, ऋतुओं के राग और रंग में घनिष्ठ संबंध है। वनस्पति और मनुष्य इस धरती की संतान हैं। दोनों अडिग भाव से मातृसेवा में लगे हैं और माता भी अपने पुत्रों का सदैव भरण-पोषण करती है। धरती के कारण ही मनुष्य और वनस्पति दोनों दीर्घजीवी हैं।

### 1941 में भी जनगणना हुई लेकिन आंकड़े पेश नहीं किए गए। इसके बाद अगली जनगणना से पहले देश आज़ाद हो चुका था

# एकजुट हो रहे हिंदुओं को फिर 'बांटने' की साजिश है जातिगत गणना

> 'खेल' की बुनियाद तो काफी पहले पड़ गई थी, लेकिन जबसे भारतीय जनता पार्टी और खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा देते हुए जातियों में बंटे हिन्दुओं को एकजुट करने की सफल मुहिम चलाई तो जातिवाद की राजनीति करने वाले दलों के नीचे से सत्ता खिसक गई। इसी के बाद हिन्दुओं को आपस में बांटने और लड़ाने का खेल फिर से शुरू हो गया इसीलिए साशिज के तहत जातीय गणना कराई जा रही है। गौरतलब है कि अपने देश में तमाम जातियां और उनकी उपजातियां हैं। इनकी संख्या कितनी है, किस जाति में कितने लोग हैं, इनकी आर्थिक स्थिति क्या है, ये फिलहाल निर्धारित नहीं है। साल 1931 से लेकर आज भी यही मुद्दा हमारे देश में विकास की राह में रोड़ा बना हुआ है। वर्ष 1931 तक भारत में जातिगत जनगणना होती थी।

**यह** देश का दुर्भाग्य है कि 21वीं सदी में भी हम जातिवाद में उलझे हुए हैं। एक तरफ समाज के सभी वर्गों में समानता लाने के लिए तमाम समाजसेवी संगठन मुहिम चला रहे हैं तो वहीं कई राजनैतिक दल वोट बैंक की सियासत के सहारे सत्ता सुख भोगने के लिए जातिगत जनगणना कराये जाने के लिए उतावले नजर आ रहे हैं। उनको इस बात की चिंता नहीं है कि जातीय गणना कराया जाना किसी 'विस्फोट' से कम नहीं है। यह वह 'आग' है जिसमें उन लोगों के तो हाथ जलना तय ही है जो इसे लगा रहे हैं, वहीं वह भी इस 'आग' से नहीं बचेंगे जो तटस्थ रहेंगे। इससे समाज में भेदभाव को बढ़ावा मिलना तय है, भले ही जातीय गणना का समर्थन करने वाले इसके तमाम फायदे गिनाते रहें, लेकिन इसके पीछे सत्ता हथियाने का खेल ही है। इस 'खेल' की बुनियाद तो काफी पहले पड़ गई थी, लेकिन जबसे भारतीय जनता पार्टी और खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा देते हुए जातियों में बंटे हिन्दुओं को एकजुट करने की सफल मुहिम चलाई तो जातिवाद की राजनीति करने वाले दलों के नीचे से सत्ता खिसक गई। इसी के बाद हिन्दुओं को आपस में बांटने और लड़ाने का खेल फिर से शुरू हो गया। इसीलिए साजिश के तहत जातीय गणना कराई जा रही है। गौरतलब है कि अपने देश में तमाम जातियां और उनकी उपजातियां हैं। इनकी संख्या कितनी है, किस जाति में कितने लोग हैं, इनकी आर्थिक स्थिति क्या है, ये फिलहाल निर्धारित नहीं है। साल 1931 से लेकर आज भी यही मुद्दा हमारे देश में विकास की राह में रोड़ा बना हुआ है। वर्ष 1931 तक भारत में जातिगत जनगणना होती थी। साल 1941 में जनगणना के समय जाति आधारित डेटा जुटाया ज़रूर गया था, लेकिन प्रकाशित नहीं किया गया। साल 1951 से 2011 तक की जनगणना में हर बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का डेटा दिया गया, लेकिन ओबीसी और दूसरी जातियों का नहीं। इसी वजह से सबसे ज्यादा विवाद पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या को लेकर ही है। मोटे अनुमान के अनुसार देश में पिछड़ा वर्ग समाज की आबादी करीब 50 फीसदी के करीब है। इसी वर्ग की संख्या को पुख्ता करने के लिए अलग-अलग राज्य, केंद्र पर दबाव बनाते रहते हैं, क्योंकि राजनीतिक




पार्टियां अपने पक्ष में वोटों की गोलबंदी करने के लिए जातिगत पहचान का सहारा सबसे अधिक लेती हैं। इस संबंध में कुछ संविधान विशेषज्ञों का कहना है कि जातिगत जनगणना होती है तो अब तक की जानकारी में जो आंकड़े हैं, वो ऊपर नीचे होने की पूरी संभावना है। जैसे ओबीसी की आबादी 52 प्रतिशत से घट जाती है तो एक नया विवाद हो सकता है और मान लीजिए यह प्रतिशत बढ़ जाता है, जिसकी पूरी संभावना है तो यह वर्ग यानी ओबीसी और उसके नेता सत्ता और संसाधन में हिस्सेदारी की और मांग करने लगेंगे। यह भी तय है कि जातीय जनगणना में आदिवासियों और दलितों के आकलन में फ़ेरबदल होगा नहीं, क्योंकि वो हर जनगणना में गिने जाते ही हैं, ऐसे में जातिगत जनगणना में प्रतिशत में बढ़ने घटने की गुंज़ाइश अपर कास्ट और ओबीसी के लिए ही है। भाजपा की पैठ अभी सवर्ण जातियों में ज्यादा है। आरक्षण का दायरा बढ़ने पर सवर्ण जातियां विरोध करेंगी और सरकार की परेशानी बढ़ेगी। जातिगत जनगणना की मांग करने वाले दलों में समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी समेत दर्जन भर से ज्यादा पार्टियां शामिल हैं। सभी चाहते हैं कि ओबीसी की सही तादाद सामने आए, उसके बाद जरूरी हो तो आरक्षण की 50 फ़ीसदी की सीमा को बढ़ाया जाए, लेकिन इसमें से कोई भी दल यह नहीं कह रहा है कि हिन्दुओं की तरह मुसलमानों में भी विभिन्न जातियों के अलग-अलग आंकड़े जुटाए जाएं। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह दल अपने राजनैतिक फायदे के लिए हिन्दुओं के वोट बैंक को तो बिखरता हुआ देखना चाहते हैं, लेकिन मुसलमानों का वोट थोक के भाव चाहते हैं, इसलिए मुसलमानों में एकजुटता बनी रहे, यह इस राजनैतिक दलों की सियासत को काफी सूट करता है। जानकार कहते हैं कि सही जनगणना होने से कोई नुक़सान नहीं होगा बल्कि तमाम जातियों के बारे में और उनकी स्थिति के बारे में पता चलेगा और उन्हें उनका आरक्षण, समाज में स्थान और अन्य संसाधनों में पूरा हक़ मिल सकेगा। बहरहाल, जातीय जनगणना की वकालत करने वाले लोग और नेता कहने को तो यही कहते हैं कि सभी जातियों के उत्थान और उनके वाजिब हक़ के लिए भी यह ज़रूरी होता है, लेकिन केंद्र की सत्ता में रहने वाली पार्टी कुछ-न-कुछ बहाना बनाकर हर बार इसे टाल जाती है। जातीय जनगणना को लेकर सबसे ज्यादा सियासत बिहार और उत्तर प्रदेश में देखने को मिलती है। नारा भी बुलंद रहता है कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।' उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बिहार में राष्ट्रीय जनता दल ऐसी दो बड़ी क्षेत्रीय पार्टी हैं जो लम्बे समय से जातिगत जनगणना की मांग करती रही हैं। इसमें से बिहार सरकार द्वारा जातीय गणना कराये जाने को हरी झंडी भी दे दी गई है। बिहार के जनता दल युनाइटेड-राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के गठबंधन वाली सरकार ने जिसके मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं, ने जातीय गणना का काम सात जनवरी से आरंभ भी कर दिया है। इस गणना का नफा-नुकसान तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन एक बात पक्की है कि राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की मांग पर आखिरकार अमल हो गया। यानि सीधे सपाट शब्दों में कहें तो जातीय गणना की शुरुआत करा करा आरजेडी ने अपनी पहली रणनीतिक जीत हासिल कर ली है। नीतीश कुमार जब बीजेपी के साथ एनडीए की सरकार में थे तो आरजेडी के तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने यह मांग नीतीश कुमार से की थी। नीतीश कुमार ने उसके बाद एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास भेजा था। उधर, आज भले ही बिहार बीजेपी के नेता जातीय गणना की प्रासंगिकता पर अब सवाल खड़ा कर रहे हैं, लेकिन उस वक्त दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मिलने गये सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के सदस्य भी शामिल थे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बीजेपी भी इसका विरोध करके किसी जाति को नाराज नहीं करना चाहती है।

# बदलता मौसम खतरे की घंटी

> दुनिया भर के लोग बदलते मौसम का कहर झेल रहे हैं। बर्फबारी कई देशों के लिए संकट बन गई है। ठंडे स्थान गर्म हो रहे हैं, जबकि गर्म जगहें ज्यादा गर्म हो रही हैं। तूफान, बाढ़, सूखा और भूकंप की घटनाएं अब विकराल रूप में कहर बरपा रही हैं। कुदरत का अंधाधुंध दोहन और शोषण करना अब हमारे लिए काल बनता जा रहा है। बर्फबारी और तूफान से अमेरिका, कनाडा और जापान मुख्य रूप से प्रभावित हैं। जापान में 229 सेंटीमीटर तक बर्फबारी हुई है, वहीं अमेरिका में बर्फबारी और तूफान कहर मचाए हुए है। अमेरिका में सब कुछ ठप है। जन-जीवन इस तरह रुक गया है कि आपात स्थिति में भी लोगों को मदद नहीं मिल पा रही है। पूर्वी अमेरिका के कुछ हिस्सों में भीषण हिमपात और कड़ाके की ठंड से मौसम संबंधी मौतों की संख्या बढ़ कर कम से कम अट्ठाईस हो गई है। अमेरिका के मुख्य शहरों में बर्फबारी ने लोगों को परेशानी में डाल दिया है। वहां बम चक्रवात से चौदह लाख से ज्यादा घर और व्यवसाय गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं, क्योंकि इससे बिजली कटौती और तापमान में गिरावट आई है। जापान में सर्दी से पंद्रह लोगों की मौत हो चुकी है।

**यह** प्राकृतिक जगत पर हमारे अनियंत्रित प्रभाव को उसके साथ सचेत, सोद्देश्य तथा नियोजित अंतर्क्रिया में बदलने से भी संबंधित है। सबसे अधिक, पारिस्थितिकीय तथा सामाजिक समस्या सारी दुनिया से कुछ जीव-जातियों का व्यापक पैमाने पर गायब होना है। दुनिया भर के लोग बदलते मौसम का कहर झेल रहे हैं। बर्फबारी कई देशों के लिए संकट बन गई है। ठंडे स्थान गर्म हो रहे हैं, जबकि गर्म जगहें ज्यादा गर्म हो रही हैं। तूफान, बाढ़, सूखा और भूकंप की घटनाएं अब विकराल रूप में कहर बरपा रही हैं। कुदरत का अंधाधुंध दोहन और शोषण करना अब हमारे लिए काल बनता जा रहा है। बर्फबारी और तूफान से अमेरिका, कनाडा और जापान मुख्य रूप से प्रभावित हैं। जापान में 229 सेंटीमीटर तक बर्फबारी हुई है, वहीं अमेरिका में बर्फबारी और तूफान कहर मचाए हुए है। अमेरिका में सब कुछ ठप है। जन-जीवन इस तरह रुक गया है कि आपात स्थिति में भी लोगों को मदद नहीं मिल पा रही है। पूर्वी अमेरिका के कुछ हिस्सों में भीषण हिमपात और कड़ाके की ठंड से मौसम संबंधी मौतों की संख्या बढ़ कर कम से कम अट्ठाईस हो गई है। अमेरिका के मुख्य शहरों में बर्फबारी ने लोगों को परेशानी में डाल दिया है। वहां बम चक्रवात से चौदह लाख से ज्यादा घर और व्यवसाय गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं, क्योंकि इससे बिजली कटौती और तापमान में गिरावट आई है। जापान में सर्दी से पंद्रह लोगों की मौत हो चुकी है। भारी बर्फबारी के कारण अठारह हजार से अधिक लोग बिजली और पानी से वंचित हो गए थे। जापान के यामागाटा प्रांत के कई क्षेत्रों में 229 सेमी हिमपात हुआ। जापान में मौसम अधिकारियों ने सार्वजनिक परिवहन और बिजली कटौती पर संभावित प्रभावों के लिए सावधानी बरतने का आग्रह किया है। कनाडा में भी स्थिति गंभीर है। बर्फबारी ने लोगों को बहुत परेशानी में डाल दिया है। उत्तरी कनाडा में भयानक ठंड की वजह से तापमान -52 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालत यह है कि पानी कुछ सेकंड में जम जा रहा है। बर्फबारी से सामान्य जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। सड़क पर बर्फ की चादर बिछ चुकी है। यूरोप के कई देशों में ठंड की जगह गर्मी हो रही है। चीन में ठंड बढ़ने के साथ-साथ कोरोना संक्रमितों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। भारत में भी इन दिनों उत्तर भारत भीषण ठंड की चपेट में है, तो दक्षिण भारत के कई राज्य बेमौसम वर्षा से परेशान हैं। दुनिया के अनेक हिस्सों में इन दिनों मौसम जिस तरह चरम पर पहुंच रहा है, वह हैरान और चिंतित करने वाला है। पिछले साल कनाडा में तापमान पचास डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया, जिससे सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। जबकि कनाडा को ठंडे मौसम के लिए जाना जाता है। अमेरिका के भी कई राज्यों में भीषण गर्मी से जानें चली गई थीं। कनाडा-अमेरिका में जहां हीटडोम के कारण गर्मी झुलसा रही थी, वहीं न्यूजीलैंड में 'आर्कटिक ब्लास्ट' से बर्फीला तूफान कहर ढा रहा था। हीटडोम गर्म हवाओं का एक पहाड़ होता है, जो बहुत तेज हवा की लहरों के उतार-चढ़ाव से बनता है। जब तेज लहर चलती है, तो वातावरण के ऊपरी स्तर में मजबूत हवाओं का एक बांध बन जाता है, जिससे यह काफी तीव्र और लंबा हो जाता है। हालांकि सांख्यिकीविदों के अनुसार ऐसी घटना एक हजार साल में एक बार होती है। लेकिन मानव निर्मित गर्मी वातावरण को लगातार गर्म करती जा रही है, इसलिए इस घटना के जल्दी होने की आशंका बढ़ गई है। जबकि आर्कटिक विस्फोट तब होता है, जब ठंड के मौसम में तापमान बहुत कम हो जाने पर अक्षांश वाले इलाकों में बर्फीला तूफान चलने लगता है। इससे पूरे इलाके में मोटी-मोटी बर्फ जम जाती है। इसी को 'आर्कटिक ब्लास्ट' या 'कोल्ड ब्लास्ट' भी कहा जाता है। इस समय अमेरिका इसका शिकार है, जहां कुछ जगह तापमान माइनस पचास डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। अब दुनिया भर के वैज्ञानिक यह अनुभव कर रहे हैं कि तकनीकी विकास से मानव जाति के लिए सबसे बड़ा खतरा पैदा हो गया है। इसके चलते ही आज सांस लेने के लिए न तो शुद्ध हवा है और न पीने के लिए स्वच्छ जल। कई तरह के रसायन और कीटनाशकों के कारण खाद्यान्न पहले से ही प्रदूषित हो चुके हैं। अब मौसम के बदलाव का नतीजा भोगने के लिए तैयार रहिए। एक कोरोना विषाणु ने ही दुनिया को दिखा दिया कि सारी वैज्ञानिक तरक्की के बावजूद प्रकृति के प्रकोप के आगे हम कितने असहाय हैं। कोविड के प्रसार के तीन साल बाद भी हम उसके व्यवहार को पूरी तरह से नहीं समझ पाए हैं। हालांकि पर्यावरणविद बहुत दिनों से पर्यावरण के विनाश से मचने वाली तबाही की चेतावनी देते आ रहे हैं। लेकिन कथित विकास की होड़ में उसे अभी तक लगभग नजरअंदाज ही किया जाता रहा है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में पिछले दिनों कोरोना के कारण लगाई गई पूर्णबंदी में प्रकृति में जिस तरह से निखार आया था, उसने दिखा दिया कि अगर हम पर्यावरण को तबाह करना बंद कर दें तो अब भी शायद परिस्थिति को संभाला जा सकता है। मगर अब भी अगर हम नहीं संभले तो शायद जल्दी ही वापस लौटने के लिए बहुत देर हो चुकी होगी। पिछले चालीस-पचास वर्षों में इस धरती के कई जीव-जंतु हमारी कारगुजारियों के कारण विलुप्त हो गए हैं और कई विलुप्ति के कगार पर हैं। पर्यावरण में कई खतरनाक घटनाएं आज साफ-साफ दिखाई दे रही हैं। हर साल साठ लाख हेक्टेयर खेती योग्य भूमि मरुभूमि में बदल रही है। ऐसी ऊसर जमीन का क्षेत्रफल तीस साल में लगभग सऊदी अरब के क्षेत्रफल के बराबर होता है। हर साल एक सौ दस लाख से अधिक हेक्टेयर वन उजाड़ दिए जाते हैं, जो तीस साल में भारत जैसे देश के क्षेत्रफल के बराबर हो सकता है। अधिकांश जमीन जहां पहले वन उगते थे, ऐसी खराब कृषि भूमि में बदल जाती है, जो वहां रहने वाले खेतिहरों को भी पर्याप्त भोजन दिलाने में असमर्थ है। विकास की इस प्रक्रिया को अगर रोका न गया तो महाविनाश निश्चित है। प्राकृतिक पर्यावरण को मनुष्य की आवश्यकताओं के अनुसार रूपांतरित करना तथा विनाशक प्राकृतिक शक्तियों जैसे भूकंप, टाईफून, चक्रवात, बाढ़ और सूखे, हिमानी भवनों, चुंबकीय और सौर आंधियों, रेडियो सक्रियता, अंतरिक्षीय विकिरणों के विरुद्ध संघर्ष करना अनिवार्य है। पर ऐसे परिवर्तन केवल उन नियमों के अनुसार किए जा सकते हैं, जिनके द्वारा जैव मंडल एक अखंड और स्वनियामक प्रणाली के रूप में काम करता तथा विकसित होता रहे। आज का पर्यावरणीय प्रश्न महज प्रदूषण तथा मनुष्य के आर्थिक क्रियाकलाप के नकारात्मक परिणामों का प्रश्न नहीं है। यह प्राकृतिक जगत पर हमारे अनियंत्रित प्रभाव को उसके साथ सचेत, सोद्देश्य तथा नियोजित अंतर्क्रिया में बदलने से भी संबंधित है। सबसे अधिक, पारिस्थितिकीय तथा सामाजिक समस्या सारी दुनिया से कुछ जीव-जातियों का व्यापक पैमाने पर गायब होना है। प्रमुख जैविकविद जानवरों और पौधों की जातियों के इतने बड़े पैमाने पर लुप्त होने का पूर्वानुमान लगाते हैं, जो प्राकृतिक तथा मनुष्य की क्रिया के फलस्वरूप पिछले करोड़ों वर्षों में हुए उनके विलुप्तीकरण से कहीं अधिक बड़ा होगा।

## देश दुनीया से

# देसी पहचान खत्म करने की रणनीति

**एटीएम** (अरब, तुर्क, मंगोल) भारतीय मुसलमानों को अपना गुलाम मानने की मानसिकता से ग्रसित रहे हैं। एटीएम की मानसिकता की शुरुआती अभिव्यक्ति जियाऊद्दीन बर्नी के कथनों में चौदहवीं शताब्दी में ही मिल जाती है। बर्नी ने भारत में शासन कर रहे एटीएम के शासकों को इस आदेश का हवाला देकर समझा रहा है कि उन्हें भारतीय देसी मुसलमानों से कैसा व्यवहार करना चाहिए। बर्नी के अनुसार, 'केवल अशरफ समाज को यह अधिकार प्राप्त है कि वे समाज में उच्च पदों को सुशोभित करें।' लेकिन यह कैसे सम्भव था? बर्नी ने इस समस्या का समाधान यह कहते हुए दिया कि 'समाज के निचले वर्ग के लोगों को शिक्षा ही नहीं देनी चाहिए।' जाहिर है बर्नी का निचले कुल के मुसलमानों से अभिप्राय देसी मुसलमानों से ही है। बर्नी जैसे विद्वान मुसलमान अरब, तुर्क और मुगल यानि एटीएम मूल के मुसलमानों में भी ऊँच और नीच का वर्गीकरण करते हैं तो यक़ीनन भारतीय मूल के सभी मुसलमान तो उनकी दृष्टि में अति नीच कोटि के ही होंगे। लेकिन अब इस मानसिकता की खुले आम अभिव्यक्ति नहीं की जाती बल्कि भारतीय मुसलमानों की पहचान को समाप्त करने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। एटीएम (अरब, तुर्क, मंगोल) जानता है कि उनकी संख्या भारत के मुसलमानों में आटे में नमक के बराबर भी नहीं है। इसके बनिस्बत भारतीय देसी मुसलमानों की संख्या कहीं ज्यादा है। कौन भारतीय देसी मुसलमान है और कौन विदेशी मूल के एटीएम का है, इसकी शिनाख्त भी नाम से ही हो जाती है। इसलिए दोनों वर्गों के आंकड़े सामने आ जाने पर देसी मुसलमान को सहज ही पता चल सकता है कि एटीएम उनका शोषण ही नहीं कर रहा बल्कि उनको अपने पिंजरे में क़ैद कर उसका राजनैतिक लाभ उठा रहा है। इसलिए एटीएम की गहरी रणनीति रही है कि देसी भारतीय मुसलमान की पहचान ही समाप्त हो जाए। उस तरह वे लम्बे अरसे तक एटीएम के पिछलग्गू बने रहेंगे। 1941 की जनगणना के समय से ही एटीएम की यह रणनीति साफ होने लगी थी। एटीएम के सैयद बदरूद्दीन अहमद, जो उन दिनों मुस्लिम लीग की बिहार शाखा के महासचिव भी थे, ने अख़बारों में विज्ञापन देकर भारतीय देसी मुसलमानों से अपील की कि वे जनगणना में अपने नाम के पीछे अपने वंश का नाम न लिखें। उसका तीखा जवाब एक भारतीय देसी मुसलमान, जिन्हें बिहार में उन दिनों मोमिन कहा जाता था, ताज मोहम्मद ने दिया। यह उत्तर अली अनवर ने अपनी पुस्तक 'मसावात की जंग' में अक्षरशः उद्धृत किया है। ताज मोहम्मद सर्च लाइट अखबार में लिखते हैं, 'मोमिनों की संख्यागत ताक़त से भयभीत होकर मुस्लिम लीग के दिग्गज ने, जिन्होंने हमेशा ही एक वर्ग के रूप में मोमिनों को हिक़ारत की नजऱ से देखा है, उन्हें मोमिनों के रूप में नहीं बल्कि सिर्फ मुसलमान के रूप में पंजीयन के रूप में उकसाने में कोई कसर नहीं रखी है। इसके लिए वे उन्हें भविष्य में मसावात यानि बराबरी का दर्जा देने का आश्वासन दे रहे हैं। सैयद बदरूद्दीन ने अपनी अपील में जो कुछ लिखा है, उससे ख़तरे की बू आती है।' यह ख़तरा क्या है? दरअसल इससे पता चल जाता है कि मुसलमानों की कुल संख्या में विदेशी मूल के एटीएम कितने हैं और भारतीय मूल यानि देसी मुसलमान मोमिनों की संख्या कितनी है। इससे मोमिनों को पता चल जाएगा कि संख्या उनकी है लेकिन महत्व के सभी स्थानों पर कब्जा एटीएम का है। एटीएम इसी का पर्दाफाश होने से डरता है। सैयद बदरूद्दीन की अपील के पीछे असली षड्यन्त्र यही है। लेकिन भारतीय देसी मुसलमान भी एटीएम की इस दुर्भावना को पकड़ नहीं पा रहे हैं। ताज मोहम्मद एटीएम की इसी दुर्भावना पर व्यंग्य कसते हुए लिखते हैं, 'ये सैयद साहिब हालांकि अपनी अपील में मुसलमानों के बीच जाति विशिष्टता के खिलाफ दलील देते दिखाई पड़ते हैं परन्तु व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए उन्होंने स्वयं अपने नाम के आगे सैयद लिखने से परहेज़ नहीं किया। यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि उदाहरण प्रस्तुत करना उपदेश देने से बेहतर होता है। वह एक ही सांस में गर्म और ठंडी आहें भरते हुए जान पड़ते हैं।'

> भारतीय देसी मुसलमान भी एटीएम की इस दुर्भावना को पकड़ नहीं पा रहे हैं। ताज मोहम्मद एटीएम की इसी दुर्भावना पर व्यंग्य कसते हुए लिखते हैं, 'ये सैयद साहिब हालांकि अपनी अपील में मुसलमानों के बीच जाति विशिष्टता के खिलाफ दलील देते दिखाई पड़ते हैं परंतु व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए उन्होंने स्वयं अपने नाम के आगे सैयद लिखने से परहेज़ नहीं किया। यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि उदाहरण प्रस्तुत करना उपदेश देने से बेहतर होता है। वह एक ही सांस में गर्म और ठंडी आहें भरते हुए जान पड़ते हैं।' भारतीय देसी मुसलमानों का यह आशा करना कि एटीएम के लोग भी अपने सिर पर से सैयद की कलगी हटा लें, शायद शेरनी के दूध की आशा करना ही है।

## नागरिक बोध

# हिंदुओं के आराध्यों पर हमले होते रहते हैं, सरकारें और अदालतें बस देखती रहती हैं?

**बिहार** में चल क्या रहा है? पहले सत्तारुढ़ गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि राम मंदिर नफरत की जमीन पर बनाया जा रहा है। अब बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने रामचरितमानस को नफरत फैलाने वाला ग्रंथ बता दिया है। क्या इस देश में हिंदुओं की भावनाओं पर प्रहार पर प्रहार किये जाते रहेंगे? कभी कोई सर तन से जुदा की धमकी देता है तो कभी कोई राम का, शिव का या देवी दुर्गा का अपमान कर देता है। लेकिन हिंदू से अपेक्षा की जाती है कि वह सहिष्णु रहे, कानून को उसका काम करने दे। हिंदू सहिष्णु बना रहता है, कानून को उसका काम करने देता है और एक दिन न्याय मिलने की आस में अपने आराध्यों पर हमला होते देखता रहता है। सवाल उठता है कि क्या कर रही हैं हमारी सरकारें? क्यों वह मंत्रियों या नेताओं के विवादित बयानों पर चुप्पी साधे रहती हैं? सवाल उठता है कि अदालतों की ओर से ऐसे मामलों पर क्यों स्वतः संज्ञान नहीं लिया जाता? मंत्री पद की शपथ के दौरान कहा जाता है कि मैं बिना किसी भेदभाव के काम करूंगा। लेकिन क्या हिंदू समाज के आराध्य के बारे में ऐसी बयानबाजी भेदभाव नहीं है? सवाल तो कई हैं लेकिन जवाब नेता देंगे नहीं इसलिए जवाब देने की जिम्मेदारी भी जनता को ही निभानी होगी। लोकतांत्रिक तरीके से हर उस नेता को जवाब देना चाहिए जो नफरत के बीज बोकर अपने चुनावी हित साधना चाहता है या तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देता है। वैसे जगदानंद सिंह के बाद चंद्रशेखर का बयान यही दर्शाता है कि यह कोई संयोग नहीं बल्कि वोटबैंक की राजनीति का प्रयोग है। दूसरी ओर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वैसे तो सुशासन बाबू के नाम से जाने जाते हैं लेकिन आजकल उन्हें पता नहीं क्या हो गया है। बिहार में क्या हो रहा है? कौन मंत्री क्या बयान दे रहा है इस पर उनसे सवाल पूछो तो उन्हें कुछ पता ही नहीं होता। राजधानी पटना में छात्रों पर लाठीचार्ज होने पर जब उनसे सवाल पूछा जाता है तो वह कहते हैं कि मुझे पता नहीं कहां लाठीचार्ज हुआ। मंत्री के विवादित बयान पर उनसे सवाल पूछा जाता है तो वह कह देते हैं कि मैंने बयान देखा नहीं है। क्या ऐसे ही चलती हैं सरकारें? हमारे मंत्री, मुख्यमंत्री कब यह बात समझेंगे कि जनता नासमझ नहीं है? बिहार में स्कूलों और शिक्षा की क्या स्थिति है।

# भगवती मंदिर पहाड़ी मंदिर के प्रांगण में मकर संक्रान्ति के अवसर पर चूड़ा तिलकुट दही गुड़ का लिया आनन्द



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र स्थित मां भगवती पहाड़ी मंदिर के प्रांगण में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर बजरंग दल द्वारा चूड़ा, दही, तिलकुट, गुड का आनंद लिया। साथ में दूर से चलकर आए अतिथि विभाग कार्यवाह नित्यानंद ने नवयुवाओ को पश्चिमी सभ्यता के रीति रिवाजों को लेकर अपनी सभ्यता में लौटने को लोगो को जागरूकता अभियान चलाने को कहा। क्योंकि अभी के युवा पीढ़ी पूर्ण रूप से मानसिक गुलाम पश्चिमी सभ्यता का शिकार हो चुके है। उन्होंने बताया की पहनावा से लेकर रीति रिवाजों को भी अब पश्चिमी सभ्यता के अनुसार अपना रहे हैं। इसलिए हम सभी हिंदू सनातनियों को हर दिन अपने गांव के मंदिरो के प्रांगण, या चबूतरे में बैठ कर चौपाल लगाकर युवा पीढ़ी को अपने हिंदू सनातनी संस्कृति में लौटाने का कार्य करने का निर्देश दिए। इस कार्यक्रम को बजरंग दल आशीष कुमार दांगी, कार्यक्रम संयोजक मुकेश कुमार के नेतृत्व में किया गया। विक्रम में पूर्व प्रमुख धनुषधारी राम दांगी, नोनगांव पंचायत पूर्व सतीश कुमार, सिंघानी पंचायत पूर्व मुखिया कुसुमलता कुशवाहा, सिंघानी वर्तमान मुखिया राधिका देवी, भाजपा विधायक प्रतिनिधि अरविंद ठाकुर, युवा मोर्चा, जिला अध्यक्ष अभिषेक केशरी, सांसद प्रतिनिधि अमित तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष विनोद दांगी, महामंत्री विरोचन गिरी, महामंत्री तिलेश्वर राणा, तीर्थ नाथ दांगी, वासुदेव दांगी, बजरंग दल दीपक राज, दुर्गेश कुमार, अजय रविदास, चंदन कुशवाहा, कृष्णा भारती, सचिन कुमार, इत्यादि उपस्थित थे।

## भारत सरकार के एडीप योजना के अंतर्गत दिव्यांगों के बीच सहायक उपकरण का किया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड सचिवालय सभागार में शनिवार 14 जनवरी को आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सामाजिक अधिकारिता शिविरों के माध्यम से प्रखंड के लगभग 50 दिव्यांगजनों के जीवन में बदलाव लाने के लिए भारत सरकार की एडीप योजना के अंतर्गत निशुल्क सहायक उपकरण का वितरण विधायक किशुन कुमार दास के निगरानी में किया गया। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक प्रखंड के विभिन्न अधिकारियों के साथ-साथ दर्जनों दिव्यांगजन लाभुक उपस्थित थे।

## बगैर हेलमेट मोटरसाइकिल चालक को गुलाब फूल और माला पहना कर पुलिस ने दिया नसीहत



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना प्रभारी सुधीर चौधरी ने अपने पुलिस बल के साथ जत्राहीबाग में गुलाब के फूल और माला पहना कर आगे मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने का दिया नसीहत। साथ हीं लोगो को संकल्प भी दिलाया गया की भविष्य में दो पहिया वाहन चलाने के समय हेलमेट का उपयोग हमेशा करेंगे। बता दें कि यह अभियान 15 जनवरी तक सड़क सुरक्षा को लेकर हेलमेट जांच अभियान चलाया जाएगा। मोटरसाइकिल चालक जान का प्रवाह किए वगैर हेलमेट दो पहिया वाहन चलाते हैं जो हमेशा खतरा बना रहता है। अधिकतर सड़क दुर्घटना में हेलमेट नहीं पहने रहने के कारण जान चली जाती है। वैसे में पुलिस प्रशासन परेशान रहते हैं और हस्ता खेलता जिंदगी तबाह हो जाती है। मौके पर थाना प्रभारी सुधीर चौधरी के साथ मो नइम अंसारी एएसआई शशिकांत ठाकुर, सुनील सिंह, रविंद्र ठाकुर शामिल थे।

## दस दिवसीय मेला का विधिवत पूजा अर्चना के बाद किया गया उदघाटन



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मकरसंक्रांति के अवसर पर लगाने वाली दस दिवसीय मेला का विधिवत पूजा अर्चना के बाद उदघाटन किया गया। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथियों में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास,जिला परिषद् अध्यक्ष ममता कुमारी एवं जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल थे।जिले के गिद्धौर प्रखंड स्थित बलबल में हर वर्ष मकरसंक्रांति के अवसर पर 10 दिवसीय पशु मेला लगता है। मौके पर चतरा विधानसभा के पूर्व भाजपा विधायक जयप्रकाश सिंह भोक्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह जिला परिषद सदस्य अनिता देवी, समाजसेवी रामदेव भोक्ता भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल दांगी, भाजपा मंडल महामंत्री मनोज कुशवाहा, मुखिया जगदिश यादव, कान्हाचट्टी भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह, भाजपा नेता अक्षयवट पाण्डेय, बिंदेश्वरी यादव, अखिलेश दुबे, निर्मल गोप, उमेश यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# सिमरिया विधानसभा के विधायक ने 10 दिवसीय पशु मेला बल बल का किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत चतरा और हजारीबाग जिले के सीमाने में बल बल में 10 दिवसीय पशु मेले का विधिवत उद्घाटन किया गया।शनिवार को सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोक्ता जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी जिला परिषद सदस्य अनीता देवी प्रमुख अनीता यादव हजारीबाग के पूर्व मेयर अंजली कुमारी समेत अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में मेले का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथियों ने फीता काटकर व प्राचीन मां बागेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर मेले का विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में गिद्धौर पत्थलगड़ा और कटकमसांडी के कई पंचायत प्रतिनिधि राजनीतिक दलों के लोग व गणमान्य उपस्थित हुए। मकर संक्रांति के पहले दिन यहां गर्म कुंड में स्नान करने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। सुबह से लेकर देर शाम तक गर्म कुंड के झरने में स्नान करने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। गर्म कुंड में स्नान करने के बाद प्राचीन मां बागेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कीया। साथ ही विश्व प्रसिद्ध फल्गु नदी की सहायक महाने नदी के तट पर लोगों ने चूड़ा तिलकुट का भी आनंद लिया। इस बार बिहार, झारखंड, बंगाल और उत्तर प्रदेश से काफी संख्या में व्यापारी यहां मेले में खरीद बिक्री के लिए पहुंचे हुए हैं।आज मेले परिसर में हजारों लोग पहुंचे। पिछले 60 दशक से बल बल में मकर संक्रांति के मौके पर पशु मेले का आयोजन हो रहा है। इस बार भी यहां काफी संख्या में गाय, भैंस, बैल समेत अन्य मवेशी खरीद व बिक्री के लिए पहुंचे हैं। वही सैकडों खेल तमाशे व खाने-पीने की दुकानें भी यहां सजाई गई है। दर्जन से अधिक झूले और तारामाची भी यहां आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। खाने-पीने के सामानों से लेकर कृषि कार्य और घरेलू सामानों की दुकानें यहां सजी हुई हैं। मेले में सुरक्षा व विधि व्यवस्था के लिए 200 वॉलिंटियर तैयार किए गए हैं। गिद्धौर थाना प्रभारी मनोज पाल दल बल के साथ विधि व्यवस्था बनाए रखने में जुटे हुए हैं।

# ठगी कर जमीन लिखवा कर रुपया नहीं देने को लेकर मो कासिम ने थाना में दिया आवेदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के बेलगड़ा आरायातु निवासी मो कासिम पिता स्व रहमान मियाँ ने मो अमीरुल्लाह द्वारा ठगी कर रुपया नहीं देने के आरोप में आवेदन देकर रुपया दिलाने की मांग किया है। मो कासिम ने सिमरिया थाना में लिखित आवेदन में कहा है कि बन्हे गाँव निवासी मो अमीरुल्लाह पिता स्व इस्माइल मियाँ ने मेरा खतियानी जमीन को 90 हजार रूपये प्रति कट्ठा के हिसाब खरीदने की बात किया था। उसके बाद साढ़े छह कट्ठा जमीन चतरा में छह माह पूर्व मेरे द्वारा रजिस्ट्री करवा लिया है। रजिस्ट्री के वक्त मो अमीरुल्लाह ने कहा था कि यहां रुपया ना देकर चलो घर में रुपया दे दूंगा। यहां रजिस्ट्री ऑफिस में बोल दो की हमें रुपया मिल गया है। उसके बताए हुए बातों पर तथा झांसे में आकर विश्वास करते हुए हम रजिस्ट्री ऑफिस में रजिस्ट्रार के पास यह बात बोल दिया। घर आने पर रुपया मांगने पर किसी तरह पांच दस हजार कर के छह माह के अंदर कुल 1 लाख 60 हजार रुपया दिया। अब रुपया मांगने पर बोलता है कि तुम्हे सारा रुपया दे दिया हूँ। जबकि 90 हजार रूपये के हिसाब से कुल छह कट्ठा जमीन का कुल 5 लाख 85 हजार रूपये होता है। जबकि अभी तक कुल 1 लाख 60 हजार रूपये मात्र मुझे दिया गया है। बाकी 4 लाख 25 हजार रूपये मांगने पर आना कानी करते हुए उलटे धमकी देते हुए कहता है कि हम तुम्हें सारा रुपया दे चुके हैं। हम अनपढ़ व्यक्ति हैं । हमें पढ़ना लिखना नहीं आता है इसी का फायदा उठाते हुए मेरा साढ़े छह कट्ठा जमीन के अलावे मेरा भाई का हिस्सा भी मुझसे छल व ठगी कर लिखवा लिया है। जिसे लेकर गाँव में एक बैठक भी की गयी थी। जहां अपना गलती को स्वीकार करते हुए मेरा छोड़ मेरा भाई का हिस्सा का जमीन पुनः लिखवा देने की बात भी कहा था। किंतु अभी तक ना मेरा बकाया रुपया दिया है और ना मेरा भाई का हिस्सा मुझसे छल तथा ठगी कर मुझसे लिखवाया गया जमीन वापस किया गया है। आगे थाना प्रभारी से बकाया रुपया दिलाने व मुझसे ठगी कर मेरा भाई का हिस्सा को पुनः मेरा भाई को वापस कराने का गुहार लगाया है।

## सिमरिया पुलिस ने फरार आरोपी प्यारे खान के घर चिपकाया इस्तेहार

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के बगरा गाँव निवासी प्यारे खान पिता गफ्फार खान के यहां सिमरिया पुलिस ने चतरा सीजीएम न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुशार इस्तेहार चिपका सशरीर हाजिर होने का परिजनों को कहा है। न्यालय द्वारा जारी वारंट में कहा गया है कि कुन्दा थाना में जालसाजी के मामले में फरार अभियुक्त प्यारे खान पर मामला दर्ज किया गया था। जिसे लेकर कई नोटिस देने के बावजूद भी अभियुक्त प्यारे खान न्यालय में उपस्थित नहीं हुआ था। जहां एसीजीएम न्यालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। जिसे लेकर सिमरिया पुलिस ने उक्त आरोपी के घर जारी इस्तेहार को चिपकाया गया है। और कहा गया है कि अभियुक्त अविलंब न्यालय में सशरीर हाजिर हो। अन्यथा पुलिस द्वारा कुर्की जब्ती की जाएगी। थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि चतरा न्यालय द्वारा गैर जमानती वारंट सिमरिया थाना को भेजा गया था। चुकी आरोपी बहुत दिनों से फरार चल रहा था।जिसके आलोक में सिमरिया पुलिस द्वारा अभियुक्त के यहां जारी वारंट डुगडुगी बजा कर इस्तेहार चिपकाया गया है। और न्यालय में हाजिर होने को कहा गया है। अन्यथा कुर्की जब्ती की जाएगी।

# हाथियों के झुंड ने एक बार फिर घर और फसल को किया बर्बाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखंड क्षेत्र के पगार पंचायत के सोहर बिरहोर कलोनी और मुरवे मांडर के समीप बने घर एवं लगे फसल को शुक्रवार की रात्रि हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। हाथियों के झुंड ने तीन घरों को क्षतिग्रस्त किया है साथ हीं तीन एकड़ भूमि पर लगी फसलों को खाकर तथा रौंदकर बर्बाद कर दिया है।वहीं सोहर बिरहोर कलोनी में हाथियों के झुंड ने ब्रह्मदेव बिरहोर, डोमन बिरहोर और राजेंद्र यादव के घर के साथ साथ घर में रखा चावल, दाल आटा को खा कर चट कर गया है और लगे फसलों को रौंदकर बर्बाद कर दिया। वहीं मुरवे स्थित रामजीत यादव, हिरामन यादव, सकिन्द्र वर्मा के खेत में लगी आलू, सरसो, राय आदि फसलों को रौंद नष्ट कर दिया है। जबकि सकेंद्र वर्मा का 20 डिसमिल में मटर की खेती, सुनील कुमार का 15 डिसमिल में लगी प्याज, बैजनाथ महतो का 30 डिसमिल में लगी मटर व सरसों, बिगन महतो, शिबा महतो, चुलहन महतो, धरम महतो, नागेश्वर महतो, अमित महतो, राहुल कुमार सहित अन्य किसानों के लगी फसल को रौंदकर नष्ट कर दिया। किसानों ने बताया की रात के 11 बजे हाथियों के झुंड पहुंचे और उत्पात मचाने लगे। जान बचाकर हम लोग भाग निकले। किसानों ने सुबह मुखिया और वन विभाग को इसकी सूचना दी। वन विभाग घटना स्थल पहुंच कर हुए नुकसान का आकलन किया और मुआवजा देने बात कही है।

# मानवता की सेवा करना कांग्रेस पार्टी का परमधर्म है : हाजी साबिर हुसैन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह पंद्रह सूत्री कार्यक्रम समिति के सदस्य हाजी साबिर हुसैन के द्वारा शहर के कई वार्डो समेत अंसार नगर, बिंड मुहल्ल्ह, नौवा टोली, इस्लाम नगर में सैकड़ों गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया। हाजी हुसैन ने कहा कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के द्वारा गरीबों के लिए कम्बल की व्यवस्था कराई गई है। यह कार्यक्रम ठंडे के कारण निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी के सीनियर लीडर राहुल गांधी पुरे देश में नफरत छोड़ो भारत जोड़ो का नारा बुलंद कर रहे हैं। इसके लिए पद यात्रा कर देश के लोगों के दिलों को जोड़ने का काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में पार्टी के नेताओं के द्वारा गरीबों तथा असहाय लोगों सहयोग कर दिलों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। मानवता की सेवा परमधर्म है। आपसी भाई चारा को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य सभा सांसद के द्वारा यह काम निरंतर जारी रखने का निर्देश है। उक्त कम्बल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रवेज अख्तर, जावेद पप्पू रजा, मो शमीम के अतिरिक्त अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान है।

# खेल से मानसिक थकावट दूर होता है : अनिल साहू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** खेल वो गतिविधि है जो व्यक्ति को उच्च स्तर की क्षमता के साथ सक्षम बनाता है।यह मानसिक थकावट दूर करता है और हमें किसी भी कठिन काम को करने के लिए सक्षम बनाता है। यह कहना है समाजसेवी अनील साहू का। श्री साहू शनिवार को लेस्लीगंज के ग्राम पुरनाडीह झरना टोला में वॉलीवाल टूर्नामेंट के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे थे। श्री साहू ने कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में,शिक्षा को और अधिक दिलचस्प बनाने के लिए खेल को शिक्षा का अभिन्न अंग बना दिया गया है। हम सभी को खेल में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उदघाटन समारोह के बाद झाबर और पुरनाडीह झरना टोला के बीच प्रथम मैच खेला गया।उदघाटन समारोह में पुरनाडीह पंचायत समिति सदस्य कामेश यादव, सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी, रंजीत जायसवाल, नौशाद खान, राजा गुप्ता, चंदन सिंह, विमलेश सिंह, अमीत सिंह, राकेश सिंह, प्रशांत सिंह, पकज सिंह, रोहित सिंह, गुलशन सिंह, नदीम खान, सत्येन्द्र सिंह, अरविंद सिंह, फुल सिंह, अवधेश साहू व अनुप कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मकर संक्रांति पर आयोजित मेला को लेकर प्रशासन ने विधि व्यवस्था का लिया जायजा



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी दक्षणी कोयल नदी तट पर घाघ मेला 15 जनवरी को प्रत्येक वर्ष इतिहासिक मेला आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी किया जाना है। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन अधिकारियों ने मेला स्थल का निरीक्षण किया। और कमिटी के सदस्यों से विधि व्यवस्था एवं यातायात पार्किंग का जायजा लेते हुए गहरे पानी में नही जाने का अपील किया है। पुलिस निरीक्षक बनारसी प्रसाद एवं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कमिटी के सदस्यों को आवश्यक निर्देश भी दिया। वाहन पड़वा की जायजा लेते पुलिस निरीक्षक बनारसी प्रसाद ने कहा की चितरी चौक के पास ही बाइक एवं चार पहिया वाहन की पड़ाव की व्यवस्था की गई है। वहां से किसी तरह का वाहन को आगे नहीं जाने दिया जाएगा। कमिटी के सदस्य को वाहन पड़ाव व्यवस्था में अपने स्तर से कार्यकर्ता को नियुक्त करने की बात कही गई। मेला आयोजन कमिटी अध्यक्ष सुबोध राम ने बताया कि मेला के संचालन के लिए 90 कार्यकर्ता का टीम बनाया गया हैं जो वाहन पड़वा एवं यातायात पर विशेष नजर रखने का कार्य करेंगे। और मेला स्थान पर शराब की बिक्री नहीं किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से पुलिस निरीक्षक पुलिस बनारसी प्रसाद, थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान, अध्यक्ष सुबोध वर्मा, मोबिन अंसारी, सरवर अंसारी, राजकिशोर राम, दुर्गा कुमार वर्मा, जितेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, मुगले आजम आदि उपस्थित थे।

### सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम को लेकर भाजयुमो जिलाध्यक्ष किया प्रेसवार्ता

# नेतरहाट में आयोजित प्रतियोगिता में चतरा लोकसभा से 27 प्रखंडों के 600 प्रतिभागी लेंगे भाग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** स्थानीय किसान भवन में शनिवार को सांसद खेल स्पर्धा को लेकर भाजयुमो चतरा जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी ने प्रेस वार्ता कर कहा कि सांसद खेलो स्पर्धा निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक सराहनीय बड़ी पहल है और इस पहल को चतरा लोक सभा सांसद सुनील कुमार सिंह खेल स्पर्धा को पूर्ण रूप से सफल बनाने में अति महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिल सके और अपनी प्रतिभा को दिखा सके। ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा को निखारने के लिए सांसद पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। ताकि कल यही बच्चे राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर जाकर राज्य स्तर और केंद्र का मेडल हासिल कर सके।एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता में चतरा लोकसभा के सभी प्रखंडों और पंचायत स्तर के लोग खेल में भाग लेंगे। जिसमें भाला फेंक, गोला फेक, लंबी कूद, ऊंची कूद,100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर की दौड़, रिले रेस जैसे अन्य खेलो मे भाग लेंगे और अपनी प्रतिभा को दिखाएंगे। इस खेल में कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 के बच्चे शामिल होंगे। आज टोक्यो ओलंपिक में भारत ने एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदकों के साथ अब तक के ओलंपिक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। सांसद प्रतिनिधि ने कहा नेतरहाट में आयोजित इस प्रतियोगिता में जाने के लिए सांसद सुनील कुमार सिंह के द्वारा खिलाड़ियों के लिए बस की व्यवस्था कराई गई है। साथ हीं नेतरहाट में ठहरने और भोजन एनर्जी ड्रिंक फ्रूट की समुचित व्यवस्था की गई है। पूरे लोकसभा से 600 युवा और युवतियां खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। वार्ता में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा ऐसी महिला मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा कुमारी, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार सिंह, रविंद्र सिंह और मंडल अध्यक्ष दयानिधि सिंह, लवकुश सिंह, बॉबी सिंह, भाजयुमो जिला महामंत्री दीपक शर्मा भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

### पीड़ित शबनम खातून न्याय के लिए खा रही है दरदर की ठोकर

# तीन लाख रूपये तिलक के रूप में ससुराल वालों को नहीं देने के कारण पति ने निकाला घर से



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के बेलगड़ा इचाक निवासी शबनम खातून इन दिनों न्याय के लिए दरदर की ठोकर खाने को मजबूर है। न्याय के लिए महिला थाना कोर्ट का लगा रही है चक्कर लेकिन अभी तक न्याय से वंचित है। पीडत महिला शबनम उर्फ़ मोबिदा खातून ने आप बीती बताई की 2017 में मुस्लिम रीती रिवाज से चतरा महुआ चौक निवासी मो सरफराज से शादी हुई थी। महज पांच छह माह के बाद मेरे परिजनों से तीन लाख रूपये की बतौर तिलक घर बनाने को लेकर पति और ससुराल वालों द्वारा मांग किया गया था। लेकिन गरीबी के कारण रुपया देने से असमर्थ रही। जबकि शादी के वक़्त दहेज रूपी घरेलु समान परिजनों द्वारा दिया गया था। उसके बाद से पति और पति के परिजनों द्वारा मुझे मारपीट व प्रताण्डित किया जाने लगा। साथ हीं रुपया नहीं देने पर मुझे पति मो सरफराज और उनके परिजनों द्वारा मुझे घर से निकाल दिया गया। त्तपश्चात मैं न्याय के लिए महिला कोर्ट चतरा में खर्च पर केश की। वहां भी पति द्वारा मैनेज कर मेरे आवेदन के आलोक में कोई कार्रवाई नहीं की गयी। अंत में चतरा न्यालय में मेंटनेश के लिए मुकदमा की। उसके बाद न्यालय से गैर जमानती वारंट भी निकाली गयी। किन्तु पति और उनके परिजनों को गिरफ्तारी नहीं की गयी। मैं कोर्ट और थाना का चक्कर लगा थक हार चुकी हूँ ।मेरे परिजन गरीब व निर्धन हैं जो रुपया खर्च नहीं कर सकते। अब आरक्षी अधीक्षक चतरा से न्याय के लिए गुहार लगायी है की मुझे न्याय दिलाया जाय। जिससे मुझे ससुराल में रहने का जगह मिले। मुझे एक तीन वर्षीय पुत्री भी है। आगे कही की क्या गरीबी होना गुनाह है क्या अमीरों के लिए सिर्फ कोर्ट थाना में सुनवाई होती है। क्या गरीबों को कोई न्याय का जगह नहीं है। वैसे में न्याय से विशवास उठता जा रहा है।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह में चला चेकिंग अभियान



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह और टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा के नेतृत्व में बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अतिक्रमण अभियान के दौरान सड़क पर लगने वाले सभी दुकानों को हटाने को कहा गया। ऐसे तो बाजार क्षेत्र में हमेशा अतिक्रमण अभियान चलाया जाता है उसके बाद भी स्थिति ज्यों का त्यों बना रहता है। जिससे स्थानीय लोग और राज चलने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इधर देर शाम ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने जीएलए कॉलेज रोड में भी चेकिंग अभियान चलाया।

## संक्षिप्त खबरें

### अदाणी फाउंडेशन ने हरली में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने शनिवार को हरली स्थित भुईयां टोला में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कैंप में 54 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें आवश्यक दवाएं निशुल्क प्रदान की गई। इस दौरान सभी के ब्लड प्रेशर की भी जांच की गई।इस अवसर पर हजारीबाग के जेनरल फिजिशियन डॉ विजय चैतन्य के नेतृत्व में पैरामेडिकल स्टाफ की एक टीम ने ग्रामीणों को कई तरह की चिकित्सकीय सुविधाएं निशुल्क प्रदान की। सुबह 11ः00 बजे से दिन भर चले इस कैंप में महिलाएं, ग्रामीण और बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की गयी।

### युवा जदयू ने किया ऊनी कपड़ों का वितरण

**हजारीबाग :** मकर सक्रांति के अवसर पर शनिवार को वसई कटकमदाग प्रखंड में युवा जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद तनवीर की अगुवाई में कंबल एवं गर्म वस्त्रों का वितरण असहाय एवं जरूरतमंदों के बीच किया। यह कार्यक्रम लगातार जनता दल यूनाइटेड के द्वारा चलाया जा रहा है। इसके पहले कटकमसांडी एवं सदर प्रखंड के कई गावों में गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया था।कार्यक्रम में मोहम्मद इरफान, साजिद हुसैन, कमर राजा, अब्दुल गनी, नजराना परवीन, सुजाता सिंह शामिल थे ।इस बाबत अध्यक्ष मोहम्मद तनवीर ने बताया कि ठंड के मौसम में यह जनसेवा का कार्यक्रम लगातार चलता रहेगा उन्होंने इस कार्यक्रम में सहयोग करने वालों को धन्यवाद दिया।

### कोयलांचल अरगडडा-सिरका में मकर संक्रांति कईयों ने आज, तो कई कल मनाएंगे

**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस समेत पास के ग्रामीण क्षेत्र चुम्बा, टोंगी, चपरी, कंजगी, बुमरी, हेसला, मनुआ, फुलसराय में शनिवार को मकर संक्रांति को लेकर लोग उत्सुक रहे। कई लोगों ने साल के निर्धारित समय में ही मकर संक्रांति मनाया। तो कईयों ने ज्योतिष जानकारी के अनुसार आज रविवार को मकर संक्रांति मनाने की बात कहीं। हांलाकी त्योहार को लेकर चूड़ा, तिलकुट, गुड़, तिल, मुड़ी, लावा के लड्डू लोगों ने अपने जरूरत के मुताबिक खरीदारी किया। साथ ही अपने दोस्तों, बंधुओं को आमंत्रित कर घर में तिलकुट चुड़ा, दही, खिचड़ी परोसा। सभी ने एक दूसरे को नव वर्ष के प्रथम पर्व की शुभकामनाएं और बधाई दिया।

### बीएसएफ कैंप मेरु में धूमधाम से मना लोहड़ी एवं मकर संक्राति का त्यौहार

**हजारीबाग :** बीएसएफ मेरू कैम्प में लोहड़ी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन परिसर स्थित एडम पीटी ग्राउंड में किया गया। इस अवसर पर इंद्रजीत सिंह राणा, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल हजारीबाग के द्वारा अलाव जलाकर पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर सभी कार्मिको के बीच तिल,गुड, मूंगफली व गजक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, मेरू कैंप के चारू ध्वज अग्रवाल, उप महानिरीक्षक, राजेश कुमार, उप महानिरीक्षक, अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी व अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।मौके पर इंद्रजीत सिंह राणा ने अपने संबोधन में कहा कि लोहड़ी व मकर संक्रांति प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता का पर्व है , मेलजोल व भाईचारा बढ़ाने वाले त्योहारों के प्रतीक हैं।

## ट्रेलर के चपेट में आने से युवक की मौत, 6 लाख मुआवजा देने के आश्वासन पर सड़क जाम हटा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव- टंडवा रोड स्थित राजा बागी के पास बीती रात एनटीपीसी के ट्रेलर के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार भोला महतो की मृत्यु हो गई। मृतक बड़कागांव के सीकरी पंचायत के ग्राम चमगढ़ा निवासी है।आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार रात 9 बजे चमगढ़ा चौक के पास सड़क जाम कर दिया।एमडीयू कंपनी द्वारा मृतक के परिजन को छह लाख मुआवजा देने के आश्वासन पर जाम हटाया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी सरस्वती देवी, 2 पुत्र, एक पुत्री एवं वृद्ध माता को छोड़ गए। वह घर का अकेला कमाउ व्यक्ति था। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि मृतक भोला प्रसाद टंडवा के अमरपाली कोयला खदान में हाईवा चलाने का काम करता था। वह हर दिन की तरह देर शाम संध्या 7ः00 बजे अपने मोटरसाइकिल जेएच 02 जेड 7002 से केरेडारी की ओर से चमगढा गांव आ रहा था। इसी दौरान राजा बागी के पास ट्रेलर गाड़ी जिसका नंबर (एन एल 01के 7570) ने भोला महतो को अपने चपेट में ले लिया। गंभीर रूप से घायल भोला महतो को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। सड़क जाम के कारण कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। सड़क जाम के



दौरान ग्रामीणों ने मृतक की पत्नी को 50 लाख रुपये मुआवजा, नौकरी, 3 बच्चों को अच्छे स्कूल में पढ़ाने का खर्च, मृतक की पत्नी के लिए पीएम आवास, भारी वाहनों के लिए नो एंट्री, कंपनी के वाहनों के लिए बाईपास रोड, चमगढ़ा गैस प्लांट रोड तक बस, ट्रक एवं हाईवे पर रोक एवं बैरियर लगाने, कंपनी में लगे मजदूरों को सड़क जाम के नाम पर निकाल देने की धमकी पर रोक की मांग कर रहे थे। घटनास्थल पर विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, कोलेश्वर महतो, बडकागांव इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिन्हा, एएसआई अजीत सिंह एवं केरेडारी पुलिस भी घटनास्थल पर उपस्थित थे।

## मां दुर्गा का प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार एवं नव निर्माण में एकजुट हुए ग्रामीण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** तालाटांड़ पंचायत स्थित पलानी गांव में ग्रामीणों के आपसी सहयोग से मां दुर्गा का भव्य मंदिर का जीर्णोद्धार एवं नव निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि यह मंदिर बहुत पुरानी है। जिसकी स्थिति जर्जर हो गई थी अब हम सभी ग्रामीण आपसी सहयोग एवं चंदे से इस मंदिर का निर्माण कर रहे हैं। मंदिर के अध्यक्ष मनोज महतो ने बताया कि इस मंदिर के प्रति लोगों की काफी आस्था है। यहां पर कई नेता एवं अन्य बड़ी हस्तियां आकर अपना मत्था टेकते हैं। मंदिर कमेटी के अन्य सदस्यों ने क्षेत्र के लोगों एवं समाजसेवीयों से अपील की है कि वह भी बढ़-चढ़कर अपना सहयोग दें ताकि इस मंदिर का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण हो सके।

## टॉकीसूद में तीन दिवसीय महायज्ञ संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** प्रखंड अंतर्गत पंचायत पालू ग्राम टॉकीसूद दामोदर नदी तट का तीन दिवसीय महागायत्री यज्ञ शनिवार को पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी महायज्ञ का आयोजन किया गया।जिसमें 321 महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुए थे।मौके पर गायत्री परिवार से अभिलाषा सिंह,अनीता कुमारी,साधना देवी,के एन सिंह,वीरेन्द्र कुमार, यशवंत कुमार, विकी कुमार सिंह,शांति देवी, मीरा देवी, सुमन, रविन्द्र सिंह, प्रीति साहू सुशीला देवी आदि सैकड़ों लोग शामिल थे।

## एएनएम उर्मिला कुमारी को विदाई दी गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** सांकुल पंचायत सचिवालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू में कार्यरत एएनम उर्मिला कुमारी को अंतिम वर्किंग डे पर सांकुल पंचायत भवन से विदाई दी गई । पंचायतवासी एवं जनप्रतिनिधियों ने उनके कार्य की सराहना करते हुए बधाई एवं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना किए। मौके पर पंचायत मुखिया सुमन भारती, देवराज राम, रमेश राम आदि लोग शामिल थे।

## विधायक अंबा प्रसाद ने मकर संक्रांति के अवसर पर मुरली पहाड़ मेले का उद्घाटन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के नापोखुर्द स्थित दर्शनीय मुरली पहाड़ शिवलिंग मंदिर प्रांगण में मकर सक्रांति के अवसर पर भव्य मेला सह आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने मेला एवं आर्केस्ट्रा का उद्घाटन विधिवत फीता काटकर किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत माला पहनाकर एवं बुके देकर किया गया। उसके बाद स्थानीय विधायक ने मुरली पहाड़ मेला टांड़ पहाड़ में दो लाख रुपया की लागत से बने इलेक्ट्रिक पंप युक्त हैडवास सिस्टम का भी उद्घाटन किया। मुरली पहाड़ पर्यटक स्थल में पानी की सुविधा होने से श्रद्धालुओं को अब दिक्कत नहीं होगी। लोग डीप बोरिंग होने से लोगों में खुशी देखी जा रही थी। मेला में रॉक स्टार म्यूजिकल ग्रुप आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने मनमोहक गीत



और नृत्य प्रस्तुत कर मेला में आए ग्रामीणों का भरपूर मनोरंजन किया। लोग देर शाम तक झूमते रहे। मेला में हजारों की भीड़ जमा हुई। इस दौरान आयोजित विशाल मेला में लोगों ने मकर सक्रांति को लेकर मुरली पहाड़ स्थित शिवलिंग मंदिर में सर्वप्रथम पूजा अर्चना करने के बाद मेला एवं आर्केस्ट्रा का भरपूर आनंद लिया।

## 51 गांवों के मांझी हडाम ने हुई शिष्टाचार भेंट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झामुमो के महासचिव सह निजी आवासीय कार्यालय हेसागढा में स्थित फागु बेसरा मंत्री (दर्जा प्राप्त) झारखंड सरकार का संथाल समाज के कर्णपूरा परगना, नागपुर परगना और पलानी परगना के 51 गांवों के मांझी हडाम ने गुलदस्ता शिष्टाचार भेंट मुलाकात की गई।

## खिचड़ी तिलकुट का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ के बिजुलिया स्थित जलाराम मंदिर में गुजराती महिला मंडल के द्वारा तिलसंक्रत के शुभ उपलक्ष पर खिचड़ी तिलकुट का वितरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भंडारा तैयार कर जलाराम बापा बजरंगबली भोलेनाथ को भोग लगाया गया समाज के महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन किया गया तत्पश्चात जनता के बीच भंडारा वितरण कर जलाराम बापा की जय जय घोष की गई जलाराम बापा राम भक्त थे इनका कहना है की सेवा में ही भगवान है गुजरात के वीरपुर स्थित जलाराम बापा का काफी बड़ा दरबार है इस दरबार में तीनो टाइम बाबा का भंडारा चलता है इस भंडारे में प्रत्येक दिन 10 से 20000 आदमी प्रसाद ग्रहण करते हैं विश्व का ऐसा दरबार है जिसमें दानपेटी नहीं है इन्हीं के साथ जलाराम बापा की जय जय घोष कर जनता के बीच प्रसाद वितरण किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य रूप से उपस्थित



थे गुजराती महिला मंडल के अध्यक्ष चंद्रिका कोटेचा सचिव दीपा वेडेरा हिना कोटेचा सारिका राठौर मीना वडेरा ममता बसंत सोनल बसंत चारू मेहता नलिनी मानेक पूनम कोटेचा परगना कोटेचा लीना नटू भाई बबीता मेहता रेखा राठौड़ निधि राय मगिया नीलम मेहता रीता ठक्कर संध्या राठौर ललिता राठौर आदि उपस्थित थे।

## त्रिवेणी सैनिक कंपनी के ड्राइवर का हृदय गति रुकने से हुई मौत, मुआवजे की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** त्रिवेणी सैनिक कंपनी में काम कर रहे वोल्वो ड्राइवर का हृदय गति रुकने से मौत हो गई। बड़कागांव प्रखंड के छवनिया गांव निवासी 38 वर्षीय मोहम्मद रजा त्रिवेणी सैनिक में वोल्वो ड्राइवर थे। उनका ड्यूटी नाइट शिफ्ट चल रहा था। नाइट शिफ्ट करके सुबह लगभग 6ः30 बजे बस से आ रहे थे कि ठीक बड़कागांव थाना के सामने बस से उतरने समय चक्कर आ गया। सहयोगियों के माध्यम से उनको आनन-फानन में अस्पताल ले जाने के क्रम में ही उनकी मौत हो गई। मोहम्मद रजा घर का बड़ा बेटा था। घर का अकेला कमाने वाला व्यक्ति था। उनके एक लड़का दो छोटी-छोटी बच्ची है।

## तैलिक साहू समाज ने पूर्व विधायक निर्मला का किया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला तैलिक साहू समाज हजारीबाग के द्वारा पूर्व विधायक निर्मला देवी का स्वागत शनिवार को किया गया। समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हजारीबाग हुरहुरू स्थित उनके आवास पहुंचकर पूर्व विधायक निर्मला देवी को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं फूल माला पहना कर स्वागत व अभिनंदन किया।पूर्व विधायक निर्मला देवी ने सभी का आभार व्यक्त किया। मौके पर पहुंचे तैलिक साहू समाज के लोगो ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पूर्व विधायक निर्मला देवी ने साधारण जीवन व्यतीत करते हुए निस्वार्थ भाव से क्षेत्र की जनता को हमेशा उचित सम्मान एवं सहयोग दिया है जिसके आज भी लोग कायल हैं।

## बिरहोर समाज के लोगों के साथ पंचायत समिति सदस्य रंजीत चौबे ने मनाया मकर संक्रांति का त्योहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत कांडतरी पंचायत के ग्राम महुदी बिरहोर मुहल्ला में पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार चौबे ने बिरहोर समाज के लोगों के साथ मकर संक्रांति का त्योहार मनाया। इस दौरान श्री चौबे ने बिरहोर समाज के लोगों के साथ गुड़, चूड़ा खाया और लोगों के बीच गुड़, चूड़ा का वितरण भी किया। पंचायत वासियों को मकर संक्रांति की बधाई देते हुए लोगों को संदेश दिया के मकर संक्रांति में स्नान ध्यान करें पूजा अर्चना करें तथा दान पुण्य करें। लोगों से नशा मुक्त त्यौहार मनाने का अपील करते हुए ग्राम सोनपुरा में मकर संक्रांति पर लगने वाले तीन दिवसीय मेला में आमंत्रित किया। मौके पर मुख्य रूप से शनिचरा बिरहोर, चरका बिरहोर, पांडे बिरहोर, मुंडा बिरहोर, विकास बिरहोर, विजय पावान, कुलेश्वर कुमार, राजेंद्र कुमार, कुलदीप राणा, अहमद खान, रवानी अंसारी, सुकरी देवी, महामुन्नी देवी, रिंकी बिरहोर, रामआजु बिरहोर, कमली देवी, वनी देवी,जसोदा देवी,जितेंद्र बिरहोर,अजय बिरहोर,अनिता कुमारी, फुले खांडू बिरहोर, अनिल बिरहोर, कौशल्या देवी समेत सैकड़ों महिला पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत निकाली गई बाइक रैली व मुफ्त में दिया गया हेलमेट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** पुनदाग टोल प्लाजा ओरमांझी से टोल कर्मियों ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत बाइक रैली निकाली जो की पटेल चौक तक गई और वहां दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट एवं पुष्पगुच्छ देकर सुरक्षा सावधानियां के बारे बताया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत पूरे देश में सड़क सुरक्षा को लेकर कार्यक्रम चल रहा है इसी दौरान पुनदाग टोल प्लाजा के बैनर तले आज पटेल चौक में टोल कर्मियों द्वारा बाइक रैली निकाली गई साथ में



राहगीरों को मुफ्त में हेलमेट दिया गया और सड़क सुरक्षा के बारे में बताया गया जीएम टेक्निकल पीडी विजय कुमार ने बताया कि सड़क पर जब भी चले तो हेलमेट जरूर लगाएं जिसे आप और आपके परिवार की रक्षा होगी रामगढ़ की डीटीओ सौरव प्रसाद ने सड़क सुरक्षा को लेकर कई अहम जानकारियां दी कहा कि जान है तो जहान है ।

## बनादाग पहाड़ी परिसर में आयोजित मकर संक्रांति मेंले का सदर विधायक ने किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** कटकमदाग प्रखड़ स्थित बानादाग पहाड़ी परिसर में मकर संक्रांति के अवसर पर गौरी शंकर धाम मंदिर समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय मेले का शनिवार को विधिवत उद्घाटन सदर विधायक मनीष जायसवाल ने किया। परिसर में कई आकर्षक झूले भी लगाए गए है। मौके पर उपस्थित लोगों को विधायक श्री जायसवाल ने मकर संक्रांति की बधाई देने के साथ भगवान गौरी- शंकर से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा की बाना दाग पहाड़ी सनातन धर्म के लोगों के लिए जहां आस्था का केंद्र बना है वही पर्यटक स्थल के रूप में विकसित हो रहा है।

## रेन्बो स्कूल के विद्यार्थियों ने किया राजगीर, नालंदा के ऐतिहासिक स्थलों का परिभ्रमण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही के 100 बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए राजगीर एवं नालंदा ले जाया गया। बच्चे राजगीर की पहाड़ियों का अवलोकन, ब्रह्मकुंड, राजगीर के पांडु-पोखर, वेणुवन, पहाड़ों, नालंदा विष्वविद्यालय के ऐतिहासिक खंडहरों, संग्रहालय, जरासंध का अखाड़ा, गरम जल स्नान सहित विभिन्न ऐतिहासिक स्थल और मंदिरों का अवलोकन किए एवं पहाड़ियों के मनमोहक दृश्य का आनंद उठाएं। विश्व शांति स्तूप मंदिर में भगवान बौद्ध का दर्शन भी किए उसके बाद बिहार के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल नालंदा विश्वविद्यालय का परिभ्रमण किया एवं विद्यार्थियों को नालंदा विश्वविद्यालय के इतिहास को विषय विस्तार से देखने और समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

## पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने इलाज का 80 हजार रुपए अस्पताल खर्च माफ करवाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम चुरचू निवासी 19 वर्षीय सूरज कुमार शनिवार को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूरज को बेहतर इलाज के लिए बर्लिन जनरल हॉस्पिटल हरमू रांची ले जाया गया था। शुक्रवार को सूरज राम की इलाज के दौरान मौत हो गई एवं अस्पताल प्रबंधन के द्वारा बकाया 80 हजार रुपए की मांग की जाने लगी। मृतक के परिजनों की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण वे अस्पताल खर्च देने में असमर्थ थे। इस संदर्भ में उन्होंने स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद एवं पूर्व मंत्री योगेंद्र साव से मदद की गुहार लगाई।

## सदर विधायक ने मुक्तिधाम सेवा संस्थान को सौंपा आधुनिक मुक्ति वाहन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** मकर संक्रांति के अवसर पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने मुक्ति वाहन की सौगात समाज को दिया है। शनिवार सुबह विधायक ने अपने विशेश्वर दयाल पथ स्थित सेवा कार्यालय के समक्ष मुक्ति वाहन (शव वाहन) की पूजा-अर्चना कर विधिवत रूप से इसकी चाभी हजारीबाग और आसपास के क्षेत्रों में लावारिश/अज्ञात/असहाय व्यक्तियों के शवों के सहायतार्थ काम करने वाली संस्था मुक्ति धाम सेवा संस्थान के सचिव नीरज कुमार को सौंपा। विधायक निधि वर्ष 2020- 21 के अंतर्गत करीब साढ़े 14 लाख् रुपए की राशि से इसे खरीदा गया है ।टाटा योद्धा 1700 पिकअप में निर्मित यह मुक्ति वाहन पूरी तरह वातानुकूलित है और इसमें शव के सुरक्षित तरीके से रखने के साथ 10 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। वाहन में शव को बाहर से देखने के लिए दोनों ओर से पारदर्शी शीशा लगा हुआ है। वाहन में एसी चेंबर, मूविंग स्ट्रेचर, चार्जिंग प्वाइंट, लम्बी दूरी तय



करने की क्षमता, आरामदायक सीट, बेहतर माइलेज, हर तरह के मार्गों पर सुगम संचालन, आरामदायक चालक केबिन, एडजस्टेबल स्टेयरिंग सहित कई बेहतर सुविधाएं मौजूद है ।मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हमारे समाज में कंधे पर शवों को घर से घाट तक ले जाने की परंपरा है। लेकिन अब इस परंपरा में बदलाव देखा जा रहा है, लोग कंधे की जगह शवों को घाट पर ले जाने के लिए एंबुलेंस या अन्य गाड़ियों का सहारा लेते हैं। जिसमें शवों के साथ परिजनों को कई प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ता है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## अमेजन. इन ने की 15 से 20 जनवरी 2023 तक रिपब्लिक डे सेल की घोषणा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अमेजन इंडिया ने की अपनी बहुप्रतीक्षित 'ग्रेट रिपब्लिक डे सेल' की घोषणा, जो 15 जनवरी से 20 जनवरी, 2023 तक चलेगी। प्राइम मेंबर्स को 24 घंटे पहले 14 जनवरी से मिलेगा सेल में खरीदारी करने का मौका। ग्राहक स्मार्टफोन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रॉसरी, फैशन एंड ब्यूटी प्रोडक्ट्स, होम एंड किचन, लार्ज एप्लाएंसेस, टीवी और अन्य सहित सभी श्रेणियों में कारीगरों और बुनकरों, महिला उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स, ब्रांड्स और स्थानीय पड़ोस की दुकान सहित विक्रेताओं द्वारा पेश किए गए करोड़ों उत्पादों में से खरीदारी कर सकते हैं। शाओमी द्वारा सह-समर्थित इस ग्रेट रिपब्लिक डे सेल में, ग्राहक श्रेणी में शाओमी, ओरिओन, पैम्पर्स, टेक्नो, एरियल, जिलेट, एलजी एप्लाएंसेस, सैमसंग टीवी, इंटेल और अन्य ब्रांड्स पर शानदार ऑफर्स के साथ अधिक बचत कर सकते हैं। अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल के दौरान खरीदारी करने वाले ग्राहक एसबीआई क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई, बजाज फिनसर्व ईएमआई कार्ड का उपयोग कर नो-कॉस्ट ईएमआई, अमेजन पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड, अमेजन पे लेटर और चुनिंदा डेबिट और क्रेडिट कार्ड के साथ अतिरिक्त 10 प्रतिशत इंस्टैंट छूट का फायदा उठा सकते हैं।

## श्री हनुमान चालीसा का लॉन्च हुआ म्यूज़िक वीडियो



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोरखपुर में 'मकर संक्रांति' के पावन अवसर पर पद्मश्री सोनू निगम के आई बिलीव म्यूज़िक ने जेटसिंथेसिस के डिजिटल मनोरंजन अंग, ग्लोबल म्यूज़िक जंक्शन के साथ श्री हनुमान चालीसा का म्यूज़िक वीडियो लॉन्च किया। यह लॉन्च मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में 'गोरखपुर महोत्सव 2023' में किया गया। इस कार्यक्रम में शहर और आसपास के इलाकों से 50,000 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया।सोनू निगम के साथ इस म्यूज़िक वीडियो में दर्शकों को हनुमान जी की स्तुति में अद्वितीय वीडियो इफेक्ट्स के साथ भक्ति स्तोत्र का नया अनुभव मिलेगा। हर प्रमुख ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विस्तृत मौजूदगी के साथ यह वीडियो देश में युवाओं और बुजुर्गों, दोनों को आकर्षित करेगा। म्यूज़िक एस्सेट लॉन्च के इतिहास में पहली बार यह म्यूज़िक वीडियो एक साथ 50 से ज्यादा यूट्यूब चैनल्स पर रिलीज़ हो रहा है।

## झारखंड की संस्कृति से जुड़ा पारंपरिक त्यौहार टुसू पर्व महोत्सव, हिफाजत करना बहुत जरूरी : सांसद चंद्रप्रकाश

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रजरप्पा क्षेत्र के मायल अंतर्गत लाखों लता में मकर सक्रांति के अवसर पर लाखों लता मंदिर परिसर में टुसू मेला महोत्सव का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी शामिल हुए एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद गोपाल चौधरी उपस्थित हुए तथा मेला का विधिवत रूप से फीता काटकर अतिथियों ने शुभ उद्घाटन किया इस मौके पर सांसद ने उपस्थित भीड़ को संबोधित करते हुए नववर्ष की शुभकामना एवं मकर सक्रांति की बधाई दी और उन्होंने कहा कि झारखंडी परंपरा से जुड़ा हुआ यह त्यौहार है इसे बचाए रखने की आवश्यकता है झारखंडी संस्कृति का लोकप्रिय त्यौहार है मेला में ग्रामीण क्षेत्र के हजारों महिला पुरुष मेला देखने पहुंचते हैं और एक दूसरे से आपसे प्रेम भाव और सद्भावना बनाए रखते हैं हमें आपस में मिल जुलकर त्योहार को मनाना चाहिए और आपसी प्रेम भाव से रहना चाहिए और अपने क्षेत्र के विकास के बारे में एक सूत्र में रहकर सोचना चाहिए इस दौरान उन्होंने कहा कि लोक संस्कृति से जुड़ा हुआ त्यौहार हम हर वर्ष मनाते हैं तथा आपस में किसी प्रकार के भेदभाव से दूर हट कर एक दूसरे से मिलते जुलते हैं। रामगढ़ जिला में 14 जनवरी को दर्जनों स्थान पर टुसू मेला महोत्सव का आयोजन किया जाता है जिसमें हजारों हजारों की संख्या में महिला पुरुष मेला में पहुंचकर मेला का खूब लुफ्त उठाते हैं।

## दसवीं कक्षा के विद्यार्थी का मूल प्रमाण पत्र खोया, थाना में आवेदन

**मंडरो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिर्जाचौकी निवासी शुभम कुमार जायसवाल पिता अशोक प्रसाद जायसवाल का दशवीं कक्षा का मूलप्रमाण मिर्जाचौकी बाजार में गिर जाने को लेकर मिर्जाचौकी थाना में दिया गया आवेदन।मिली जानकारी के अनुसार शुभम कुमार जायसवाल मिर्जाचौकी बाजार दशवीं कक्षा का मूलप्रमाण पत्र का फोटो स्टेट कराने के लिए आया था ।वही मिर्जाचौकी बाजार में दशवीं का मूलप्रमाण पत्र गिर गया ।शुभम कुमार द्वारा काफी खोजबीन किया गया परन्तु न मिल सका ।जिसका पंजीयन संख्या 0432-015-04996-06 है ,रोल कॉड -4301 व रोल नंबर 0240 है । वही मिर्जाचौकी थाना प्रभारी प्रकाश रंजन से मिलकर लिखित आवेदन दिया गया ।

## साइकिल चालक सड़क पर गिरकर हुआ घायल

**मंडरो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिर्जाचौकी स्टेशन चौक पूर्वी गेट समीप शनिवार को एक साइकिल चालक सड़क पर गिरकर हुआ घायल । मिली जानकारी के अनुसार सायकिल चालक रेलवे साइडिंग तरफ से मिर्जाचौकी फाटक तरफ जा रहा था । वही सड़क पर नाला का पानी जमा होने के कारण उतपन्न गड्ढे में गिरकर घायल हो गया ।सायकिल चालक को घुटना में चोट आई है ।

## हाजीपुर भीठा व राजगांव में मनाया गया मकर संक्रांति

**मंडरो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हाजीपुर भीठा व राजगाव में मकर संक्रांति पर्व शनिवार को मनाया गया ।मकर संक्रांति के संदेश मकर संक्रांति का संबंध नक्षत्रों राशियों,के अलावा ऋतु परिवर्तन परंपराओं और लोक संस्कृति से भी जुड़ा हुआ है ।हमारे पौराणिक एवं आध्यात्मिक ग्रंथों में इनका विशेष रूप से वर्णन किया गया है ।दान, पुणय और धर्म के कार्यो का भी इन पर्वँ त्योहारों के साथ गहरा संबंध रहा है । मकर संक्रांति विज्ञान और सूर्य से भी जुड़ा हुआ है ।मकर सक्रांति का संबंध शास्त्रों में सूरज के तेज व ऋतु परिवर्तन से भी संबंधित है । धर्म ग्रंथों का विस्तृत रूप से वणँन किया गया है।

## मुखिया ने किया वृद्ध, असहाय एवं गरीब लोगों के बीच कंबल का वितरण

**बरहरवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत पलासबोना पंचायत के मुखिया आलमगीर आलम ने पलासबोना गाँव में शनिवार को वृद्ध , असहाय व गरीब लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार मुखिया ने पंचायत के दर्जनों वृद्ध असहाय व गरीबों को कंबल मुहैया कराया इस संबंध में मुखिया आलमगीर आलम ने कहा कि पिड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है उन्होंने आगे कहा कि जिनके पास इस कंपकपाती ठंड में भी तन ढकने के लिए सही से कोई कपड़े नहीं रहते हैं, वैसे लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। कंबल जरुरतमंदों तक पहुँचे इसके लिए पूर्व से ही तैयारी करते हैं।

## तीन मिनट में सबसे अधिक दही खाने वाले होंगे विजेता

**साहेबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ का ब्रांड मेधा डेयरी की ओर से साहेबगंज जिला वासियों के लिए पहली बार मेधा दही खाओ-इनाम पाओ प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है।प्रतियोगिता 20 जनवरी को महादेवगंज स्थित मेधा डेयरी के प्रांगण में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा।इसकी जानकारी मेधा डेयरी प्लांट के हब इंचार्ज रविंद्र सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी।उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतिभागियों को निर्धारित समय (तीन मिनट) के अंदर दही खाने का मौका दिया जाएगा तथा जो प्रतिभागी निर्धारित समय में सबसे अधिक दही खा सकेगा, उसे प्रथम,द्वितीय एवं तृतीया पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

# अमन कुमार होली को भारतीय वैश्य महासभा ने किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहेबगंज :** शनिवार भारतीय वैश्य महासभा की एक बैठक सह स्वागत समारोह एल. सी. रोड स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता महासभा के नगर उपाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार साह ने किया. इस अवसर पर अमन कुमार होली को माला पहनाकर स्वागत किया गया एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि अमन ने रांची में आयोजित राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर झारखंड प्रदेश में साहिबगंज जिले का नाम रोशन किया है. जिला सचिव राजीव कुमार ने कहा कि अमन एक साधारण परिवार से रहते हुए भी यह उपलब्धि हासिल किया है. महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष मनीषा महावर ने कहा कि अमन अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करें।उपस्थित सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने अमन को यह उपलब्धि हासिल करने पर बधाई दिया।ज्ञातव्य हो कि खेल कूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची के द्वारा 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर रांची स्थित विवेकानंद स्मारक स्थली पर आयोजित राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में साहिबगंज महाविद्यालय के अमन कुमार होली ने साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज एवम सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर जिला का नाम रौशन किया है.इस उपलब्धि पर अल्पसंख्यक कल्याण एवम पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन ने अमन कुमार होली को प्रशस्ति पत्र एवम 7500 रुपया का चेक, मेमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। अवसर पर खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, खेल विभाग के संयुक्त सचिव हिमांशु शेखर, अवर सचिव देवशंकर दास समेत अन्य उपस्थित थे।

## चुटुपालू खिराबेड़ा मौउर सेरी टांड में मकर संक्रांति टुसू मेला का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ रांची बॉर्डर चुटुपालू खिराबेड़ा मौउर सेरी टांड में मकर संक्रांति टुसू मेला में मुख्य रूप से शामिल हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बजरंग महतो साथ ही बजरंग महतो ने कहा कि हिंदू धर्म में सूर्यदेवता से जुड़े कई प्रमुख त्योहारों को मनाने की परंपरा है। उन्हीं में से एक है मकर संक्राति। मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जा रहा है। शीत ऋतु के पौस मास में जब भगवान भास्कर उत्तरायण होकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो सूर्य की इस संक्रांति को मकर संक्राति के रूप में देश भर में मनाया जाता है। वैसे तो मकर संक्रांति हर साल 14 जनवरी को मनाई जाती हैं मौके पर रामगढ़ प्रमुख करुणा देवी जी ओरमांझी पूर्वी जिला परिषद सदस्य सरिता देवी रामगढ़ बीस सूत्री महेश महली साहित हजारों ग्रामीण उपस्थित थे ।

## मां चंचला वार्षिक महोत्सव को लेकर नगर सर्चधज कर तैयार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जामताड़ा :** मां चंचला वार्षिक महोत्सव के कलश यात्रा के निमित्त कलश सजाने के कार्य जोर-शोर से चल रहा है । महोत्सव समिति की अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने कहा कि मां का वार्षिक महोत्सव को ऐतिहासिक रूप देने के लिए नगर वासियों ने अपने अपने घरों में झालर लाइट सजाकर महोत्सव को दिव्य दीपावली का रूप देने में लगे हुए हैं। साथ ही सभी नगर वासियों से अपील भी किया है कि 15 जनवरी से 3 दिनों तक अपने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों में दीपक जरूर जलाएं। महोत्सव की सफलता को लेकर हर वर्ग के लोग कंधे से कंधे मिलाकर लगे हुए हैं।

## यूसीडब्ल्यूयू औंर सीसीएल पदाधिकारियों हुई बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** यूसीडब्ल्यूयू औंर सीसीएल पदाधिकारियों मध्य बैठक संपन्न हुई। एक घंटे तक नेक कार्य करने के लिए चर्चा किया गया। दोनों के मध्य सहमति के बाद निर्णय लिया गया। यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन महाप्रबंधक इकाई की एक संरचनामक बैठक 16 सूत्री मांगों को लेकर महाप्रबंधक कार्यालय कुजू में बैठक की गई। जिसमें सीसीएल के अधिकारियों के साथ क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और सीसीएल कर्मियों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रुप से आई नंबर 24 को अक्षरश~ महाप्रबंधक इकाई कुजू क्षेत्र में लागू करने, 16 फरवरी 22 से लेकर विगत दिनांक 28 फरवरी 2022 तक कुल 11 दिनों की कार्य दिवस की मजदूरी के भुगतान कर्मचारियों को करने, कंपनी द्वारा जिनको आवास आवंटित नहीं किया गया। उन्हें हाउस रेंट अलाउंस देने, मेडिकल बिल एवं टीए/ डीए का भुगतान 21 दिनों के अंदर सुनिश्चित करने ,रुग्णावकाश में रहने के बीच में अगर पीएचडी छुट्टी पढ़ती हैं। उसकी कटौती की जाती है। उसका भुगतान करने, क्षेत्रीय चिकित्सालय में लैब टेक्नीशियन की बहाली करने, क्षेत्रीय भंडार एवं



महाप्रबंधक कार्यालय क्षेत्र में पीने का पानी के लिए फिल्टर की व्यवस्था तत्काल करने, महाप्रबंधक कार्यालय तथा क्षेत्रीय भंडार कुजु क्षेत्र में फोटोकॉपी मशीन एवं प्रिंटर की व्यवस्था करने, क्षेत्रीय भंडार कुजू में हर 3 महीने में झाड़ियों की कटाई करने, क्षेत्रीय भंडार कुजु में नाली एवं शौचालय की व्यवस्था करने, ईबीएफएस की बैठक जल्द करवाने क्षेत्रीय चिकित्सालय में 24 घंटे एंबुलेंस की व्यवस्था देने ,महाप्रबंधक कार्यालय में कैंटीन के बगल में महिला शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने, कॉलोनिया में हो रही अवैध निर्माण को रोकने जैसी कई मांगों को लेकर चर्चा की गई ।

## 11 जनवरी को सड़क दुर्घटना में घायल सूरज कुमार का अस्पताल में निधन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बडकागांव :** 11 जनवरी को बड़कागांव हजारीबाग मुख्य सड़क स्थित 13 माइल के पास अज्ञात वाहन के चकमा से सडक दुर्घटना में पिपराडीह निवासी टिभर गोप के 24 वर्षीय पुत्र सुरज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सर में चोट लगने के कारण अत्यधिक रक्तश्राव होने से स्थिति गंभीर हो गई थी।सूरज को बेहतर इलाज के रांची रिम्स में भर्ती किया गया था। शनिवार को इलाज के दौरान अस्पताल में सुरज कुमार का निधन हो गया। सूरज के निधन की खबर सुनते ही पीड़ित परिवार का रो रोकर बुरा हाल है।पीड़ित परिवार व गुस्साए ग्रामीणों ने 14 माइल आराहरा रोड के पास कंपनी से मुआवजा व रोजगार मांग को लेकर सडक जाम कर दिया।सड़क जाम की खबर सुन कर बडकागांव अंचलाधिकारी अमित किस्कू तथा डाडीकलां थाना प्रभारी मणिलाल सिंह जाम स्थल पर पहुंचे।एनटीपीसी के अधिकारियों ने तुरंत मामले को संज्ञान में लिया तथा पीड़ित परिवार से वार्ता किया। पीड़ित परिवार को एक नौकरी तथा पिता को पेंशन देने की बात पर सहमति बनी। वार्ता होने के बाद सड़क को जाम मुक्त किया गया।एनटीपीसी के एचआर विभाग के डीजीएम मृत्युंजय वर्मा ने पीड़ित परिवार के उपेंद्र यादव, अनुज गोप से बात करके सडक जाम का निराकरण किया।

## 40 साल बाद सांडी में निकला टुसु मेला उमड़ी महिलाओं के भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** कुड़मि-कुड़मालि कला संस्कृति मंच द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर शनिवार को जागेश्वर महतो नागबंशी के नेतृत्व में भुचुंगडीह पंचायत अंतर्गत सांडी गांव से लगभग 40 साल बाद ग्रामीणों द्वारा टुसु यात्रा निकाला गया। जिसमें गांव के महिला पुरुष और बड़े बुजुर्ग बच्चे सभी लोग टुसु यात्रा में शामिल होकर यात्रा को पुनर्जीवित कर ऐतेहासिक बनाएं। इस दौरान सांडी गांव के ग्रामीणों ने पारम्परिक ढोल नगाड़ों के साथ टुसु लेकर रजरप्पा से सटे बामनधारा स्थित भेड़ा नदी गए और वहां पर टुसु का बिदाई किये। शोभायात्रा के दौरान महिलाओं द्वारा पारंपरिक गीतों से क्षेत्र गुंजयमान रहा। टुसु यात्रा में शिवलाल महतो, शिवनंदन महतो, संतोष महतो, टिडुआर माथुर महतो, लोकेश्वर चौधरी, कैलाश केटिआर, प्रभु महतो, रंजीत महतो, अमरेश महतो, चंद्रमोहन महतो, खिरोधर महतो, प्रकाश महतो, सुरेंद्र महतो, हजारी ओहदार, भूपेंद्र ओहदार, मन्तोष महतो, सतेंद्र महतो, शिवशंकर महतो, बिनोद महतो, कुलदीप महतो सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिलाएं मौजूद थी।

# सुरंगा पहाड़ को भव्य और सुंदर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा : सांसद चंद्रप्रकाश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रामगढ विधानसभा के दुलमी प्रखंड अंतर्गत सिरु पंचायत के भालू गाँव के सुरंगा पहाड़ में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर रामराज मेला सह टुसु महोत्सव में पहुँचने पर गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ जिला के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रहमदेव महतो को मिला समिति द्वारा ढोल नगाड़ा और फूल माला पहनाकर जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। तथा रामराज मेला का विधिवत रूप से फीता काटकर अतिथि के द्वारा उद्घाटन किया गया



मौके पर सांसद ने उपस्थित जनसमूह को मकर सक्रांति मेला की शुभकामनाएं दी। आयोजन समिति के द्वारा मकर सक्रांति महोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों नृत्यांगना वो द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया इस इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि भालू टुंगरी में आयोजित राम राज मेला मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष किया जाता है इसे और भव्य और सुन्दर बनाने का कार्य करेंगे, राम राज मेला स्थल को और बनाने का आज संकल्प लेते हैं ताकि आपलोगों को कठिनाई न हो साथ ही साथ रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में राम राज स्थापित करने के लिए लोगों को साथ देने की कहीं ।

## सदर विधायक ने समाजसेवी नीरज के खिचड़ी वितरण समारोह में शिरकत की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** भाजपा नेता सह समाजसेवी नीरज गुप्ता के नेतृत्व में मकर संक्रांति के अवसर पर शनिवार को गांधी मैदान स्थित बजरंगबली मंदिर परिसर में भोग लगाकर खिचड़ी का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए और बजरंग बली मंदिर में माथा टेककर क्षेत्र के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। विधायक मनीष जायसवाल ने खुद खिचड़ी प्रसाद का वितरण लोगों के बीच किया ।

# कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष बनें प्रदेश सचिव, कांग्रेसियों ने बरही चौक पर किया स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह को पार्टी के आलाकमान ने प्रदेश सचिव का दायित्व सौंपा है। प्रदेश सचिव बनने के बाद अवधेश सिंह का बरही चौक पर कांग्रेस प्रखंड कमेटी के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ दरोगा अंसारी जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष एवं वीरेंद्र सिंह भी शामिल थे। पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी के नेतृत्व में प्रदेश सचिव अवधेश सिंह का स्वागत किया गया। इस दौरान अवधेश सिंह ने कहा कि बरही विस में कांग्रेस पार्टी काफी मजबूत स्थिति में है। राज्य में जब भी पार्टी की



मजबूती की बात होती है तो बरही की चर्चा भी होती है। वहीं प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि अवधेश सिंह शुरुआत के दिनों से ही जिला में पार्टी के अभिभावक तुल्य रहे है। पार्टी ने उन्हें प्रदेश सचिव बनाकर पार्टी को मजबूती प्रदान की है। कहा कि श्री सिंह के प्रदेश सचिव बनने से पार्टी को और भी मजबूती मिलेगी। प्रदेश सचिव बनने पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला, जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, मीडिया प्रभारी डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता बिनोद यादव, बरही प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, पदमा प्रखण्ड अध्यक्ष गौतम मेहता, सेवादल अध्यक्ष उदय केशरी, विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सह पार्टी के प्रखण्ड कोषाध्यक्ष सुनील साहू, दीपक गुप्ता, गाजो यादव, रघुनंदन गोप, बासुदेव गोप, कुणाल कतरियार, हरी गुप्ता, मुकेश निषाद, बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष सिकंदर राणा, बरही मध्य मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, मनोज यादव सहित अन्य कांग्रेसी ने हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई दी है।

# शोकाकुल परिवार से मिले अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के पदाधिकारीगण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** चौपारण के रहने वाले हाजी मो सफीक अहमद के निधन पर अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के पदाधिकारी पहुंचकर उनके परिजनों से मिलकर इस दुःख की घड़ी में ढांढस बंधवाया। हाजी मरहूम सफीक साहब ने पूरी जिन्दगी में शिक्षा देने का काम किए। प्राथमिक विद्यालय खडोनी में शिक्षक के पद पर सेवानिवृत्त लिए और सेवानिवृत्त होने के बाद हज पर दोनों परिवार गए। हज से वापस आने के बाद अपने समाज को नेक मशवरा से नवाजते रहें। उनके चार बेटा मंसूर आलम, मो मनोवर, मो आफताब, मो साजिद इक़बाल सभी के स्वभाव पिता से मिलता जुलता



है। मौके पर मो क्यूम अध्यक्ष अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति, बरही विधायक प्रतिनिधि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग हाजी मो नकीब खान, 20 सूत्री अध्यक्ष इक़बाल रज़ा, कांग्रेस प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस मो रुस्तम अली, मौलाना हेलाल अख्तर मुखिया प्रतिनिधि, मीडिया प्रभारी मो तौकीर रजा, पप्पू खान फ़ॉन्डर मेंबर,अशोक यादव आदि उपस्थित रहे।

# टुसू को प्रगति तथा ओजस्विता का पर्व माना गया है : चंद्रप्रकाश चौधरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** टुसु पर्व के शुभ अवसर पर नगर परिषद क्षेत्र के गोबरदरहा महादेव चट्टान में महादेवपुर टुसु मेला समिति के द्वारा टुसु मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो,वार्ड पार्षद रोशन कुमार,देवधारी महतो उपस्थित हुए।कार्यक्रम का उदघाटन अतिथियों के द्वारा फीता काटकर उदघाटन किया गया।कार्यक्रम में गांव के महिलाएं पारंपरिक तरीके से टुसु बनाकर झूमते हुए नदी लाये और दामोदर नदी में भसावन किये।मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने लोगों को बधाई देते हुए कहा कि झारखंड में एक कहावत है 'बारह मासे, तेरह पर्व' यानी बारह महीने में तेरह पर्व। टुसू पर्व तेरह पर्वों में अंतिम पर्व माना जाता है। यह आदिवासी-मूलवासी और कृषक समाज का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। अगहन संक्रांति से पूस संक्रांति तक यह पर्व मनाया जाता है। पूस माह में होने के कारण



इसे 'पूस परब' कहा जाता है।टुसू को प्रगति तथा ओजस्विता का पर्व माना गया है। यही वह समय है जब प्रकृति के साथ-साथ समस्त जीव-जगत में नयी ऊर्जा का संचार होता है। वैसे तो झारखंड के सभी पर्व-त्योहार प्रकृति से जुड़े हुए हैं, लेकिन सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से टुसू पर्व का अलग महत्व है।कार्यक्रम में आये राजेश राज ओर्केस्ट्रा ग्रुप के कलाकरों ने एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत एवं खोरठा गीत प्रस्तुत कर लोगों को झुमन पर मजबूर किया।

## गिरिडीह कॉलेज में सीटीओ पद पर प्रो विनीता कुमारी ने लिया पदभार

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह कालेज गिरिडीह में एनसीसी में सीटीओ (केयर टेकर आफीसर) पद प्रो विनीता कुमारी ने अपना योगदान दी।वही कालेज में लगातार 25 वर्षो से एन सी सी कोर्स का संचालन हो रहा है ।पहली बार महिला प्रोफेसर के रूप में सीटीओ के दायित्व का निर्वहन करने जा रही हूं।उन्होंने कहा कि पूरी कोशिश होगी कि एनसीसी कैडेट्स का ध्यान चाहे क्लास का हो या रिफ्रेशमेंट का इनको पूरी निष्ठा से निभा सकूं। मौके पर कालेज के प्राचार्य डॉ अजय मुरारी सर, कमांडेंट आफीसर 22बटालियन एवं एन सी सी के कैडेट्स खासकर सीनियर अंडर आफिसर मनीष तिवारी उपस्थित थे।



## चोंगाखार पंचायत के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में किया गया स्वेटर का वितरण

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत चोंगाखार पंचायत के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल विकास परियोजना के द्वारा प्रदत नौनिहालों के लिए स्वेटर का वितरण किया गया. इस बीच आंगनबाड़ी केंद्र चरगो में पूर्वी भाग के पंचायत समिति सदस्य श्री मती सुलेखा कुमारी के द्वारा स्वेटर का वितरण किया गया, साथ हीं आंगनबाड़ी केंद्र चोंगाखार भंडार में वार्ड सदस्य कुणाल राय के द्वारा बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया. इस बीच आंगनबाड़ी केंद्र चरगो में कुल 23 एवं चोंगाखार भंडार में कुल 21 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया. मौके पर वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सचीन वर्मा, रामप्रसाद वर्मा, आंगनबाड़ी सहायिका सरोज वर्मा, गीता देवी, गुड़िया देवी, गौरी देवी, सोनी देवी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।



## मकर संक्रांति सह समरसता कार्यक्रम का आयोजन

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह के द्वारा नीम तला मैदान में समरसता सह मकर संक्रांति उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील कुमार, विभाग सह बौद्धिक प्रमुख, धनबाद विभाग, विशिष्ट अतिथि विशु रवानी, जिला संघचालक, नकुल चंद्र दास, विद्यालय कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, विद्यालय प्रबंध कारिणी के सदस्य उत्तम गयाली, सिद्धांत जी तेतुलिया ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य, विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा, विद्यालय के सभी आचार्य सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह द्वारा संचालित पांचो सरस्वती संस्कार केंद्र की आचार्या एवं संस्कार केंद्र में पढ़ने वाले 125 बच्चे उपस्थित हुए।



## समाजसेवी उदय प्रताप सिंह का कंबल वितरण अभियान जारी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रेलवे स्टेशन परिषर में शनिवार को समाजसेवी एवं युवा नेता उदय प्रताप सिंह एवं उनकी पत्नी रेनू सिंह ने जरुरतमंदो के बीच कम्बल का वितरण किया। मौके पर उदय प्रताप सिंह ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर यह कार्यक्रम रखा गया हैं. ऐसे पिछले एक महीने से विभिन्न स्थानों पर अपनी पत्नी और सहयोगियों के साथ कंबल वितरण कर रहे हैं। चौक चौराहो, स्टेशन एवं निकट स्टेशनों से रात्रि में सब्जी बेचने आने वाले,जरूरतमंद यात्रियों को ठंड से ठिठुर रहे लोगों को कंबल बांटने का अभियान जारी है और जब तक ठंड है तब तक इसी तरह कंबल वितरण अभियान जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि कंबल पाकर लोगों की खुशी- मुस्कान देखकर मेरी आत्म को काफ़ी संतुष्टि होती है। उन्होंने बताया कल पुराना बाजार, काली मंदिर के पास निकट के क्षेत्रों से संध्या से रात्रि तक सब्जी बेचने के लिए आने वाले पुरुषों एवं महिलाओं में कंबल वितरित किया जाएगा। जिन्हें चिन्हित कर लिया गया है।



## क्षतिग्रस्त हुई शिव मंदिर को भव्य मंदिर बनाने का लिया निर्णय

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अलकडीहा ओपी क्षेत्र के सेंट्रल सुरंगा में दो माह पूर्व हुई भुधसान कि भेंट चढ़ी शिव मंदिर कि स्थापना पहाड़ीगोड़ा में करने को लेकर क्षेत्र के लोगो ने बीड़ा उठाया है। भव्य मंदिर कि स्थापना को लेकर शनिवार को पहाड़ीगोड़ा काली मंदिर के प्रांगण में सुरुन्गा एवं पहाड़ी गोड़ा के ग्रामीणों कि हुई एक बैठक में भुधसान से क्षतिग्रस्त हुई शिव मंदिर कि काली मंदिर के बगल में स्थापित करने का निर्णय लिया। मंदिर की स्थापना के लिए सोमवार को भूमिपूजन कर भव्य मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी जाएगी। भूमिपूजन के लिए ग्रामीणों ने सांसद पीएन सिंह ,लोदना जीएम बीके सिन्हा सहित क्षेत्र के समाजसेवी को भी आमंत्रित किया है।

# ट्राफिक नियम का उल्लंघन करने वालों को गुलाब फूल देकर गलती सुधारने का दिया मौका

## -बस चालकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सड़क सुरक्षा सप्ताह के चौथे दिन आज जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह तथा ट्राफिक डीएसपी राजेश कुमार के निर्देशानुसार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को गुलाब का फूल देकर गलती सुधारने का मौका दिया गया। यह कार्यक्रम धनबाद में सिटी सेंटर, रणधीर वर्मा चौक, श्रमिक चौक, सुभाष चौक, चंद्रशेखर आजाद चौक तथा अलग अलग चौक चौराहों पर चलाया गया। इस मौके पर डीएसपी ट्रैफिक ने यातायात के नियमों की अवहेलना करने वालों को गुलाब देकर समझाया कि यातायात नियमों का पालन करे और अगली बार ऐसी लापरवाही न करें। अभियान के दूसरे चरण में बरटांड बस स्टैंड के पास निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसमें बस चालकों की 17 जनवरी तक अनिवार्य रूप से आंख की जांच व स्वास्थ्य जांच की जाएगी। जांच शिविर की शुरुआत डीएसपी ट्रैफिक व सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा द्वारा रिबन काट कर की गई। वहीं 15 जनवरी को सड़क सुरक्षा दौड़, 16 को क्विज प्रतियोगिता तथा 17 जनवरी को सड़क सुरक्षा को लेकर सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर सार्जेंट मेजर अरुण कुमार किशन, आरसीडी विभाग कनीय अभियंता अनिल कुमार, सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार तथा परिवहन विभाग के अन्य कर्मी भी मौजूद रहे।

## ढांगी में मकर संक्रांति महोत्सव में शामिल हुए टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो



**तोपचांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी तोपचांची प्रखंड अंतर्गत प्रधानखंता ,ढांगी पंचायत के बड़की जोरिया में मकर संक्रांति महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। माननीय टुंडी विधायक सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो जी का पारंपरिक तरीके से ढोल नगाड़े के साथ आदिवासी महिलाओं के द्वारा स्वागत किया गया ।उसके बाद विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने तीर चला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही अगल-बगल के मध्य विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विजेता हुए छात्र-छात्राओं को विधायक जी ने मेडल तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विधायक जी ने कहा की हमारी पहचान झारखंड की सभ्यता और संस्कृति से ही है इसलिए हम सबको इसे संरक्षित और आगे बढ़ाने की जरूरत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित डीएसपी निशा मुर्मू, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, प्रखंड प्रमुख आनंद महतो, तोपचांची थाना प्रभारी जय राम प्रसाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा तोपचांची प्रखंड सचिव नवल किशोर केवट एवं सैकड़ों झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

## सहायक अध्यापक संघ की 20वीं वर्षगांठ मनाई गई, शिक्षा मंत्री ने कहा की आप बेहतर रिजल्ट दे, हम आपको सम्मान देंगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बगोदर :** झारखंड प्रदेश सहायक अध्यापक संघ द्वारा बगोदर स्टेडियम में शनिवार को संघ की बीसवीं स्थापना दिवस आयोजित की गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया । संघ के अगुआ साथियों द्वारा मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो एवं विशिष्ट अतिथि बगोदर विधायक को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया वही अपने संबोधन में शिक्षा मंत्री ने कहा कि आप बेहतर रिजल्ट दे, हम आपको बेहतर सम्मान देंगे । जिस प्रकार सहायक अध्यापक 90त्र झारखंड के लोग बाहर हुए हैं ठीक उसी के तर्ज पर नए सिरे से पारा शिक्षकों की बहाली की जाएगी वही उपस्थित रसोईयों को आश्वासन देते हुए कहा कि उनका 1000 मानदेय में वृद्धि की जाएगी । वही बगोदर विधायक ने मौके पर कहा कि सहायक अध्यापक झारखंड के स्थानीय युवा बहाल हुए है और इनकी मांगे कई वर्षो से जारी है 10 - 15 वर्षो से अपनी मांग निरंतर जारी है जो युवा में बहाल हुए थे आज वह प्रौढ़ होने के कगार पर हैं और जो नियम बने उन्हें उनका पूरा लाभ मिले ऐसा ना हो नियम बने लेकिन 2 या 4 साल ही उन्हें लाभ मिल पाए और वह रिटायर हो जाएं। और मॉडल स्कूल को आवासीय विद्यालय प्रदान किया जाए जिससे शिक्षा व्यवस्था में दुरुस्त हो पाए वहीं रसोईया संघ ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा।

## कोडरमा सांसद एवं बगोदर विधायक द्वारा ट्रामा सेंटर का किया गया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बगोदर :** बगोदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बहुप्रतीक्षित ट्रामा सेंटर का उद्घाटन शनिवार को केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी एवम् बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह द्वारा किया गया, इस अवसर पर गिरीडीह जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे, बता दें कि जीटी रोड एनएच 2 और एनएच 100 के किनारे बसे होने के कारण बगोदर इलाके में अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, ऐसे में दशकों से लोगों की यह मांग थी कि बगोदर में ट्रामा सेंटर बनवाया जाए, बीते विधानसभा चुनाव के समय वर्तमान विधायक विनोद सिंह ने लोगों से यह वादा किया था, की इस बार ट्रामा सेंटर बनवाया जाएगा, उद्घाटन के मौके पर सिविल सर्जन ने बताया कि बगोदर विधायक विनोद सिंह की कोशिशों के यह नतीजा है कि इसे आज मूर्त रूप दिया जा रहा है, यह ट्रामा सेंटर धीरे धीरे और भी आधुनिक किया जाएगा, फिलहाल यहां लगभग 25 चिकित्साकर्मी मौजूद रहेंगे, ब्लड बैंक, एक्सरे समेत अन्य सुविधाएं है जिससे लोगों को राहत मिलेगी। वही मौके पर जिप सदस्य दुर्गेश कुमार सरिया जिप सदस्य अनूप पांडेय बगोदर प्रमुख आशा राज उपप्रमुख हरेंद्र सिंह बिडीओ मनोज कुमार गुप्ता दोंदलो मुखिया तुलसी महतो जरमुने पूर्वी मुखिया प्रमिला देवी सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव बगोदर पश्चिमी मुखिया सावित्री कुमारी सुखदेव राणा सुदीप जयसवाल सोनू सिंह गोल्डन जसवाल सहित कई लोग उपस्थित थे।



## धनबाद के कोयला नगर लिटिल स्टार प्ले एंड फन स्कूल का 13वां वार्षिक उत्सव मनाया गया

# नन्हे-मुन्हे बच्चों की शानदार प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कोयला नगर कोऑपरेटिव कॉलोनी, स्थित लिटिल स्टार प्ले एंड फन स्कूल में 13वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल नन्हे मुंहे बच्चों ने फिल्मी गीतों पर ऐसा समा बांधा। जिसे देखा वहां मौजूद रहे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। बच्चों द्वारा गीतों पर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति से पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। मौके पर स्कूल की प्राचार्या मिनी सिंह ने कहा कि अभिभावकों द्वारा सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला प्ले स्कूल के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आरंभिक पढ़ाई के साथ-साथ बच्चे के अंदर छुपे बाल कलाकार तथा अन्य एक्स्ट्रा एक्टिविटीज जैसे गीत सांस्कृतिक नृत्य के साथ-साथ कराटे का प्रशिक्षण सेल्फ डिफेंस के लिए प्रारंभ से ही सिखाना और उनके अंदर विराजमान गुण को जागृत करना है। ताकि भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक किसी भी प्रतियोगिता में यहाँ के बच्चे सफल हो सके। वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रस्तुति देख अतिथियों ने स्कूल प्रबंधन टीम की तारीफ की इस आयोजन में बच्चों के माता-पिता ने भी प्रतियोगिता में भागीदारी निभाई। ट्रेडिशनल शॉटोकन कराते डू एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के प्रशिक्षक कुंदन बांसफोर के द्वारा तैयार किया गया कराटे की बेहतरीन प्रस्तुति काफी शानदार रहा। वार्षिकोत्सव को सफल बनाने में स्कूल की प्राचार्य मिनी सिंह, शिक्षिका श्वेता मालती, सीमा गुप्ता,अनीशा, पुष्पा, स्नेहा,ज्योति एवं रीता कराटे प्रशिक्षक कुंदन बांसफोर बच्चों को निर्देशित करने में सक्रिय भूमिका निभाई।





## आईआईटी बीएचयू के विशेषज्ञों ने खदान से प्रभावित गांवों का लिया जायजा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आईआईटी बीएचयू व ईसीएल के विशेषज्ञों ने माइनिंग से प्रभावित निरसा प्रखंड के माड़कोड़ा व आसपास के गांवों का जायजा लिया. टीम विस्थापितों से बात कर उनकी समस्याएं भी सुनीं. अब समाधान के उपायों पर मंथन कर ईसीएल प्रबंधन को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी. टीम के सदस्यों ने खदान के अंदर जाकर मुआयना किया और वस्तुस्थिति से अवगत हुए. निरीक्षण के दौरान झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य अशोक मंडल, मजदूर नेता गणेश धर, झामुमो के उपेन्द्र नाथ पाठक, ठाकुर मांझी, विनोद सिंह, रामनाथ सोरेन, राजू झा, संजय गोराई, बबलू मुखर्जी, लखी सोरेन, लखी देवी, मोतीलाल मरांडी, महानंद रवानी आदि मौजूद थे।

## धनबाद कोयलांचल में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने की मांग रखी



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार के पुर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू सुप्रीमों सुदेश कुमार महतो से मिलकर धनबाद जिला प्रधान सचिव रामा शंकर तिवारी ने मकर संक्रांति पर्व की बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस बीच पार्टी सुप्रीमों सुदेश कुमार महतो ने पार्टी संगठन पर प्रकाश डालते हुए धनबाद जिला के विभिन्न क्षेत्रों में आजसू पार्टी का विस्तार एवं जन समस्याओं का त्वरित निष्पादन को लेकर मार्गदर्शन भी कराया। तिवारी ने धनबाद कोयलांचल में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर भी गम्भीरता से विचार विमर्श किया।

## भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित हुआ जी20 रंगोली कार्यक्रम



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जी20 कार्यक्रम को लेकर पूरे देश में नेतृत्व किया जा रहा है। इसी के उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा धनबाद की जिला अध्यक्ष रीता प्रसाद के नेतृत्व में रणधीर वर्मा चौक पर जी20 रंगोली कार्यक्रम करते हुए कमल फूल के द्वारा पुरे हर्षोल्लास के साथ जी20 उत्सव मनाया गया। उक्त कार्यक्रम मे धनबाद महानगर महिला मोर्चा की सारी जिला की बहने एवं मंडल पदाधिकारी बहने उपस्थित थी।

## आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक ने मकर संक्रान्ति के शुभ अवसर पर सबको शुभकामनाएं दी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गुरुदेव श्री श्री रविशंकर, वैश्विक आध्यात्मिक गुरु एवं आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक ने मकर संक्रान्ति के शुभ अवसर पर सबको शुभकामनाएं देते हुए, संक्रांति के धार्मिक संस्कारों और अभ्यासों के पीछे के व्यावहारिक ज्ञान के बारे में भी बताया। सदियों से ये रीति रिवाज रहे हैं। हम कहते हैं कि हमें तिल और गुड़ खाना चाहिए और दूसरों से मीठा बोलना चाहिए।तिल हमारे जीवन की निरर्थकता का प्रतीक है।इससे हमें यह पता चलता है कि इस सृष्टि में हम सब कितने छोटे हैं।यह भाव हमें विनम्र बनाता है और हमें प्राकृतिक सरलता से भर देता है।जब हम अपने छोटेपन को समझ जाते हैं,तब हमारा मन हल्का हो जाता है और हम दूसरों से अपेक्षा करना बंद कर देते हैं। इसी प्रकार से,गुड़ मीठेपन का प्रतीक है,जिसे हमें अपने जीवन में लाने की आवश्यकता है।जब हम मीठी बात करते हैं,तो वह मीठापन हमारे जीवन में भी झलकने लगता है। जब हम कड़वाहट फैलाते हैं,तो हमारे जीवन में भी कड़वाहट बढ़ जाती है।



# जन सवालों पर लड़ाई तेज करनी होगी : राजेश यादव

## महेंद्र सिंह शहादत दिवस का अभियान अंतिम दौर में, धोबन्नी में पार्टी ब्रांच का हुआ गठन।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** आम जनता तथा खासकर गरीब अपने विभिन्न सवालों से त्रस्त हैं, जबकि जनता का वोट लेकर सरकार चलाने वाले जन प्रतिनिधियों को इसकी कोई परवाह नहीं। जन प्रतिनिधियों की संवेदनहीनता के कारण जिम्मेवार प्रशासन भी जन समस्याओं के प्रति लापरवाह बना हुआ है। ऐसे में आम जनता को खुद ही अपने सवालों पर लड़ाई तेज करनी होगी। उक्त बातें माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने बेंगाबाद प्रखंड के फिटकोरिया पंचायत अंतर्गत ग्राम धोबन्नी में पार्टी की अगुवाई में हुई एक बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक का आयोजन गांव में सदस्यता भर्ती कर संगठन निर्माण तथा 16 जनवरी महेंद्र सिंह शहादत दिवस में भाग लेने की अपील को लेकर किया गया था। मौके पर माले नेता ने लोगों की समस्याओं को भी सुना और उन्हें इसके समाधान के लिए हर आंदोलन में साथ देने का भरोसा दिया। वहीं उन्होंने जोर देकर कहा कि, मेहनतकश मजदूर-किसानों के लिए अब समय आ गया है कि, वे अपने सवालों को चिन्हित कर उसपर राजनीति शुरू करें। इसके लिए गरीबों की एकता मजबूत करनी होगी, और ऐसा सिर्फ लाल झंडे तले ही हो सकता है, महेंद्र सिंह के रास्ते ही हो सकता है। यादव ने लोगों से संगठन के साथ जुड़कर गांव में पार्टी ब्रांच गठित करने की अपील की।



## प्रणव वर्मा और नागेंद्र महतो ने प्रवासी मजदूरों के बीच मनाया मकर संक्रांति

# लाखों प्रवासियों के लिए रेल के लिए सबंधित मंत्रालय से करूंगा बात : नागेंद्र महतो

*रीतलाल प्रसाद वर्मा के विचारों को आगे ले जाना हमारा दायित्व : प्रणव वर्मा*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** आगामी 1 फ़रवरी को जननायक स्व रीतलाल प्रसाद वर्मा की 75 वीं जयंती पर उनके प्रतिमा अनावरण हेतु भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह रीतलाल वर्मा विचार मंच के अध्यक्ष प्रणव वर्मा और बगोदर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो प्रवासियों को आमंत्रित करने सूरत पहुंचे हुवे है। लगातार दो दिनों तक डोर टू डोर लोगो से मुलाकात के बाद शनिवार को समस्त झारखंड समाज सेवा ट्रस्ट के आफिस पहुंचे जहा ट्रस्ट के पदाधिकारी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता ने उनका भव्य सवागत किया। मकरसंक्रांति जैसे त्यौहार में भी लोगो ने अपना कीमती समय देकर इनके स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ा। इस प्रमुख त्यौहार में विशेष अतिथि के भोजन का व्यवस्था ट्रस्ट के कोर कमिटी अध्यक्ष शंकर प्रसाद वर्मा के आवास पर था जहा पांरपरिक तरीके से एक साथ झारखंडी लोगो ने दही चूड़ा का आनंद लिया। प्रवासियों से मिलने के दौरान लोगो के समस्याओ से अवगत हुए लोगो ने ट्रेन की समस्या को जटिल बताया।



## संक्षिप्त खबरे

### सद्भवना मंच के तहत क्रिकेट मैच का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम में शनिवार को प्रखंड प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त संयुक्त तत्वाधान में नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु के खेल मैदान युवा सद्भवना मंच के तहत क्रिकेट मैच आयोजित कराया गया। आयोजित प्रतियोगिता में आजाद क्रिकेट कल्ब अरु बनाम क्रिकेट क्लब कल्हेपाट के बीच मैच खेला गया। मैच का शुभारंभ थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने गेंदबाजी और प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा बैटिंग कर प्रारम्भ कराया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता में 12- 12 ओवर का खेल में पहले बैटिंग करते हुए क्रिकेट कल्ब कल्हेपाट ने 97 रन बनाया वही 98 रन का लक्ष्य का पीछा करते हुए आजाद क्रिकेट कल्ब अरु 64 रन बना पाया जिसे क्रिकेट कल्ब कलेहेपाट ने 34 रन से प्रतियोगिता जीत लिया।

### भारतीय आर्म्ड फोर्सेज ने भारतीय उपमहाद्वीप का इतिहास बदला : डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण

# उपायुक्त ने भूतपूर्व सैनिकों के परिजनों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 7 वां आर्म्ड फोर्सेज वेटरंस डे का आयोजन आज नगर भवन,लोहरदगा में किया गया। इस मौके पर देश के पहले सेनाध्यक्ष केएम करियप्पा की तस्वीर पर उपायुक्त समेत जिला पदाधिकारियों व भूतपूर्व सैनिकों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि संख्या के आधार पर भारतीय आर्म्ड फोर्स दुनिया में सबसे बड़ी आर्म्ड फोर्स के रूप में जानी जाती है। इस फोर्स में गजब की क्षमता है। आज तक जितनी भी लड़ाईयां लड़ी गई हैं उनमें आर्म्ड फोर्स ने बहुत ही वीरता का परिचय दिया है। भारतीय आर्म्ड फोर्सेज ने कई बार भारतीय उपमहाद्वीप के इतिहास को बदला है। सन् 1857 में जब मेरठ में क्रांति प्रारंभ हुई थी तब ईस्ट इंडिया कंपनी का भारत में शासन हुआ करता था। आर्मी बैरक से शुरू हुई यह क्रांति इस कदर देश



में फैली जिसका परिणाम हुआ कि ईस्ट इंडिया कंपनी को भारत छोड़ कर जाना पड़ा। तब ब्रिटिश शासन ने कंपनी ने कमान संभाली। द्वितीय विश्वयुद्ध समाप्त होने के बाद वर्ष 1946 रॉयल इंडियन नेवी क्रांति शुरू हुई तब उसका मुख्यालय मुंबई में हुआ करता था। तब यही वह समय रहा होगा जब ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री को यह समझ में आ गया होगा कि भारत के शासन को छोड़कर जाने का समय आ गया है। इसके बाद अगले वर्ष यानी 1947 में देश को आजादी मिली। मुझे लगता है कि इसमें मुंबई में शुरू हुए रॉयल इंडियन नेवी के क्रांति मील का पत्थर साबित हुआ। इससे एक इतिहास बदला। इसके बाद 1971 भारत का पाकिस्तान के साथ युद्ध हुआ। तब पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान हुआ करता था। जो युद्ध हुआ उससे ना सिर्फ भारतीय उपमहाद्वीप का इतिहास बदला बल्कि भूगोल भी बदल गया। इस युद्ध से नया देश बांग्लादेश बना। इसके बाद पाकिस्तान व अन्य देशों के साथ जो भी युद्ध हुए उसमें भारत का नाम पूरे दुनिया भर में कायम हुआ। इस गौरवशाली इतिहास का आर्म्ड फोर्स हिस्सा है। विश्व के विभिन्न हिस्सों में शांति स्थापित करने के लिए गठित सेना में भारत के जवानों की संख्या सबसे अधिक देशों में से है। इसमें दुनिया भर के फोर्स में चयनित जवानों को विश्व में शांति बनाए रखने के लिए रखा जाता है। यह हमलोगों के लिए गौरव की बात है। उपायुक्त ने कहा कि आर्म्ड फोर्सेज वेटरंस डे आज पूरे भारत में मनाया जा रहा है। बीते कुछ वर्षों में इस कार्यक्रम का आयोजन कुछ वजहों से नहीं हो सकता लेकिन आने वाले वर्षों में प्रत्येक वर्ष मनाया जाएगा। यह जरूरी है कि किसी एक दिन हमारे भूतपूर्व सैनिक जिन्होंने आर्मी,नेवी,एयरफोर्स, सीआरपीएफ कहीं के भी हो,वो और उनका परिवार एक दिन किसी एक स्थान पर एक साथ आएं और अपने गौरवशाली कॅरियर व देशसेवा के उन लम्हों के याद करें और उनसे अपने आने वाली पीढ़ियों व अपने बच्चों को अवगत कराएं। यह अनुभव स्कूली बच्चों के बीच व युवाओं के बीच साझा होना चाहिए ताकि बच्चों को इससे प्रेरणा मिले। सीआरपीएफ कमाण्डेंट राहुल कुमार ने कहा कि पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए मैंने यह सेवा ज्वाईन की। हमारे परिवार में एक फाइटिंग स्पिरिट रहती है। रिटायर होने के बाद भी हम अपने समाज में योगदान दे सकते हैं। हम घर परिवार,समाज को अनुशासन और भाईचारा सिखा सकते हैं। हम ज्यादा नहीं तो अपने 50 मीटर दायरे में शांति व्यवस्था को कायम रखें तो पूरे देश में शांति हो जाएगा। हमें मारना नहीं बल्कि बचाना भी सिखाया जाता है। हम सेवानिवृत्त सैनिक जहां भी रहें वहां अपनी सेवा करें। एएसपी अभियान दीपक पाण्डेय ने कहा कि वर्ष 2017 से यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है। भारतीय सेना में एमके करियप्पा के योगदान को याद करते हुए यह कार्यक्रम मनाया जाता है। बाहरी दुश्मनों से आज देश का सरहद सुरक्षित है। आंतरिक दुश्मनों से पारा मिलिट्री फोर्स और पुलिस लड़ रही है, यह कहीं ना कहीं से सेना से प्रेरित है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा अशिक्षा, डायन बिसाही के विरुद्ध किया गया जागरूक



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रखंड क्षेत्र के मुरकी तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार नीम टोली में शनिवार को कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। मौके पर पीएलभी कार्यकर्ता पुनु देवी व पवन यादव ने बताया कि डालासा के माध्यम से गरीब कमजोर और समाज द्वारा प्रताड़ित लोगो को मुफ्त में कानूनी सहायता प्रदान करने व उनके विवादों को शौहार्द तथा शान्ति पूर्ण निपटारा के लिए जिला,राज्य व केंद्र स्तर पर कानूनी प्रधिकरण का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से लोगो को निःशुल्क कानूनी सेवा प्रदान किया जता है। साथ ही बताया गया कि शिक्षा, बाल विवाह, डायन बिसाही, बाल श्रम मजदूर, महिला उत्पीड़न, आपसी लड़ाई झगड़ा सहित अन्य कारणों से किसी भी तरह के मामले लोगों को परेशानी होती हैं। तो डालास के माध्यम से कानूनी सहायता प्रदान कर पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाया जाता है। मौके पर प्रीतम भगत, जुमन अन्सारी, रामवीर भगत, सहावीर भगत, कृष्णा भगत, अशमुनि उराइन, सुमित्रा भगताइन, माला कुमारी, मिना भगताइन, अमरजीत भगत,बन्धन भगत, रेशमा भगत सहित सैकड़ो ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

### मकर संक्रांति पर नदियों में श्रद्धालुओं ने लगाया आस्था की डुबकी



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भक्सो नदी तट पर 1908 ई में स्थापित की गई मां भगवती की यह मूर्ति प्राचीन है साथ ही मनोकामना पूर्ण भी हर साल की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में भक्सो कोयल नदी स्थित पौराणिक 1008 श्री उमानाथ मंदिर में( नदी तट) परिसर मे पौराणिक तरीको के साथ पूजा पाठ एवं मेले का आयोजन किया गया जहाँ श्रद्धालुओं ने कोयल नदी में आस्था की डुबकी के साथ पूजा अर्चना में लीन रहे 14 जनवरी दिन शनिवार कृष्ण पक्ष सप्तमी तिथि को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मेला तथा 12 घंटे अखण्ड हरि कृतन का आयोजन प्रातः 6 बजे से संध्या 6 बजे तक किया गया जहाँ भक्तो ने जमकर कृतन का आनंद भी लिया,बिभिन्न जगहों से लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी साथ ही मेले परिसर में तरह तरह के दुकानों के साथ अन्य सामग्री के स्टाल लगाए गए थे,वैसे तो माघ महीने में राज्य भर के विभिन्न क्षेत्रों में अलग अलग जगहों पर मेले का आयोजन होता रहा है पर भक्सो कोयल मेला का महत्व कुछ और ही है यहाँ विशेष कर श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती है लोगो का मानना है कि मकर संक्रांति के दिन स्नान ध्यान करने से कष्ठों का निवारण एवं सुख समृद्धि में बृद्धि होती है,वैसे तो मकर संक्रांति बोल चाल की भाषा मे 14 जनवरी को मनाया जाता रहा है परंतु सूर्य गोचर के अनुसार कुछ वर्षों से मकर संक्रांति कभी 14 कभी 15 जनवरी को मनाया जा रहा है इस वर्ष ग्रहों के स्वामी सूर्य महाराज धनु राशि से मकर राशि मे 14 जनवरी दिन शनिवार को रात्रि में राशि परिवर्तन करेंगे चूंकि स्नान दान रविवार को पुण्यकाल प्रातः कालीन में होगी, रात्रि होने के कारण मकर संक्रांति का पुण्य पर्व राशियों के अनुसार 15 जनवरी दिन रविवार को मनाया जाना अति उत्तम होगा।

## वाहन जांच के दौरान 11 बाइक जब्त, परिवहन विभाग द्वारा होगी नियम संगत कारवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना के समीप गुमला लोहरदगा एन एच 143 ए मुख्य मार्ग पर सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत वाहन जांच अभियान चलाया गया उक्त वाहन जांच अभियान पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के आदेशनुसार एस आई संतोष कुमार ने शस्त्र बल के सहयोग से चलाया। बताया जाता है कि सेन्हा थाना क्षेत्र में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना में बाइक चालक या बाइक सवार लोगो की मौत हो रही है। जिसका मुख्य कारण बाइक चालक तथा बाइक सवार लोगों द्वारा हेलमेट का इस्तेमाल नही किया जा रहा है। ज्ञात हो कि कुंदगड़ी मोड़ के समीप जंगल के पास हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई थी।



उसी में लोगो का कहना है। कि अगर हेलमेट पहने रहने से शायद जान बच सकती थी। एस आई संतोष कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार वाहन जांच के दौरान हेलमेट को लेकर विशेष वहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें 11 बाइक जब्त कर सूची परिवहन विभाग को कारवाई हेतु समर्पित किया गया। जानकारी के अनुसार बता दें कि परिवहन विभाग नियम के अनुसार बाइक या कार खरीदारी पर वाहन संबंधित कागजात वाहन मालिक को साथ में देने का प्रबधान है। परंतु शो रूम संचालक की गलती के कारण वाहन मालिक परेशान हो रहें है। वाहन जांच के दौरान ऐसे कई वाहन भी जब्त होता है जिसका रजिस्टेशन नम्बर तथा ऑनर बुक नही रहता है। जिस कारण वाहन मालिक परेशान होते हैं।

## भारतीय दर्शन, अध्यात्म, संस्कृति का मूल योग है : प्रवीण कुमार भारती

### योग के सफल प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का हुआ वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 14 जनवरी 2023 दिन शनिवार को स्थानीय गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण में पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास लोहरदगा के तत्वावधान में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोचार के साथ सामूहिक रूप से हवन किया गया। जिसका नेतृत्व आचार्य अर्जुन देव आर्य एवं कृष्ण चंद्र ने संयुक्त रूप से किया। हवन के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों के बीच सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में सफल योग प्रतिभागियों को आज प्रमाण पत्र भी वितरण किए गए। सभी प्रशिक्षुओं को जिला प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती द्वारा आगामी फ़रवरी माह में पाँच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर



लगाने का निर्देश दिया गया। जिसमें जिला स्तर के एक पदाधिकारी मौजूद रहकर उनका उत्साहवर्धन एवं कुशलता निरीक्षण भी करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन, अध्यात्म, संस्कृति का मूल योग है। पूरे जिले में योग,आयुर्वेद, स्वदेशी का अलख जगाने का संकल्प लिया गया। आचार्य गणेश शास्त्री ने कहा कि योग शिक्षा हर हाल में बच्चों को दें। अगर छोटी उम्र में ही योग करने का संस्कार मिल जाये तो व्यक्ति आजीवन स्वस्थ व बलवान रहेगा। कौशल शाहदेव ने लोहरदगा जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में योग का प्रचार प्रसार करने का संकल्प लिया। अभय भारती एवं रवि प्रजापति द्वारा सभी आगन्तुकों को एवं नवप्रशिक्षुओं का धन्यवाद एवं उत्साहवर्धन किया गया।

## मकर संक्रांति के मौके पर कोलेबिरा के श्री-कोड़ेकेरा में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** मकर संक्रांति के मौके पर शनिवार को कोलेबिरा के श्री-कोंडेकेरा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख दुतामि हेमरोम के द्वारा विधिवत रिबन काटकर कार्यक्रम की उद्घाटन किया। इस दौरान आए हुए कलाकारों के द्वारा भक्ति वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की। वहीं उपस्थित जनसमुदाय एवं भीड़ को संबोधित करते हुए झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने सर्वप्रथम सभी लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी तथा उन्हें कहा ऐसे आयोजन करने से हमारी संस्कृति जो विलुप्त हो रही है वह पुनर्जीवित होने में मददगार साबित होगी ।आज की आधुनिकता में हम अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं ऐसे में इस प्रकार का आयोजन हमें करनी चाहिए ताकि हमारी कला संस्कृति और हमारा समुदाय में लोगों



को भी अपनी भाषा संस्कृति के प्रति लगाव बनी रहे। उन्होंने अपने पिता के कार्यकाल के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जब पूर्व मंत्री एनोस एक्का इस क्षेत्र के विधायक थे। तब इस क्षेत्र में छोटी से लेकर सभी प्रकार के बड़े आयोजन में उनका सहयोग होता था और आज भी हमेशा की तरह उनका सहयोग है। आज क्षेत्र में विकास की गति थम गई है जिसे गति देने के लिए झारखंड पार्टी फिर से प्रयासरत है ताकि आने वाले दिनों में झारखंड पार्टी का आप सहयोग करें और पार्टी आप सभी के लिए सभी छोटी-बड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ दूर करने का प्रयास करेगी। आज क्षेत्र में लोग परेशान हैं इस क्षेत्र में लोगों की परेशानियों को सुनने वाला कोई नहीं है जिसे जल्द से जल्द दूर करने का प्रयास करेंगे।

## सौ यूनिट फ्री के चक्कर में गरीब जनता को लूट रही है राज्य सरकार : सूरज दसौंधी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सूरज दसोंधी के नेतृत्व में विद्युत समस्या को लेकर विद्युत कर्मियों गांधीगिरी के माध्यम से माला पहना कर किया विरोध। मौके पर सुरज दसोंधी ने कहा कि झारखंड की जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन में बनाई गयी सरकार ठगबंधन साबित हुई। वर्तमान में विधुत व्यवस्था पर समाज के कई कार्य निर्भर है।विशेष कर विधार्थी परेशान है पढ़ाई के समय विधुत गायब,कृषि बहुल क्षेत्र है किसान विधुत से पटवन कर अपनी सिचाई को समय से पानी उपलब्ध नहीं करा पा रहा है।और सरकार ढकोसले वायदे करने से नहीं चूक रही है।उपर से लगातार विधुत जांच के नाम पर गरीबों का शोषण किया जा रहा मानो बहुत बड़ी अपराधी।जनता का मुंह को बंद करने व अपने कमियों को छिपाने के लिए विधुत जांच अभियान चलाया जा रहा जिससे जनता में आक्रोश बढ़ रहा यदि कार्य में सुधार नहीं हुआ तो जनता सड़क पर होगी। इसलिए सरकार,विभाग और कर्मचारियों से भी आग्रह है मुख्यमंत्री के खिदमत के साथ साथ जनता का भी खिदमत करें जिससे जनता लाभान्वित हो सके। वर्तमान सरकार ने सिर्फ गरीबो को लूटने का काम किया और मनमानी तरीके से बिजली बिल वसूलने के भी, मौके पर मंडल अध्यक्ष सूरज दसौंधी, ग्रामीण मंडल महामंत्री विवेक चौहान, रमेश चंद्र कुंवर, कुलदीप सिंह, रमेश उरांव, सुकरा उरांव, गोवर्धन उरांव, सुनील उरांव, सकरा उरांव, सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## राज्यसभा सांसद के सौजन्य से कांग्रेसियों ने गरीब असहाय लोगो के बीच बांटे कंबल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित हरिजन मुहल्ला और आदिवासी मुहल्ला में जरूरत मंद लोगों के बीच जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वधान में प्रखंड कांग्रेसी कार्यकर्ताओ द्वारा कंबल वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के सौजन्य से चलाया जा रहा है। जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष सूखैर भगत ने कहा की ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है। और ऐसे स्थिति में गरीब व असहाय लोगो के लिए ठंड अभिशाप के तौर पर माना जा रहा है। बताते हुए उन्होंने कहा प्रखंड मुख्यालय सहित पंचायत क्षेत्र के सुदुर्वर्ती इलाके में गरीब परिवार निवेश कर रहें है। और वे लोगो आवश्यकता की सामग्री की खरीदारी करने में आज भी असमर्थ रहते है। खास कर गरीब बुजुर्ग व असहाय लोग जिसको ध्यान में रखते हुए राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के कोष से प्रखंड कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा उन सभी को बढ़ते ठंड से बचाव को लेकर सेन्हा हरिजन मुहल्ला एवं आदिवासी मुहल्ला में लगभग 100 गरीब वृद्ध,असहाय महिला पुरुषों के बीच कंबल वितरण किया गया है।

### कोचेडेगा भंडारटोली में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भाजपा नेत्री पिंकी प्रसाद ने किया उद्घाटन



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत कोचेडेगा भंडारटोली में चौठ मेला के अवसर पर देर रात रंगारंग नागपुरिया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित भाजपा नेत्री पिंकी प्रसाद विशिष्ट अतिथि मजदूर नेता राजेश सिंह पंचायत के मुखिया शिशिर टोप्पो, पंचायत समिति भगवती देवी नीलेश प्रसाद धनंजय केसरी के द्वारा विधिवत रिबन काट कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जगदीश नायक द्वारा भक्ति वंदना प्रस्तुत कर किया गया मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री पिंकी प्रसाद ने कहा यह मेला प्रत्येक वर्ष इस गांव में आयोजन किया जाता है इसके लिए आयोजन समिति धन्यवाद के पात्र हैं किस प्रकार का मेला आयोजन कर समाज में धार्मिक संस्कृति को बचाने का काम किया जा रहा है। मेले में सभी समुदाय के लोगों का आगमन मेल मिलाप से आपसी भाईचारा बढ़ता है। जहां दूर-दूर से लोग यहां पर देखने के लिए आते हैं हमारा प्रयास रहेगा कि प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के आयोजन में हम सहयोग करें ताकि आने वाले दिनों में भी यह मेला का अस्तित्व बनी रहे और इसके प्रति लोगों का जुड़ाव रहे। विशिष्ट अतिथि मजदूर नेता राजेश सिंह ने कहा कि क्षेत्र में मजदूरों के साथ शोषण के प्रति हमेशा से साथ खड़े हैं और अगर कहीं पर भी किसी मजदूरों के साथ शोषण होता है तो इसकी शिकायत करें मजदूरों के हित के लिए सदैव साथ रहेंगे।

### पतंग प्रतियोगिता में शशि तिग्गा बने विजेता

## सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय में समरसता खिचड़ी व पतंग उत्सव आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में समरसता खिचड़ी और पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। पतंग उत्सव प्रतियोगिता में शशि तिग्गा ने प्रथम स्थान, सुजीत उरांव ने द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान विकास उरांव ने प्राप्त किया। पतंग उत्सव प्रतियोगिता में राज प्रजापति, आदित्य उरांव, अंकित बाखला की सहभागिता रही। कार्यक्रम में समरसता खिचड़ी के अंतर्गत सामूहिक रुप से खिचड़ी का आनंद लिया गया। मुख्य वक्ता के रूप में शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने भैया बहनों को मकर संक्रांति पर्व के बारे में बतलाया, उन्होंने कहा कि यह त्योहार गुड़ की मिठास, समरसता, दान का महत्व, तिल के




तिलकुट का त्यौहार है। डॉक्टर टी साहू ने कहा कि यह त्यौहार नए साल का पहला त्यौहार है सभी धूमधाम से मनाते है।7 शिव शंकर सिंह ने कहा कि पतंग उत्सव देश को प्रतिष्ठा दिलाने की परंपरागत कला है। पुरस्कार वितरण अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उपाध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि यह त्यौहार हिंदुओं का बहुत ही पवित्र त्यौहार है। कार्यक्रम में अध्यक्ष शशिधरलाल अग्रवाल, प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, बिपिन कुमार दास, सच्चित सिंह, तुलसी उरांव, राहुल कौशल, प्रदीप कुमार हिंद, देवानंद महतो, अजय प्रसाद, डॉक्टर कुमुद कुमार, डॉ प्रमोद कुमार पुजारी, शोभा देवी, सीमा कुमारी, सुधीर अग्रवाल, विनय केसरी, गोरख पांडे, ज्ञान कुमार, अशोक साहू, आशुतोष पाठक, अनीमा सिंह, पशुपतिनाथ पारस, अनिल उरांव, हिमांशु केसरी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नीतू कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन यशोदा कुमारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, भैया बहनों और कर्मी ने अहम भूमिका निभाई।

# गोंडवाना विकास विद्यालय सह छात्रावास का स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सलडेगा में गोंडवाना आदिवासी कल्याण एवं विकास मंच द्वारा स्थापित गोंडवाना विकास विद्यालय सह छात्रावास का 6वां स्थापना दिवस सह गोंडवाना रत्न दादा हीरासिंह मरकाम की जयंती धूमधाम से मनाया गया. सर्वप्रथम छात्रावास के बच्चों द्वारा कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत गान और स्वागत भाषण द्वारा स्वागत कर माथे पर हल्दी चंदन लगाया है तत्पश्चात पहानों द्वारा पुजा- अर्चना कर दादा हीरासिंह मरकाम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई । मंचीय कार्यक्रम के अतिथि तिरुमया सुनीता देवी मुखिया हेठमा पंचायत ने संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक सहयोग से शहरी क्षेत्रों में



किसी विद्यालय का स्थापना करना वाकई में एतिहासिक है. लोकतांत्रिक तरीके से विद्यालय का संचालन करना और समाज के सामने कम समय में बेहतर रिजल्ट के साथ एक अच्छे बदलाव का संकेत चरितार्थ करना भी एतिहासिक है जो गोंडवाना विकास विद्यालय ने कर के दिखाया है । आज गोंडवाना विकास विद्यालय की चर्चा पुरे देश भर में है. गोंडवाना विकास मंच जिस उद्देश्य के साथ आगे बढ़ रही है उसे और आगे लेकर जाना है. इसके लिए मैं हमेशा तैयार रहूँगी. उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि इस तरह के छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने का अवसर बहुत कम लोगों को मिलता है इसलिए इसका भरपूर फायदा उठाएं । गोंड महासभा के सचिव सह गोंडवाना वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य शिवनंदन प्रधान ने कहा कि समाज के कर्णधार बच्चे होते हैं यदि उन्हें बचपन से ही सही मार्गदर्शन मिले तो वे भविष्य में समाज के लिए सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकते हैं. गोंड समाज देश की आजादी के पहले से ही यह चीज नहीं कर पा रही थी जिसका बीड़ा गोंडवाना विकास विद्यालय ने उठाया है. बच्चों को आवासीय रखकर मात्र खाने भर के खर्च पर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निशुल्क शिक्षा, संस्कार, सामाजिक- आर्थिक ज्ञान देना, खेल प्रशिक्षण देना एतिहासिक कदम है. मात्र 5 वर्ष में विद्यालय ने कई राज्य और राष्ट्रीय स्तरीय उपलब्धि हासिल की है. इसकी दायरा को और आगे लेकर जाना है. समाज के लोगों को जागरूक होना पड़ेगा और अच्छे शिक्षा के महत्ता को समझना होगा. सामाजिक सहयोग की भावना को विकसित करना पड़ेगा। कुरडेग प्रखंड के पूर्व प्रमुख माधुरी देवी और बासेन पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मीना देवी ने भी अभिभावकों और बच्चों को संबोधित किया और समाज में शिक्षा के महत्ता को बताया। उन्होंने भी कहा कि वर्तमान में सामाजिक ज्ञान, वैश्विक ज्ञान, व्यवसायिक ज्ञान और संस्कारपूर्ण ज्ञान का होना व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत जरूरी है। अभिभावकों को शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देना होगा। कुरीति, अंधविश्वास, नशापान, ईर्ष्या की भावना से बाहर निकलकर साथ मिलकर सामाजिक विकास की भावना को विकसित करना पड़ेगा।

## चलते चलते एक नजर

### टुसु का किया गया प्रदर्शन

**रांची।** सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय लोककला जत्रा के दूसरे दिन टुसु का प्रदर्शन किया गया। जिसमें तकरीबन 25 सांस्कृतिक दलों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दूसरी पाली में मंच में मुंडा नृत्य , छउ नृत्य ,घोड़ा नृत्य , संथाली नृत्य , खड़िया नृत्य ,नागपुरी नृत्य इत्यादि दलों ने अपना नृत्य का कार्यक्रम दिया। लोक कलाकारों के द्वारा इस कार्यक्रम में लोक कला को देखने और दिखाने का विशेष अवसर प्राप्त हुआ। निदेशालय की ओर से यह एक अच्छा प्रयास है , ताकि लोक कला को जीवित रखा जा सके। सभी लोक कलाकारों ने झारखंड सरकार को धन्यवाद दिया। सरकार यह प्रयास सराहनीय है।कार्यक्रम में पद्मश्री मधु मंसूरी हँसमुख, मनपुरण नायक, देवदास विश्वकर्मा, महावीर नायक, शरण उराँव, विशेष रूप से उपस्थित हुए। निदेशालय के उप निदेशक पूरे कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका में रहे। उपरोक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजक डॉ जयकान्त इंदवार एवम बंदी उराँव ने दिया।

### आर्मी पब्लिक स्कूल रांची में आर्मी डे पर पेंटिंग प्रतियोगिता मनाया गया

**रांची।** आर्मी पब्लिक स्कूल रांची में आर्मी डे पे पेंटिंग प्रतियोगिता मनाया गया। स्कूल के बच्चों द्वारा पेंटिंग बनाया गया। जिसमें संदेश दिया गया सेना ज्वाइन करें और अपने देश के लिए काम करने पर गर्व करें। आई लव आर्मी। इस अवसर पर प्राचार्य अभय कुमार सिंह ने बच्चों को आर्मी डे के अवसर पर शुभकामनाएं दी। बड़े गर्व से बच्चों को आर्मी के प्रति अपना स्नेह दिखाने पर शाबाशी दी। इस प्रोग्राम में विभिन्न प्रतिभागियों ने भाग लिया। अल्मा हसन,आराध्या, सांभवी मिश्रा,श्रृष्टि चौधरी,अमृता झा, अदिति, महक वर्मा, खुशबू विश्नोई, सत्यम कुमार सिंह ,सेजल मल्लिक, प्रीति सिंह, मनदीप सिंह, सौम्या, दिव्यांशी, श्रेया ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कला शिक्षक मोहम्मद साबिर हुसैन ने सभी बच्चों को बधाई दी।

### रांची में महिला थानेदार ने बेरहमी से पीटा, एसएसपी से की शिकायत

**रांची :** तुपुदाना थाना प्रभारी मीरा सिंह और थाना में मौजूद एक अन्य एएसआई सुनील सिंह पर एक व्यक्ति के साथ बेरहमी से पिटाई करने का आरोप है। इस मामले में पीड़ति व्यक्ति विकास कुमार ने रांची एसएसपी किशोर कौशल से लिखित शिकायत की है। बताया है कि तुपुदाना थाना प्रभारी मीरा सिंह ने उनकी बेरहमी से मारपीट की है, जिसके कारण शरीर पर कई गहरे जख्म हो गये हैं। फिलहाल पीड़ति व्यक्ति विकास कुमार का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। इस मामले को लेकर रांची एसएसपी किशोर कौशल ने मामले की जांच करने का आदेश दे दिया है। इस मामले की जांच हटिया डीएसपी राजा मित्रा कर रहे हैं। पीड़ति ने एसएसपी किशोर कौशल को बताया कि जबरदस्ती बयान देने और हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया गया था। जब वह बयान नहीं लिखने और हस्ताक्षर नहीं करने तो तैयार हुए तो उन्हें जेल भेजने की धमकी मीरा सिंह ने दी थी। इस मामले में युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव विशु विशाल यादव ने कहा कि झारखंड पुलिस चोरी की घटनाओं को रोकने में विफल है। थाना प्रभारी रिश्वत लेने के आरोप में पूर्व में ही जेल जा चुकी है। थाना प्रभारी मीरा सिंह पूछताछ के नाम पर हैवानियत पर उतर आई है।

# भारतीय सेना दिवस आज



एजेंसी

**नई दिल्ली :** 15 जनवरी का दिन भारत के लिए अहम दिन है। आज के दिन को हर साल भारतीय सेना दिवस के तौर पर मनाया जाता है। 15 जनवरी भारत के गौरव को बढ़ाने और सीमा की सुरक्षा करने वाले जवानों के सम्मान का दिन होता है। 15 जनवरी को नई दिल्ली और सभी सेना मुख्यालयों पर सैन्य परेडों, सैन्य प्रदर्शनियों व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इस मौके पर देश थल सेना की वीरता, उनके शौर्य और कुर्बानियों को याद करता है। 15 जनवरी भारतीय सेना दिवस को फील्ड मार्शल केएम करियप्पा के सम्मान में मनाया जाता है। गौरतलब है कि देश की आजादी से पहले सेना पर ब्रिटिश कमांडर का कब्जा था। साल 1947 में देश के आजाद होने के बाद भी भारतीय सेना का अध्यक्ष ब्रिटिश मूल का ही होता था। साल 1949 में आजाद भारत के आखिरी ब्रिटिश कमांडर इन चीफ जनरल फ्रांसिस बुचर थे। जिनकी जगह ली भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल के एम करियप्पा ने। बाद में करियप्पा फील्ड मार्शल भी बने। दरअसल फील्ड मार्शल केएम करियप्पा आजाद भारत के पहले भारतीय सेना प्रमुख 15 जनवरी 1949 को बने थे। ये भारत के इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है। इसलिए 15 जनवरी को हर साल भारतीय सेना दिवस के तौर पर मनाया जाता है। जब करियप्पा सेना प्रमुख बने तो उस समय भारतीय सेना में लगभग 2 लाख सैनिक थे। करियप्पा साल 1953 में रिटायर हो गए थे और 94 साल की उम्र में साल 1993 में उनका निधन हुआ था।करियप्पा ने भारत पाकिस्तान युद्ध 1947 का नेतृत्व किया था। रिटायरमेंट के बाद में उन्हें 1986 में फील्ड मार्शल का रैंक प्रदान किया गया। इसके अलावा दूसरे विश्व युद्ध में बर्मा में जापानियों को शिकस्त देने के लिए उन्हें ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एंपायर का सम्मान भी मिला था। राजा महाराजाओं के दौर में हर शासक के अपने सैनिक होते थे लेकिन ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारतीय सेना का गठन साल 1776 में कोलकाता में किया। उस समय भारतीय सेना ईस्ट इंडिया कंपनी की सैन्य टुकड़ी थी, जिसे बाद में ब्रिटिश भारतीय सेना का नाम मिला और अंत में भारतीय थल सेना के तौर पर देश के जवानों को पहचान मिली।

# राष्ट्रपति से मिले विधायक सरयू राय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** विधायक सरयू राय ने नई दिल्ली में शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान सरयू राय ने राष्ट्रपति को 22 फरवरी से तीन मार्च तक रांची के मोरहाबादी मैदान में लगने वाले पर्यावरण मेला का उद्घाटन करने का निमंत्रण दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि फरवरी के कार्यक्रमों को देखने के बाद वे स्वीकृति देने की सूचना देंगी।

राष्ट्रपति ने यह भी बताया कि उन्हें स्मरण है कि 2018 में जब पहली बार रांची में पर्यावरण मेला लगा था, तब उन्होंने ही मेले का उद्घाटन किया था उ स वक्त वे झारखंड की राज्यपाल थीं।

# कर्नल बीके सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रदेश भाजपा कार्यालय में शनिवार को कर्नल बीके सिंह सहित सैकड़ों लोगों पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसी पार्टी है, जो पार्टी विथ डिफरेंस, कार्यकर्ता विथ डिफरेंस और गवर्नमेंट विथ डिफरेंस है। पार्टी के कार्यकर्ता सेवा भाव से काम करते हैं।उन्होंने कहा कि आज भारतीय सेना में तीन दशक से अधिक समय तक सेवा दे चुके कर्नल बीके सिंह अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। यह इस नए साल में पार्टी के लिए यह शुभ संकेत है कि झारखंड में परिवर्तन की लहर चल रही है। दीपक प्रकाश शनिवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

कर्नल बीके सिंह ने भाजपा परिवार का सदस्य बनने पर खुशी जताते हुए कहा कि 36 साल तक एक सिपाही के रूप में काम किया है। अब भाजपा का सिपाही बनकर जनसेवा के लिए काम करूंगा। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी दुनिया के ऐसे प्रधानमंत्री है जो सिर्फ और सिर्फ देश की तरक्की के बारे में सोचते है। देश की 140 करोड़ जनता कैसे खुशहाल रहे इसके लिए वो हमेशा चिंतित रहते हैं।कर्नल बीके सिंह के अलावा एसके सिन्हा, केडी शर्मा, गायत्री, रेणु सिंह सहित अन्य ने सदस्यता ली।समारोह में प्रदेश के महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, प्रदेश मंत्री गुड्डू सिंह ,प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सूरज शाहदेव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# महामैत्रायिणी योगिनी निर्वाण दिवस भक्तिमय वातावरण में मनाया गया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा डालटनगंज में माँ महामैत्रायिणी योगिनी निर्वाण दिवस भक्तिमय वातावरण में मनाया गया।

उक्त अवसर पर पूजनीया माता जी की समाधी पर माल्यार्पण, पूजन,आरती एवं तत्पश्चात सफल योनि सदग्रंथ का पाठ सम्पन्न किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम सुबह से प्रारम्भ हुआ। तत्पश्चात उपस्थित श्रदालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर समूह शाखा डालटनगंज द्वारा चैनपुर प्रखंड के महुगाँवा पंचायत के सोनपुरवा एवम कोल्हुआ ग्राम में जरूरतमंद एवं बुजुर्ग ग्रामीण बंधुओं के बीच बढ़ते ठंड को देखते हुये कुल 50 कंबलों का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर शाखा के उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिन्हा, व्यवस्थापक योगेंद्र नारायण सिंह, प्रचार मंत्री अनुराग सिंह,संयुक्त मंत्री रोहित सिंह, हरेराम सिंह, संजय दुबे, राहुल सिंह, बामदेव मेहता, रुद्र एवं श्रवण मौजूद थे।

### आशी लाइफ केयर हॉस्पिटल में 16 जनवरी को होगा मुफ्त जांच व इलाज

# पलामू के लिए वरदान है आशी लाईफ केयर हॉस्पिटल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर के पांकी रोड स्थित आशी लाइफ केयर हॉस्पिटल में निःशुल्क मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया गया है। स्व. सरस्वती कुंवर की पुण्यतिथि पर निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप में सभी तरह के रोगों का निशुल्क जांच एवं इलाज किया जाएगा।

साथ ही मरीजों को दवाई भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस बात की जानकारी आशी लाइफ केयर हॉस्पिटल के उप निदेशक अमितेश पांडेय ने दिया है। श्री पांडेय ने बताया कि सेवा स्नेह व सद्भाव की प्रतिमूर्ति पूजनीय स्वर्गीय सरस्वती कुंवर की स्मृति में रोगियों की जांच सलाह एवं इलाज निशुल्क कराई जाएगी। ईसीजी से लेकर एक्सरे भी निशुल्क किया जाएगा। 16 जनवरी को सुबह 10 बजे से 3 अपराहन तक लगने वाले कैंप में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रानी, हड्डी और नस रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजेश मालवा, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर प्रशाद एवं जनरल फिजीशियन डॉ मिथिलेश, जनरल फिजीशियन एवं आईसीयू इंचार्ज डॉक्टर सुरुचि बोएज व जनरल फिजिशियन डॉक्टर अमित मिश्रा रोगियों की जांच करेंगे।

खासकर हृदय रोगियों की जांच हृदय रोग के देश के प्रख्यात एवं विशेषज्ञ डॉक्टर चर्चिल करेंगे। आशी लाइफ हॉस्पिटल के उपनिदेशक अमितेश पांडेय ने बताया कि आशी लाइफ केयर हॉस्पिटल पलामू के रोगियों की सेवा के लिए स्थापित हुआ है। साथ ही अपने स्थापना काल से लेकर आज तक इसी में सक्रिय है और आगे भी रहेगा। बता दें कि पलामू जिले में आशी लाइफ केयर हॉस्पिटल में इमरजेंसी की सभी सुविधाएं उपलब्ध है। चाहे वह एक्सीडेंटल हो, हृदय रोग हो या ब्रेन हेमरेज, इन सभी का तत्काल इलाज यहां होता है। यहां से मरीज शत-प्रतिशत ठीक होकर अपने घर जाते हैं। यही कारण है कि बहुत कम दिन में ही इस हॉस्पिटल का दबदबा पूरे पलामू जिले में कायम हो गया है। यहां से मरीज ठीक होकर जाते हैं और इसका प्रचार-प्रसार वे खुद करते हैं।

### हेमंत सरकार में अपराधियों के निशाने पर हैं भाजपा कार्यकर्ता दीपक प्रकाश

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने शनिवार को राज्य सरकार पर कड़ा हमला बोला। प्रकाश अपराधियों के हमले में गंभीर रूप से घायल भाजपा कार्यकर्ता सुमित केसरी की मौत के बाद आक्रोश व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के बनते ही अपराधियों के द्वारा लगातार भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुमित केसरी के अलावा काशीनाथ महतो, जयवर्द्धन सिंह,प्रकाश यादव, रघुनाथ राय, सतीश सिंह, जीतराम मुंडा, गणेश दास, सुमित श्रीवास्तव, सूरज सिंह, मुकेश सोनी, संजू प्रधान, देबू तुरी, कमलदेव गिरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं की हत्या हेमंत सरकार में हुई है। उन्होंने कहा कि सबसे दुर्भाग्यजनक स्थिति यह है कि हत्या के आरोपित अपराधी पकड़े नहीं जा रहे। अपराधी खुलेआम घूम रहे और पुलिस प्रशासन चुपचाप दर्शक बना हुआ है।

### सुमित केशरी के आकस्मिक निधन पर अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन ने किया शोक प्रगट

# सुमित के हत्यारों का पकड़ा नहीं जाना दुर्भाग्यपूर्ण : ज्ञान शंकर



24 घंटे में अपराधी नहीं पकड़े गए तो करेंगे आंदोलन संजय पोद्दार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन ने सुमित केशरी के आकस्मिक निधन पर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है। वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने कहा कि घटना के 5 दिन बीते जाने के बावजूद अपराधियों को अभी तक प्रशासन गिरफ्तार नहीं कर पाई जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजयपोद्दार ने कहां आज राज्य में अपराधिक घटनाएं बढी है प्रशासन मौन है सरकार हाथ पर हाथ धरी बैठी है लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है राज्य में व्यपारी सुरक्षित नहीं है आए दिन व्यापारियों का दोहन हो रहा है सुमित केशरी के हत्यारे अब तक पुलिस के गिरफ्त से बाहर है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है अगर 24 घंटे में प्रशासन सुमित के हत्यारों को गिरफ्तार नहीं करती है तो वैश्य समाज आंदोलन करेगी प्रशासन सुमित के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करे वैश्य महासम्मेलन इस दुख की की घड़ी में सुमित केशरी के परिवार के साथ खड़ी है ईश्वर उनके आत्मा को शांति प्रदान करे और इस दुख की घड़ी में ईश्वर उसके परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें शोक प्रगट करने वालों में प्रदेश के अध्यक्ष ज्ञान शंकर महामंत्री संजय चौधरी राष्ट्रीय मंत्री प्रेम कटारुका डॉ विजय प्रकाश, ललित चौधरी ,डॉ दिलीप सोनी, बलिराम साहू ,संजय पोद्दार संजय जयसवाल कृष्ण अग्रवाल मनोज साहू नीरज कुमार कृष्णा साहू जनार्दन साह कौशल चौधरी शामिल है।

# तुपुदाना थाना प्रभारी पर लगा गंभीर आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** तुपुदाना थाना क्षेत्र के मिलन चौक स्थित माया रेसिडेंट में हुई चोरी के आरोप में वहां कार्यरत सुपरवाइजर विकास कुमार को तुपुदाना थाना प्रभारी मीरा सिंह ने थाने लायी और लगभग पांच घंटे तक पूछताछ करते हुए पिटाई की। पिटाई इस कदर की है कि दोनों पैर सूजे हुए हैं। पीड़ित विकास ने इसकी लिखित शिकायत रांची एसएसपी किशोर कौशल से की है। अपनी शिकायत में उसने बताया है कि फ्लैट में हुई चोरी की शक पर पुलिस ने उठाया। पूछताछ के बहाने घंटो मारपीट की। इसके बाद कागज पर हस्ताक्षर लेकर छोड़ा। इसके बाद भुक्तभोगी ने खुद के पैसे से इलाज कराया। विकास कुमार ने लिखा है कि मैं चतरा जिले का रहने वाला हूं। रांची के तुपुदाना इलाके के मिलन चौक स्थित माया रेसिडेंट में सुपरवाइजर का काम करता हूं। बीते 10 जनवरी को तुपुदाना थाना प्रभारी मीरा सिंह उसे फ्लैट में हुई चोरी के आरोप में तुपुदाना थाने ले गयीं। एक कमरे में बंद कर दिया था।जिसके बाद तुपुदाना थाना में पदस्थापित एएसआइ सुनील सिंह आधे घंटे बाद आये और थाना प्रभारी के ऑफिस में ले गए। वहां थाना प्रभारी मीरा सिंह और एएसआइ सुनील सिंह बेरहमी से पीटा। विकास कुमार ने बताया कि जब उसे छुड़ाने के लिए परिचित लोग आये तो उनके सामने भी बहुत पीटा गया। इसके बाद मुझे जबरदस्ती सिग्नेचर करने को कहा गया। मुझे अपना बयान उसी प्रकार देने के कहा गया जैसा मीरा सिंह ने बताया, हालांकि मैंने जब इनकार किया तो मुझे जेल भेजने की धमकी देने लगे।उन लोगों के डर से उनके अनुसार अपना बयान लिखा और सिग्नेचर कर दिया।

**एसएसपी किशोर कौशल का दिया गया शिकायत पत्रः** विकास ने मीडिया को बताया कि चोरी के आरोप में मुझे दस जनवरी थाने ले जाया गया। इसके बाद पूछताछ ने नाम पर पीटा गया। जब परिचित लोग थाने छुड़ाने आए तब भी उन लोगों के सामने पीटा गया। इसके बाद लगभग आठ बजे मुझे छोड़ दिया गया। चोट गहरी होने की वजह से मैंने सदर अस्पताल में इलाज कराया। उसने दैनिक भास्कर को शरीर में लगी चोट की तस्वीरें भी उपलब्ध करायी हैं।

**एसएसपी ने डीएसपी को जांच के दिए आदेशः** मामले पर संज्ञान लेते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने हटिया डीएसपी राजा मित्रा को जांच करने के आदेश दिए हैं। उनके नेतृत्व में मामले की जांच की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि यदि इस मामले में पुलिस पदाधिकारी दोषी पाये जाते हैं तो उन पर उचित कार्रवाई की जायेगी। इधर पीड़ति विकास ने बताया कि हटिया डीएसपी ने उससे मामले की जानकारी ली है।

### खोरठा को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान, प्रतिनिधित्व करेंगे सुजीत कुमार

**रांचीः** झारखंड खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद के सचिव सुजीत कुमार 21 एवं 22 जनवरी को मलेशिया में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय साहित्य संगोष्ठी में भाग लेंगे। भारत- मलेशिया सांस्कृतिक संबंध विषय पर इस संगोष्ठी का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय सांस्कृतिक केंद्र, भारतीय उच्च आयोग, कुआलालंपुर (मलेशिया) और साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन नई दिल्ली (भारत) के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। झारखंड के खोरठा साहित्य के लिए यह बड़ा सम्मान है। सुजीत कुमार संगोष्ठी में आदि धर्म से अन्य भारतीय धर्मों का उदय विषय पर शोध प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि वह 17 जनवरी को मलेशिया रवाना होंगे। वहां तीन दिनों तक संगोष्ठी को लेकर अपनी तैयारी को अंतिम रूप देंगे। उल्लेखनीय है कि सुजीत कुमार ने खोरठा साहित्य संस्कृति के उत्थान में अहम अहम भूमिका निभाई है।

# बच्चो के बौद्धिक विकास के लिए शैक्षणिक भ्रमण आवश्यक : ऋषभ गर्ग




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** छात्रों को अपने दैनिक जीवन की गतिविधियों के अलावा समय-समय पर बौद्धिक विकास हेतु अलग अलग ऐतिहासिक जगहों का भ्रमण करना चाहिए।उपरोक्त कड़ी में शनिवार को संत मरियम स्कूल के वर्ग दशवी के विद्यार्थी अपने शिक्षको के साथ कुल 200 लोगों की टीम शैक्षणिक भ्रमण हेतु रवाना हुए। शहर के ऊर्जावान सहायक पुलिस अधिक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री ऋषभ गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर सभी को रवाना किया। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ऋषभ गर्ग ने कहा कि विद्यार्थियों को घूमने से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। हम अलग अलग संस्कृति सभ्यता और स्थानों का अवलोकन करते हुए ढेर सारे ज्ञान प्राप्त कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि आप सबको इस भ्रमण में नालंदा जैसे यूनिवर्सिटी की ऐतिहासिक विरासत और वास्तविक स्थिति के बारे में जानने समझने का मौका मिलेगा वही बोधगया में भगवान बुद्ध के दिए गए मध्यम मार्ग के उपदेश , उनके दर्शन आपके जीवन में उपयोगी साबित होंगे। मौके पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा की शैक्षणिक भ्रमण पर जाने वाले सभी बच्चे इस भ्रमण के बाद तरोताजा महसूस करते हुए दुगनी ताकत और स्फूर्ति, ऊर्जा के साथ पूरे मनोयोग से एकाग्रचित होकर पढाई करे तभी आप सभी के लिए यह भ्रमण सही साबित होगा। आगे श्री देव ने कहा कि विभिन्न स्थानों का अवलोकन करने के पश्चात दिए हुए उपदेश, मेहनत संघर्ष को आप सभी जीवन में आत्मसात करें और लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर अनेक कीर्तिमान स्थापित करे। शैक्षणिक भ्रमण पर बच्चों के साथ रोहित सर ,रविंद्र सर, दीपक सर, सुमित सर, विकास सर ,शुभम पांडे सर ,सुधांशु सर, श्याम सर ,अर्जुन सर ,गौरव पांडे सर ,गौरव सर ,नीलाम मिस दीपशिखा मिस , पुस्पी मिस,पल्लवी मिस ,सोनाली मिस अलिशा मिस, पूजा मिस सुनिधि मिस, और रीना मिस शामिल है। मौके पर गणमान्य अतिथियों के साथ डीएसपी रीडर सुहैल खान उपस्थित थे।